राष्ट्रीय दैनिक

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित



# प्रात: किरण



हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran

11 अंडर-19 पेसर नमन तिवारी ने बुमराह से यॉर्कर डालना ...

इजरायल गाजा में शेष बचे हमास के ऑपरेटिव बटालियनों को खत्म ... 12

वर्ष : 11 | अंक : 270 | पटना, सोमवार , 12 फरवरी, 2024 | विक्रम संवत् 2080 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

**मौसम**

अधिकतम तापमान 31°C

न्यूनतम तापमान 25.0°C

| | |
|---|---|
| हां | 30% |
| नहीं | 50% |
| कह नहीं सकते | 10% |

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सोना | 59,340 |
| चांदी | 55,350 |
| सेंसेक्स | 63,327 |
| निफ्टी | 18,816 |

## संक्षिप्त खबरें

### भाजपा-आरएसएस नफरत फैला रहे हैं : राहुल

रायगढ़। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को आरोप लगाया कि भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ नफरत फैला रहे हैं जबकि प्यार इस देश के डीएनए में है। राहुल गांधी की अगुवाई में भारत जोड़ो न्याय यात्रा दो दिन के विराम के बाद रविवार को छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले में फिर से शुरू हुई। रायगढ़ के केवड़ाबाड़ी चौक पर एक सभा को संबोधित करते हुए गांधी ने कहा कि उनकी पार्टी भविष्य की पीढ़ी के लिए एक ऐसा हिंदुस्तान चाहती है जहां नफरत और हिंसा न हो। कांग्रेस सांसद ने दावा किया, वर्तमान में, देश के हर कोने में नफरत और हिंसा फैलाई जा रही है। कुछ लोग कहते हैं कि वे दूसरों को उनकी भाषा के आधार पर पसंद नहीं करते हैं जबकि कुछ लोग कहते हैं कि वे दूसरों को अन्य राज्यों से संबंधित होने के आधार पर पसंद नहीं करते हैं। ऐसे विचार देश को कमजोर करेंगे। गांधी ने आरोप लगाया, भारतीय जनता पार्टी और आरएसएस नफरत फैला रहे हैं, जबकि प्यार इस देश के डीएनए में है।

### क्या राम विरोधी ही कांग्रेस में रहेंगे : प्रमोद कृष्णम

संभल। कांग्रेस से निष्कासन के बाद आचार्य प्रमोद कृष्णम ने प्रेसवार्ता कर कहा कि क्या कांग्रेस में सिर्फ वही रह सकते हैं जो राम का अपमान करें। जो सनातन को मिटाने की बात करें। जो हिन्दुओं की आस्था को ठेस पहुंचाने का काम करें। राम और राष्ट्र पर समझौता नहीं किया जा सकता। आचार्य प्रमोद कृष्णम ने कहा कि निष्कासन बहुत छोटी चीज है। राम, राष्ट्रीय अस्मिता और सनातन पर कोई समझौता नहीं कर सकता। कांग्रेस ने मुझे मुक्ति देने का काम किया है। उन्होंने कहा कि कि मौजूदा विपक्ष नरेन्द्र मोदी से नफरत करते-करते भारत से नफरत करने लगा है। आचार्य प्रमोद कृष्णम ने पूछा कि क्या अयोध्या जाना और राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल होना पार्टी विरोधी है। क्या राम का नाम लेना पार्टी विरोधी है। कांग्रेस बताए कि पार्टी विरोधी गतिविधियां क्या थीं। क्या कल्कि धाम मंदिर का शिलान्यास कराना पार्टी विरोधी है। क्या प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलना पार्टी विरोधी है। कांग्रेस ने आचार्य प्रमोद कृष्णम को छः साल के लिए निष्कासित किया है।

### सैन्य थोइस एयरबेस पर घरेलू यात्री टर्मिनल बनाने की तैयारी

नई दिल्ली। चीन के साथ वास्तविक नियंत्रण रेखा के करीब लद्दाख के नुब्रा इलाके में थोइस सैन्य एयरबेस को अब नागरिक उड़ानों के लिए नया टर्मिनल भवन बनाने की तैयारी है। अभी तक इस रनवे का इस्तेमाल सशस्त्र बल सैन्य उड़ानों के लिए करते हैं लेकिन इसके बाद यहां से पूरे देश के आम नागरिकों के लिए हवाई कनेक्टिविटी उपलब्ध हो जाएगी। इस टर्मिनल भवन का निर्माण स्थानीय वास्तुकला, संस्कृति, कला और विरासत को देखते हुए आकर्षक तरीके से तैयार किया जाएगा। लद्दाख के नुब्रा क्षेत्र में थोइस एक छोटा सा गांव है, जहां मौजूद सैन्य हवाई पट्टी भारत और पाकिस्तान के बीच वास्तविक ग्राउंड पोजिशन लाइन के पास एक ग्लेशियर, हेलीपैड और युद्ध के मैदान सियाचिन तक आवाजाही को सक्षम बनाती है। थोईस जिला मुख्यालय से 25 किमी दूर है और यह सड़क आगे तुरतुक तक जाती है।

## सूबे में सियासी हलचल तेज, बहुमत के आंकड़ों तक पहुंचने के लिए पक्ष और विपक्ष में जोर आजमाइश जारी

# बिहार विधानमंडल का बजट सत्र : नीतीश सरकार का शक्ति परीक्षण आज

## जदयू का दावा : सभी विधायक एकजुट, आसानी से हासिल करेंगे बहुमत

प्रात : किरण संवाददाता





पटना। बिहार विधानमंडल का बजट सत्र सोमवार यानी आज से शुरू हो रहा है। सत्र के पहले दिन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बनी एनडीए सरकार को विधानसभा में बहुमत साबित करना है। नीतीश कुमार अपनी सरकार के लिए बहुमत पर वोटिंग का प्रस्ताव सदन में रखेंगे। सदन में शक्ति परीक्षण को लेकर सूबे में सियासी हलचल तेज है। पक्ष और विपक्ष दोनों ओर से बहुमत के दावे किये जा रहे हैं। फ्लोर टेस्ट से एक दिन पहले रविवार को दिन भर सियासी राजनीतिक गहमागहमी जारी रहा। सत्ता पक्ष का कहना है कि बहुमत का आंकड़ा हमारे पास काफी सहजता से है। हमारे सारे विधायक हमारे साथ हैं। वहीं विपक्ष खेला होने का दावा कर रहा। विपक्ष का दावा है कि सत्ता पक्ष के विधायक हमारे संपर्क में हैं। सियासी घमासान के बीच बैठकों का दौर चलता रहा। जदयू ने रविवार को अपने विधायक दल की बैठक बुलायी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने विधायकों को संबोधित किया। बिहार के विकास के लिए एकजुट रहने की बात कही। मंत्री विजय चौधरी के आवास पर जदयू की बैठक हुई। बैठक में कुछ विधायक अनुपस्थित रहे। राजनीतिक गलियारे में चर्चा ये है कि खेल शुरू हो चुका है। इस बीच रविवार की शाम नीतीश कुमार ने अपने विधायकों से कहा कि किसी को घबराने की जरूरत नहीं है। जेडीयू के सारे विधायक एकजुट हैं। नीतीश कुमार ने कहा कि विधायकों को सदन में एकजुट रहकर विपक्ष को जवाब देना है। मुख्यमंत्री ने अपने विधायकों से कहा कि फ्लोर टेस्ट के दौरान विपक्ष के लोग सदन में अव्यवस्था फैला सकते हैं लेकिन जेडीयू के विधायकों को कोई उत्तेजना नहीं दिखाना है। हमारे पास संख्या बल है और विश्वासमत हासिल करेंगे। उधर, जेडीयू की बैठक के बाद मंत्री विजय चौधरी ने कहा कि पार्टी के दो-तीन विधायक बैठक में नहीं पहुंचे लेकिन वे सब इजाजत लेकर गये हैं। उन्होंने अपने बाहर होने की जानकारी पार्टी को पहले ही दे दी थी। वे सब समय पर विधानसभा पहुंच जायेंगे। विजय चौधरी ने कहा कि सरकार के विश्वासमत जीतने में किसी तरह का कोई खतरा नहीं है। सोमवार को पहले सदन में मौजूदा अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाया जायेगा और फिर सरकार विश्वासमत हासिल करेगी। हालांकि मीडिया के बार बार पूछने के बावजूद विजय चौधरी ने उन विधायकों का नाम बताने से इंकार कर दिया जो बैठक में नहीं पहुंचे थे।

**बोधगया से पटना पहुंचे भाजपा विधायक:** शक्ति परीक्षण के एक दिन पहले बीजेपी के तमाम विधायकों को बोधगया से पटना लाया गया। भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच बीजेपी के तमाम विधायकों को तीन बस में लाया गया। बस के आगे 5 गाड़ी और बस के पीछे 32 गाड़ी और एक एम्बुलेंस साथ-साथ चल रहे थे। कुल 38 गाड़ियो के काफिले के साथ तीन बस को बोधगया से पटना लाया गया। बीजेपी के सभी विधायकों को आज शाम बस से डिप्टी सीएम विजय कुमार सिन्हा के आवास पर लाया गया। जहां आयोजित भोज में सभी बीजेपी विधायक शामिल होंगे। इस भोज में बीजेपी के वो तीन विधायक भी शामिल होंगे जो पिछली मिटिंग में शामिल नहीं हुए थे।

**तेजस्वी के आवास पर हुई महागठबंधन की बैठक:** दूसरी तरफ तेजस्वी यादव भी अपनी सरकार बनाने के लिए पूरी तरह से तैयार नजर आ रहे हैं। आज तेजस्वी आवास पर हुए वाम दलों और कांग्रेस विधायकों संग हुई बैठक में तेजस्वी यादव को गुट का नेता चुना गया है। राजद-कांग्रेस गुट का दावा है कि उनके पास बहुमत साबित करने के लिए विधायकों की पूरी लिस्ट तैयार है और नीतीश कुमार को फ्लोर टेस्ट पर जाने से पहले ही हमलोग अपना बहुमत साबित कर देंगे। बताते चलें कि कांग्रेस के सभी विधायक तेजस्वी यादव के आवास पर पहुंच चुके हैं। उनके रहने और खाने का यही प्रबंध किया गया है। सोमवार को वे राजद विधायकों के साथ फ्लोर टेस्ट में शामिल होंगे। तेजस्वी आवास पर कांग्रेस के वरीय नेता शकील अहमद खान ने कहा कि कल सारी चीजें साफ हो जाएंगे। इस देश में सामाजिक न्याय और आर्थिक न्याय की जरूरत है। महागठबंधन उसकी ही लड़ाई लड़ रहा है। जो लोग सामाजिक और आर्थिक न्याय को समझते हैं वह सभी विधायक हमारे साथ हैं। कांग्रेस के 16 विधायक हैदराबाद से पटना एयरपोर्ट पहुंचें। यहां से वह सीधे तेजस्वी यादव के आवास गए। यहां पर उनके ठहरने का इंतजाम किया गया है। लगभग दस दिन बाद तेलंगाना से वापस लौटे कांग्रेस विधायक संतोष मिश्रा का बड़ा दावा है कि भाजपा और जदयू के कई विधायक हैं संपर्क में। कल सदन के अंदर हम लोग अपनी ताकत दिखाएंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के सभी विधायक एकजुट हैं। यह सबसे मजबूती से इसमें उभर कर सामने आया है और हम सभी लोग इकट्ठे होकर वोट करेंगे।

**विधानसभा उपाध्यक्ष के निर्देशन में फ्लोर टेस्ट की वोटिंग:** विधानसभा अध्यक्ष के आसन से हटते ही विधानसभा उपाध्यक्ष महेश्वर हजारी अध्यक्ष के आसन पर चले जाएंगे। इसके बाद फ्लोर टेस्ट की कार्रवाई आरंभ होगी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अपनी सरकार के लिए बहुमत का प्रस्ताव सदन में पढ़ेंगे। इसके बाद विधानसभा उपाध्यक्ष द्वारा इस विषय पर वोटिंग करायी जाएगी। वोटिंग के फलाफल के बाद नेता प्रतिपक्ष और मुख्यमंत्री सदन को संबोधित करेंगे।

**बहुमत का आंकड़ा**

विधानसभा की कुल सीट-243
बहुमत के लिए चाहिए- 122
एनडीए के पास - 128
विपक्ष के पास- 115

### फ्लोर टेस्ट के पहले विधानसभा अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव

विधानसभा में एनडीए सरकार के फ्लोर टेस्ट पर होने वाले मतदान के पहले विधानसभा अध्यक्ष अवधबिहारी चौधरी को अध्यक्ष के आसन से हटाने के लिए अविश्वास प्रस्ताव लाया जाना है। यह काम सेंट्रल हाल में राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर के दोनों सदनों के संयुक्त संबोधन के बाद होगा। राज्यपाल के विदा होने के बाद जब विधानसभा अध्यक्ष सदन में आएंगे तब संसदीय कार्य मंत्री विधानसभा अध्यक्ष को पदमुक्त किए जाने का प्रस्ताव पढ़ेंगे। उसके बाद सत्ता पक्ष के सदस्य इसके समर्थन में अपनी सीट पर खड़े हो जाएंगे। विधानसभा अध्यक्ष को पदमुक्त किए जाने का प्रस्ताव विधानसभा सचिव द्वारा पढ़ा जाएगा और फिर विधानसभा अध्यक्ष को अपनी कुर्सी से हटना पड़ेगा।

# रास चुनाव : भाजपा ने 14 उम्मीदवारों की सूची जारी की

## बिहार से भीम सिंह व डॉ धर्मशीला गुप्ता को मौका

प्रात : किरण संवाददाता



पटना। लोकसभा चुनाव से पहले राज्य सभा की खाली सीटों को भरने की कवायद शुरू हो चुकी है। भाजपा ने उत्तर प्रदेश, बिहार, उत्तराखंड, कर्नाटक और पश्चिम बंगाल के लिए उम्मीदवारों की सूची जारी कर दी है। पार्टी मुख्यालय की तरफ से जारी सूची के मुताबिक बिहार की दो राज्यसभा सीटों पर पार्टी के प्रत्याशी अपनी किस्मत आजमाएंगे, जबकि छत्तीसगढ़, हरियाणा और कर्नाटक, उत्तराखंड और पश्चिम बंगाल में एक-एक सीटों पर भाजपा प्रत्याशी अपने भाग्य आजमाएंगे। भाजपा महासचिव अरुण सिंह ने पार्टी के राज्यसभा उम्मीदवारों की सूची जारी की है। बिहार से डॉ धर्मशीला गुप्ता और डॉ भीम सिंह द्विवार्षिक राज्यसभा चुनाव 2024 में अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। कुल 14 उम्मीदवारों की इस सूची में छत्तीसगढ़ से राजा देवेंद्र प्रताप सिंह को भाजपा का प्रतिनिधित्व करने का अवसर दिया जा रहा है। हरियाणा की राज्यसभा सीट से सुभाष बराला, जबकि कर्नाटक की सीट से नारायणा कृष्णासा भांडगे भाजपा प्रत्याशी होंगे। उत्तराखंड से महेंद्र भट्ट को प्रत्याशी बनाया गया है। पश्चिम बंगाल से भाजपा ने सामिक भट्टाचार्य को मौका दिया है। उत्तर प्रदेश की राज्यसभा सीटों पर भाजपा ने पांच पुरुष उम्मीदवार जबकि दो महिला नेत्रियों पर भरोसा जताया है। कभी केंद्रीय मंत्री और कांग्रेस के स्टार प्रचारकों में शामिल रहे आरपीएन सिंह ने लगभग दो साल पहले भाजपा का दामन थामा था। इस बार पार्टी ने उन्हें राज्यसभा उम्मीदवार बनाया है। डॉ सुधांशु त्रिवेदी एक बार फिर से किस्मत आजमाएंगे। सुधांशु वर्तमान में भी उच्च सदन के सदस्य हैं। राज्यसभा में प्रतिनिधित्व करने के लिए भाजपा ने चौधरी तेजवीर सिंह को भी प्रत्याशी बनाया है। इसके अलावा अमरपाल मौर्य और नवीन जैन को भी प्रत्याशी बनाया गया है। महिला नेताओं में भाजपा ने साधना सिंह और डॉ संगीता बलवंत को प्रत्याशी बनाया है। उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार की कैबिनेट में मंत्री के रूप में सेवाएं दे चुकीं डॉ संगीता को अब संसद के उच्च सदन में भाजपा की बुलंद आवाज बनने का सुनहरा मौका मिल रहा है।

# तेजस्वी के आवास पर आनंद लेते नजर आए महागठबंधन के विधायक

प्रात : किरण संवाददाता



पटना। बिहार में फ्लोर टेस्ट से पहले महागठबंधन के विधायकों को तेजस्वी यादव के पटना स्थित आवास पर फुर्सत के पलों का आनंद लेते हुए देखा गया। यहां पर वह अपने मनोरंजन के लिए म्यूजिकल इंस्ट्रूमेंट्स पर गाने गाते नजर आए। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। जिसमें राजद और लेफ्ट विधायक गिटार पर गाना गाते नजर आए। वहीं राजद विधायक और सांसद महबूब अली कैसर के बेटे यूसुफ सलाउद्दीन को तेजस्वी यादव के साथ बैठे और गिटार बजाते देखा गया। यूसुफ मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को एक स्पष्ट संदेश में ह्मना छेड़ो हमें, हम सताए हुए हैं, बहुत जख्म सीने पे, खाए हुए हैं गाना गाते नजर आए। ज्ञात हो की बीते दिनों नीतीश कुमार ने राजद का साथ छोड़कर भाजपा के साथ बिहार में सरकार बनाई थी। राजद के विधायक और वाम दलों के नेता शनिवार शाम से ही पटना के 5 देशरत्न मार्ग स्थित तेजस्वी यादव के आवास पर रुके हुए हैं। पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के आवास पर राजद ने विधायकों के लिए विशेष व्यंजन बनवाये हैं। विधायकों के सोमवार सुबह तक तेजस्वी के आवास पर रहने की संभावना है। वह वहां से सीधे फ्लोर टेस्ट के लिए बिहार विधानसभा जाएंगे। बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि फ्लोर टेस्ट से तेजस्वी यादव डरे हुए हैं और उन्हें अपने ही विधायकों पर भरोसा नहीं है। उन्हें लगता है कि उनके विधायक उन्हें छोड़ देंगे और इसीलिए उन्होंने उन्हें अपने आवास पर नजरबंद कर दिया है। तेजस्वी वंशवादी राजनीति में विश्वास करते हैं। अपने ही विधायकों के साथ बंधुआ मजदूरों जैसा व्यवहार करने की मानसिकता रखते हैं। उन्हें अपने विधायकों का सम्मान करना चाहिए जैसा कि भाजपा करती है। भाजपा अपने सभी 78 विधायकों को दो दिवसीय वर्कशॉप के लिए बोधगया ले गई है, जबकि जद-यू 12 फरवरी को महत्वपूर्ण फ्लोर टेस्ट से पहले अपने सभी 45 विधायकों को बरकरार रखने के लिए सभी प्रयास कर रही है।

### किसानों ने पूंजीपतियों को खेती बेचने के मोदी के सपने को तोड़ा : खड़गे

लुधियाना। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने पंजाब के किसानों को बधाई देते हुए कहा है कि उन्होंने खेती बाड़ी को चंद पूंजीपतियों के हवाले करने की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की योजना पर पानी फेरा है और मोदी सरकार को कृषि विरोधी तीनों कानून वापस करने के लिए बाध्य किया है। श्री खड़गे ने यहां समराला में किसानों को संबोधित करते हुए कहा,मैं पंजाब के किसानों को बधाई देता हूं जिन्होंने तीन काले कृषि कानूनों के खिलाफ लड़ाई शुरू की। एक तय तरीके से किसानों को खत्म करने की साज़िश रची जा रही है। देश के किसानों की खेती को चंद कारपोरेट्स के हवाले करने का प्लान तैयार था।

# फ्लोर टेस्ट से पहले सूबे में सियासी गहमागहमी तेज, बैठकों का दौर जारी

प्रात : किरण संवाददाता



पटना। बिहार विधानसभा में सोमवार को होने वाले नीतीश सरकार के बहुमत परीक्षण से दो दिन पहले शनिवार को माहौल पूरा गरमाया रहा। सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच बहुमत के जरूरी आंकड़ों तक पहुंचने की होड़ है। अपने विधायकों को सहेजने के अलावा दूसरे दलों के नाराज विधायकों पर डोरे डाले जा रहे हैं। विधायकों को एकजुट करने लेकर सभी पार्टियों में डर देखने को मिल रहा है। रविवार को दिन पर सियासी गहमागहमी जारी रहा। सभी दल अपने कुनबो को सहेजने में जुटे रहें। सियासी गहमागहमी के बीच कांग्रेस विधायक हैदराबाद से देर शाम पटना आकर नजरबंद रहें। राजद ने अपने विधायकों को तेजस्वी आवास में नजरबंद रखा है। भाजपा विधायक बोधगया से ज्ञान का पाठ पढ़कर पटना वापस लौटे। इधर,जदयू पटना में बैठक के बहाने अपने विधायकों को एकजुटता का पाठ पढ़ाया। हैदराबाद से पटना पहुंचे कांग्रेस विधाय : सियासी गहमागहमी के बीच देर शाम कांग्रेस के सभी विधायक भी हैदराबाद से चार्टर प्लेन पर सवार होकर पटना एयरपोर्ट पहुंच गये। पटना एयरपोर्ट पर पहुंचने के बाद सभी तेजस्वी यादव के आवास के लिए रवाना हुए। कांग्रेस के सभी विधायकों को तेजस्वी यादव के आवास पर रखा गया है। जो पटना पहुंचकर तेजस्वी यादव के आवास पर रुकेंगे। कांग्रेस के सभी विधायक तेजस्वी यादव के आवास पर पहुंच चुके हैं। उनके रहने और खाने का यही प्रबंध किया गया है। कल वो राजद विधायकों के साथ फ्लोर टेस्ट में शामिल होंगे। बिहार कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अखिलेख सिंह ने कहा कि कांग्रेस जब ब्रिटिश हुकुमत से नहीं डरी तो इस झूठिया सरकार से कैसे डरेगी। फ्लोर टेस्ट में बहुमत जो साबित करेगा, वह सरकार चलाएगा और सरकार का मुखिया होगा। तेजस्वी आवास पर कांग्रेस के वरीय नेता शकील अहमद खान ने कहा कि कल सारी चीजें साफ हो जाएंगे। इस देश में सामाजिक न्याय और आर्थिक न्याय की जरूरत है। महागठबंधन उसकी ही लड़ाई लड़ रहा है।

**जदयू ने व्हिप जारी किया :** सीएम नीतीश कुमार की पार्टी जनता दल यूनाईटेड की ओर से व्हिप जारी कर दिया गया है। जदयू की ओर से कहा गया है कि एनडीए की नई सरकारविश्वास मत हासिल करने के दौरान पार्टी के सभी विधायकों की उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए व्हिप जारी किया गया है। ।

**तेजस्वी आवास के बाहर गहमा-गहमी:** पांच देशरत्न मार्ग स्थित तेजस्वी यादव के आवास के बाहर आज सुबह भी गहमा-गहमी है। अहले सुबह ही काफी मात्रा में फल-सब्जियां मंगवाई गई। विधायकों के नाश्ता करवाया गया है। अब भोजन की तैयारी चल रही है। करीब सौ लोगों के लिए मीठापुर मंडी से सब्जी और बाजार समिति से फल मंगवाए गए हैं। विधायकों को किसी तरह की कोई दिक्कत न हो, इसकी तैयारी खुद तेजस्वी यादव देख रहे हैं। तेजस्वी यादव के आवास से वायरल हो रहा है। फ्लोर टेस्ट के दौरान विधानसभा में बहुमत साबित करने की जद्दोजदह के बीच तेजस्वी यादव और उनके विधायक काफी रिलैक्स नजर आ रहे हैं।

**बोधगया से पटना पहुंचे बीजेपी के तमाम विधायक:** बोधगया से बीजेपी के तमाम विधायक तीन बस में सवार होकर बीजेपी विधायक सीधे डिप्टी सीएम विजय सिन्हा के आवास पर पहुंचे । पटना पहुंचने पर इन विधायकों का स्वागत किया गया। जानकारी के मुताबिक बोधगया के दो होटल में रखे गए भाजपा विधायकों को बाहर जाने पर रोक लगा दी गई थी। सभी विधायकों को एक जगह रहने का निर्देश दिया गया था। वहीं होटल के कैंपस में किसी भी मीडिया कर्मियों को अंदर जाने पर प्रतिबंध लगा दिया गया था।

### लेखिका डॉ उषा किरण खान का निधन, शोक की लहर



पटना। पद्मश्री से सम्मानित हिंदी और मैथिली साहित्य की सुप्रसिद्ध लेखिका डॉ उषा किरण खान का निधन हो गया। उनकी पिछले कुछ दिनों से बीमार थीं। अस्पताल में उन्होंने अंतिम सांस ली। उनके निधन की खबर से मिथिलांचल समेत पूरे बिहार में शोक की लहर है। उन्हें उत्तर प्रदेश हिंदी संस्थान के सर्वोच्च साहित्य सम्मान भारत-भारती से नवाजा गया था।

**मुख्यमंत्री ने जताया शोक, कहा- अपूरणीय क्षति:** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने प्रसिद्ध साहित्यकार डॉ. उषा किरण खान के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने अपने शोक संदेश में कहा कि स्व. डॉ. उषा किरण खान प्रसिद्ध साहित्यकार एवं लेखिका थीं। उन्होंने हिन्दी एवं मैथिली साहित्य में कई उपन्यासों, कथाओं की रचना की थी। डॉ. उषा किरण खान को पद्मश्री तथा साहित्य अकादमी पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। डॉ. उषा किरण खान के निधन से हिन्दी एवं मैथिली साहित्य जगत को अपूरणीय क्षति हुयी है। मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की चिर शांति तथा उनके परिजनों को दुख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है। निधन पर राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद,पूर्व सीएम राबड़ी देवी और पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने शोक संवेदना प्रकट की है।

# स्पीकर को हटाने के लिए 122 का जादुई आंकड़ा दिखाएं : मनोज

प्रात : किरण



पटना/एजेंसी। विश्वासमत से पहले राजद सांसद मनोज झा ने सीधे तौर पर चुनौती देते हुए कहा कि सरकार फ्लोर टेस्ट से पहले स्पीकर को हटाकर दिखाएं। स्पीकर को हटाने के लिए 122 का आंकड़ा चाहिए। पहले ये नंबर लेकर आए। साथ ही सत्ता पक्ष के सभी दलों से विधानसभा अध्यक्ष को हटाने पर सुप्रीम कोर्ट के फैसलों का उदाहरण पढ़ने को कहा है। यह उदाहरण अरुणाचल और महाराष्ट्र का है, जिसमें विधानसभा अध्यक्ष को हटाने के लिए न्यूनतम विधायकों की संख्या का जिक्र किया गया है। मनोज झा ने कहा कि 12 तारीख को विधानसभा अध्यक्ष को हटाने की समूची कार्यवाही सुप्रीम कोर्ट के आये फैसलों के दायरे में हो। ताकि न्याय हो। सांसद झा ने इस प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान भारतीय संविधान के आर्टिकल 179 का जिक्र किया, जिममें विधानसभा अध्यक्ष को हटाने की प्रक्रिया की बात कही गयी है। श्री झा ने इशारे-इशारे में करेंसी पर छपे गांधी और हे राम वाली गांधी की अलग अलग व्याख्या कर डाली। उन्होंने कहा कि मैं गांधी वादियों से पूछना चाहता हूं कि वे कौन से गांधी को पसंद करते हैं। करेंसी पर छपे गांधी को या हे राम वाले गांधी को। अगर आप लोगों का करेंसी वाले गांधी के प्रति सम्मान है तो आप वही करेंगे जो करते आये हैं।

## संबोधन

### पीएम ने आदिवासी बहुल झाबुआ में जनजातीय सम्मेलन को किया संबोधित

# लोकसभा चुनाव में भाजपा 370 की संख्या पार करेगी : मोदी

प्रात : किरण



झाबुआ/एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि उन्हें विश्वास है कि भारतीय जनता पार्टी आगामी लोकसभा चुनाव में 370 सीट का आंकड़ा पार कर जाएगी और इतना ही नहीं, संसद में विपक्षी नेता भी कह रहे हैं कि सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन को 400 से अधिक सीट मिलेंगी। प्रधानमंत्री मोदी मध्य प्रदेश में 7,550 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करने के बाद झाबुआ जिले में आदिवासी समुदाय के सदस्यों की एक जनसभा संबोधित कर रहे थे। प्रधानमंत्री ने मतदाताओं से आगामी चुनाव में भाजपा को लोकसभा की 543 में से 370 सीट जीताने के लिए पिछले तीन चुनावों में प्रत्येक बूथ पर पार्टी को मिले सबसे अधिक मत की तुलना में 370 अतिरिक्त वोट सुनिश्चित करने को कहा। प्रधानमंत्री ने कहा कि इतना ही नहीं संसद में विपक्षी नेता भी अब राजग के लिए अबकी बार 400 पार बात कह रहे हैं। मोदी ने कहा, मुझे यकीन है कि भाजपा का कमल चुनाव चिह्न निश्चित रूप से अपने दम पर 370 का आंकड़ा पार कर जाएगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि वह लोकसभा चुनाव को लेकर प्रचार करने के लिए झाबुआ नहीं आए हैं, बल्कि हालिया विधानसभा चुनावों में मध्य प्रदेश में मिले जबरदस्त समर्थन के लिए लोगों को धन्यवाद देने के खातिर एक सेवक के रूप में आए हैं। भाजपा ने हाल ही में मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ के विधानसभा चुनावों में प्रचंड बहुमत से जीत हासिल की है। जनसभा को संबोधित करने से पहले शुरू की गई 7,550 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा, हमारी डबल इंजन सरकार मध्य प्रदेश में दोगुनी गति से काम कर रही है। लंबे समय तक गरीबों, किसानों और आदिवासियों की अनदेखी करने को लेकर प्रधानमंत्री ने विपक्षी कांग्रेस पर निशाना साधा। उन्होंने कहा, कांग्रेस को केवल चुनाव के समय ही गांव, गरीब और किसान याद आते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा, कांग्रेस जब सत्ता में रहती है तो लोगों को लूटने का काम करती है और जब सत्ता से बाहर होती है तो लोगों को लड़वाने का काम करती है। लूट और फूट कांग्रेस का ऑक्सीजन है। उन्होंने कहा, हमने वोट के लिए नहीं, बल्कि आदिवासियों के स्वास्थ्य को लेकर सिकल सेल एनीमिया के खिलाफ अभियान शुरू किया है। केंद्र ने पिछले साल राष्ट्रीय सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन 2047 शुरू किया था, जिसका उद्देश्य, विशेष रूप से आदिवासी आबादी के बीच सिकल सेल रोग से उत्पन्न गंभीर स्वास्थ्य चुनौतियों का समाधान करना है।

## संक्षिप्त खबरें

### लोडेड देशी कट्टा और दो कारतूस के साथ गिरफ्तार

फतुहा। बीते शनिवार को पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) के निर्देश पर डीएसपी शियाराम यादव के नेतृत्व में थानाध्यक्ष रूपक कुमार अंबुज द्वारा टीम गठित कर थाना क्षेत्र के खोखना गांव में एक कांड छापेमारी के दौरान पुलिस को देखकर भागते हुए एक व्यक्ति को खदेड़कर पकड़ा गया। इस व्यक्ति की तलाशी के दौरान पुलिस ने एक लोडेड देशी कट्टा और दो कारतूस बरामद किया है। व्यक्ति का नाम नवीन कुमार ग्राम खोखना, थाना फतुहा बताया जा रहा है। इस घटना में पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज अभियुक्त का अपराधिक रिकॉर्ड खंगाल रही है।

### चोरी के बाइक के साथ दो गिरफ्तार

फतुहा। बीते शनिवार को फतुहा पुलिस अनुमंडल अंतर्गत दीदारगंज थाना क्षेत्र में पुलिस उपाधीक्षक के निर्देश पर दीदारगंज थानाध्यक्ष मिथलेश कुमार के नेतृत्व में सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। जिसमें चेकपोस्ट के पास एक बाइक पर सवार दो युवक भागने लगा जिसे पुलिस ने संदेह पर पकड़ लिया और जांच करने पर पाया कि आर15 बाइक में लगा नंबर प्लेट किसी स्कूटी का है और दोनों युवक बाइक का नंबर प्लेट बदल कर खरीद-बिक्री करता है। दोनों गिरफ्तार युवक का नाम सूरज कुमार ग्राम सुकुलपुर, थाना दीदारगंज है। पुलिस द्वारा इस संबंध में प्राथमिकी दर्ज इस गिरोह के अन्य सदस्यों की पहचान हेतु छानबीन की जा रही है।

### पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि मनाई गई

दानापुर। नगर के अंतर्गत रविवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि तकियापर पर स्थित आमंत्रण हाल में मनाया गया। कार्यकताओं ने उपाध्याय के तैल चित्र पर पुष्प अर्पित कर, उनके जीवन पर प्रकाश डाला। उसके बाद घर घर जाकर भाजपा कार्यकताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यो को बताया। पाटलिपुत्र लोकसभा प्रभारी कृष्ण मोहन शर्मा ने कहा कि पीएम मोदी ने भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का काम किया है। मौके पर जिला मीडिया प्रभारी अमरेश सिंह, ब्रजेश सिंह, आलोक रंजन, रवि भूषण उर्फ बेला यादव, जीवन कुमार सहित अन्य कार्यकर्ता थे।

### जीआरपी थाना में पुराने थानाध्यक्ष की विदाई

फतुहा। रविवार को जीआरपी कार्यालय में समारोह पूर्वक थानाध्यक्ष भरत उरांव के स्थानांतरण पर माला पहनाकर एवं अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। वहीं समारोह में ही थानाध्यक्ष गनौरी दास के पदभार ग्रहण करने पर माला पहनाकर एवं अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। विदाई समारोह में भरत उरांव ने सभी को धन्यवाद दिया और कहा कि सभी सहयोगियों के साथ फतुहा जीआरपी में कार्य करने का साकारात्मक अनुभव मिला जो यादगार रहा। मौके पर आरपीएफ इंस्पेक्टर विनोद कुमार विश्वकर्मा, स्टेशन मास्टर रंजीत सिंह, बख्तियारपुर विधायक प्रतिनिधि महेंद्र सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### गुलजारबाग स्टेशन के प्लेटफार्म से 18 लीटर बीयर जब्त

पटना सिटी (प्राकि)। गुलजारबाग स्टेशन के जीआरपी पुलिस ने प्लेटफार्म संख्या दो-तीन पर रहे लावारिस पिट्ठू बैग बरामद किया। इस संबंध में जीआरपी थानाध्यक्ष मंजू लता सिंह ने बताया कि कुछ देर पहले पुरी-पटना एक्सप्रेस गुजरी थी। उसके बाद झाझा-पटना सवारी गाड़ी प्लेटफार्म से खुली थी। इस दौरान प्राअनि भूपेंद्र कुमार भारती प्लेटफार्म पर जांच अभियान चला रहे थे। इसी दौरान प्लेटफार्म संख्या दो और तीन के यात्री शेड के नीचे एक पिट्ठू बैग रखा था। उसे पर शंका होने के बाद जब पूछा गया, तो कोई अपना नहीं बता रहा था। जब उस बैग को खोल जांच किया गया, तो उसमें से 36 केन 500 एमएल का बीयर यानी कुल 18 लीटर बीयर जब्त किया गया। इस ओनली सेल इन उड़ीसा लिखा था। इसका कोई भी दावा स्टेशन पर मौजूद नहीं कर पा रहा था। इसे जब्त करते हुए अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

### मतदान केंद्रों पर बीएलओ ने लिया आवेदन

पटना सिटी (प्राकि)। पटना साहिब विधानसभा क्षेत्र के 344 मतदान केंद्रों पर नए मतदाताओं के नाम जोड़ने, विलोपित करने और संशोधित करने का आवेदन रविवार को लिया गया। मतदान केंद्र पर तैनात बूथ लेवल अफसरों ने आवेदन लिया। एसडीओ गुंजन सिंह ने बताया कि कुछ मतदान केंद्रों पर निरीक्षण में अनुपस्थित पाए गए बीएलओ से कारणपृच्छा किया जाएगा। डीएम शीर्षत कपिल अशोक के निर्देश पर यह अभियान 18 फरवरी को भी चलेगा।

# रंगदारी व बम विस्फोट की घटना में पेशेवर चार अपराधियों की हुई गिरफ्तारी

**31 जनवरी को बिल्डर के स्टाफ से रंगदारी मांग किया था बम विस्फोट**

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता



बहादुरपुर थाना क्षेत्र के बाजार समिति के सटे बिल्डर के कंस्ट्रक्शन साइट के बाउंड्री वॉल पर बम फेंकने की घटना 31 जनवरी को हुई थी। इस घटना से संबंधित मामले में बिल्डर के द्वारा कहा गया था कि उसके स्टाफ को कॉल कर 20 लाख रुपए की रंगदारी मांगी गई थी। इसके अलावा डराने-धमकाने के उद्देश्य से अपराधियों के द्वारा बम विस्फोट की घटना भी किया गया था। इस संबंध में 31 जनवरी को कांड संख्या 49/24 दर्ज किया गया। इसके बाद अनुसंधान शुरू कर दिया गया। इस संबंध में सिटी एसपी ने भरत मणि ने रविवार को प्रेस वार्ता के दौरान कहा कि घटना घटित होने के बाद पुलिस ने इसे चुनौती के रूप में लिया। इसके बाद घटना में शामिल अपराधियों की पहचान की गई और उन सबों की गिरफ्तारी के लिए प्रयास किया गया। इसके बाद इस कांड का उद्भेन और इसमें शामिल अपराधियों की पहचान कर गिरफ्तारी की गई। प्रेस मीडिया से बातचीत के दौरान एएसपी शरथ आरएस भी मौजूद थे। इस दौरान शेखपुरा जिला के नगर थाना क्षेत्र के पैन का रहने वाला स्वरांश उर्फ कुमार अनुभव उर्फ अभिनव उर्फ गुड्डू पिता राजीव सिंह, बेगूसराय जिला के साम्हो थाना क्षेत्र के साम्हो का रहने वाला अभिषेक कुमार पिता जगदीश राय उर्फ झूना राय, नालंदा जिला के सारे थाना क्षेत्र के खेतलपुरा बरबीघा का रहने वाला मनीष कुमार उर्फ दुर्गेश उर्फ ननकी पिता अंजनी सिंह और पटना जिला के बहादुरपुर थाना क्षेत्र के बहादुरपुर का रहने वाला रोहित कुमार उर्फ छोटू पिता फेकन सिंह को गिरफ्तार किया गया है। स्वरांश के ऊपर फिलहाल पांच मामला दर्ज है। इसमें बहादुरपुर में तीन, गांधी मैदान में एक और शेखपुरा नगर थाना में एक मामला दर्ज है। वहीं अभिषेक के खिलाफ बेगूसराय में दो मामला दर्ज है। इस मामले के उद्भेदन में पुलिस निरीक्षक सह बहादुरपुर थानाध्यक्ष पूर्णेन्दु कुमार, पुनि संतोष कुमार, परीक्ष्यमान पुअनि राजू कुमार, सअनि संजीव कुमार, हवलदार आमोद कुमार राय, सिपाही सुरेंद्र कुमार दास, संतोष कुमार, संजय कुमार और विपिन बिहारी शामिल थे।

# अंधेरा या कम रोशनी में मोबाइल चलाने से दृष्टि दोष व मोतियाबिंद



● निःशुल्क नेत्र जांच शिविर में अधिकांश मामले ऐसा ही

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

सुल्तानगंज के वार्ड संख्या 51 के टेकारी रोड स्थित निलेश्वर महादेव मंदिर में जनता सेवा मंडल के द्वारा आंख जांच शिविर का आयोजन किया गया। शंकर ज्योति नेत्रालय, अरविन्द आई हास्पीटल, मदुरै के द्वारा प्रशिक्षित चिकित्सक के द्वारा निःशुल्क नेत्र जांच का शिविर लगाया गया। इसमें आंख से संबंधित बीमारियों की जांच में मोतियाबिंद, कमजोर नजर, पुतली के रोग, भैंगापन, कालापानी, ग्लूकोमा, रात्रि नेत्र दोष, विट्रो रेटिना, सर्जरी, न्यूरो ऑप्थोनेलॉजी, पानी आना, नासुर होना, पलक का कम खुलना, नवजात एवं छोटे बच्चों के नेत्र रोग, आंख के परदे की जांच शिविर में आए बुजुर्ग, महिलाओं एवं बच्चों को रेटिना कंसलटेंट डॉ गौतम एवं डॉ समीक्षा ने आधुनिक कंप्यूटर के द्वारा किया गया। डॉक्टर का कहना था कि मरीजों की आंख जांच में दृष्टि दोष, आंख में पानी आने और मोतियाबिंद की शिकायत अधिक थी। दरअसल आजकल हर उम्र के लोगों, चाहे वह बच्चा, किशोर, युवा, अंधेड़ या बुजुर्ग हो, सभी अंधेरे या कम रोशनी में मोबाइल का इस्तेमाल करते हैं। इससे आंख पर जोर पड़ता है और मोबाइल की लाइट इनफ्लुक्लुएट कर परेशानी का कारण बनता है। छोटे बच्चों में भी यही कारण है कि उन्हें मोतियाबिंद जैसी बीमारी का सामना करना पड़ रहा है। शिविर में पेगटियरस एवं भेल ड्राप्स आंख में डाल कर जांचा गया। आंख से संबंधित परामर्श भी दिया गया। मोतियाबिंद आपरेशन कराने के लिए शंकर ज्योति नेत्रालय हॉस्पीटल में मुफ्त में होगा।

जांच शिविर में मेडिकल एडवाइजर रवि सिन्हा, सुरेश कुमार, आई कंप्यूटर गुड्डूकुमार, विजन तकनीशियन राजीव रंजन ने शिविर में अपनी सेवा दी। जनता सेवा मंडल, टेकारी रोड से कृष्णा यादव, सुधीर चंद्रवंशी, सूरज सिंह, पप्पू गोप, मुन्ना राउत, रोहित चौधरी, मनीष यादव, गुडडु आरिफ, राजेश कुमार, गणेश कुमार एवं उमेश कुमार ने सहयोग किया।

# आर्थिक एवं राजनीतिक सशक्तिकरण के लिए जीकेसी संकल्पित : राजीव रंजन प्रसाद

प्रात :किरण संवाददाता

पटना, ग्लोबल कायस्थ कॉन्फ्रेंस की प्रदेश कार्यसमिति की बैठक का उद्घाटन करते हुए ग्लोबल अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद ने कहा कि कायस्थों के सामाजिक आर्थिक एवं राजनीतिक सशक्तिकरण के लिए जीकेसी संकल्पित है। श्री प्रसाद ने कहा कि जीकेसी का वैश्विक सफर दो दर्जन से ज्यादा देशों एवं भारत के अधिकतर राज्यों तक पूरा होकर अन्य क्षेत्रों में विस्तार की ओर अग्रसर है।उन्होंने कहा कि अब रोजगार के अवसर बढ़ रहे हैं।नौकरियों के परंपरागत सोंच से अलग हटकर स्टार्टअप ,एमएसएमई एवं कुटीर उद्योगों की स्थापना के माध्यम से अनेक रोजगार सृजित करने की दिशा में हमें बढ़ना चाहिए।जीकेसी के विंग सीसीसीआई के माध्यम से हम तकनीकी परामर्श उपलब्ध करायेंगे।वहीं इस क्षेत्र में भारत सरकार एवं बिहार सरकार की उद्यमी योजनाओं का लाभ समाज ले,इसके लिए ज़िला इकाइयाँ सहयोग करेंगी। प्रबंध न्यासी श्रीमती रागिनी रंजन ने कहा कि जीकेसी ने कुछ कुटीर उद्योग पटना एवं मुजफ्फरपुर में स्थापित किए हैं।अन्य स्थानों पर भी स्थानीय इकाइयाँ इसके लिए प्रयत्नशील हैं।हमारे उत्पादों की मार्केटिंग के लिए बेहतर रणनीति बन रही है।वहीं गो ग्रीन अभियान भी पर्यावरण की चुनौतियों से निबटने में सहायक होगा।इस अवसर पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं प्रवक्ता कमल किशोर द्वारा संपादित मासिक ह्यकायस्थ समाचारह्व का विमोचन श्री राजीव रंजन प्रसाद द्वारा किया गया। हरियाणा प्रदेश जीकेसी की अध्यक्ष रजनी श्रीवास्तव ने संगठन के कार्यों में महिलाओं की सशक्त भागीदारी की प्रशंसा की। प्रदेश अध्यक्ष श्री दीपक अभिषेक ने कहा कि सदस्यता अभियान जोरदार तरीके से चलाने के लिए ज़िला प्रभारियों की नियुक्ति की जा रही है।संबोधन करने वाले वक्ताओं में प्रमुख थे श्रीमती रागिनी रंजन ।

# दवा खाने के बाद उल्टी या चक्कर आना समस्या नहीं, फाइलेरिया परजीवी के मरने का है एक शुभ संकेत

प्रात :किरण संवाददाता

पटना- राज्य के 24 जिलों में शनिवार यानी 10 फरवरी से एमडीए राउंड की शुरूआत की गयी है. एमडीए के पहले दिन कई जिलों से दवा सेवन के बाद बच्चों में उल्टी एवं दस्त की शिकायत आयी है. जिसके बाद स्वास्थ्य विभाग की स्थानीय एवं प्रखंड स्तरीय टीम के द्वारा त्वरित कार्यवाई करते हुए सभी बच्चों को जरुरी दवा एवं प्रबंधन किया गया है. किसी बच्चों में अधिक गंभीरता नहीं आयी है. सभी बच्चे अब स्वस्थ हैं. फाईलेरिया रोधी दवाएं गुणवत्ता एवं प्रभाव स्तर पर पूर्णता सुरक्षित है. डॉ. परमेश्वर प्रसाद, अपर निदेशक सह राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी, फाइलेरिया ने लोगों से अपील करते हुए कहा है कि जिन बच्चों में दवा सेवन के बाद उल्टी, चक्कर एवं सर दर्द जैसी शिकायत आयी है, उनके क्षेत्र में फाइलेरिया परजीवी का संक्रमण होने की पुष्टि होती है. इसे आसान शब्दों में समझें तो यह है कि दवा सेवन के बाद अगर किसी तरह की शारीरिक शिकायत होती है तो यह स्पष्ट होता है कि शरीर में पहले से फाइलेरिया के परजीवी मौजूद थे. दवा सेवन से परजीवी मरते हैं, जिसके कारण उल्टी, चक्कर या सर दर्द जैसे छोटी-मोटी शिकायत हो सकती है. अगर इसे दूसरे रूप में समझें तो यह एक शुभ संकेत है कि दवा फाइलेरिया परजीवी को मारने में असरदार साबित हो रही है. एक महत्वपूर्ण बात हमेशा याद रखें कि दवा का सेवन कभी भी खाली पेट नहीं करें. खाली पेट दवा सेवन करने से भी दवा का कुछ प्रतिकूल असर आता है. डॉ. प्रसाद ने कहा कि अभियान का सचिव स्वास्थ्य सह कार्यपालक निदेशक के स्तर से भी अनुश्रवण किया जा रहा है. सभी 24 जिलों में दवा सेवन की गतिविधियों की सघन निगरानी की जा रही है. उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग आपके बेहतर स्वास्थ्य के लिए हमेशा तत्पर है. गाँव से लेकर जिला स्तर पर स्वाथ्य कर्मी किसी भी तरह की समस्या से आपको बचाने के लिए तैयार हैं. आइये एक बार फिर एक जुट होकर दवा सेवन का संकल्प लें और फाइलेरिया को दूर भगाएं. डॉ. प्रसाद ने बताया कि एक बात याद रखें यदि फाइलेरिया के परजीवी शरीर में मौजूद हों और दवा का सेवन नहीं किया गया तो फाइलेरिया से संक्रमित होने की सम्भावना बनी रहेगी. यह परजीवी 5 से 10 साल के बाद भी आपको फाइलेरिया से ग्रसित कर सकते हैं. इसलिए हमें हर हाल में दवा सेवन खुद करना होगा और अपने परिजनों को भी कराना होगा. आपका दवा सेवन करना ही फाइलेरिया को आपके परिवार, समाज, राज्य एवं देश से दूर कर सकता है.

# सरस्वती पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक की गई



प्रात :किरण संवाददाता

दानापुर खगौल। रविवार को थाना के प्रांगण में सरस्वती पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक की गई बैठक में थाना प्रभारी सुनील कुमार ने कहा कि सरस्वती पूजा व मूर्ति बैठा कर पूजा करते हैं, तो उन लोगों को थाना में आवेदन देते हुए लाइसेंस लेना होगा। जो लोग बिना लाइसेंस के पूजा पंडाल में बैठायेंगे उन लोगों पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी पूजा पंडाल व मूर्ति विसर्जन मे डीजे पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। थाना प्रभारी सुनील कुमार ने बताया कि कोई असामाजिक तत्व पूजा में खलल पैदा करते हैं तो इसकी सूचना तत्काल प्रशासन को दे, ऐसे असामाजिक तत्वों पर पुलिस तुरंत कार्रवाई करेगी। नगर परिषद अध्यक्ष सुजीत कुमार ने बताया कि पूरे शहर में माइकिंग के द्वारा सभी को यह सूचना दी जाए कि किसी भी परिस्थिति में डीजे का प्रयोग ना करें एवं शांतिपूर्ण ढंग से पूजा को संपन्न करें। मौके पर, अपर थाना प्रभारी दिनेश कुमार सिंह ,एसआई सुभाष कुमार, गितेंद उपाध्याय , एकता कुमारी, महेंद्र कुमार सिंह, राहुल कुमार, पॉली गांगुली, मोहम्मद शहनवाज उर्फ रिंकू, रितेश कुमार उर्फ बिट्टू, अंशु कुमार, प्रसून कुमार, राज कुमार उर्फ लोथा, दीपक कुमार, सामाजिक कार्यकर्ता चंदू प्रिन्स सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

# पं दीनदयाल व स्व लखनलाल को किया याद

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता



भारतीय जनता पार्टी पटना साहिब लखन श्याम विद्रोही मंडल के द्वारा भारतीय जनसंघ के चिंतक एवं समर्पित संगठनकर्ता तथा भारतीय जनता पार्टी के प्रणेता रहे स्व पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं भाजपा के संगठनकर्ता स्व लखन लाल स्वर्णकार का स्मृति पर्व स्थानीय लोदीकटरा सामुदायिक भवन में मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संतोष विद्रोही ने किया। कार्यकताओं ने स्व पंडित दीनदयाल तथा स्व लखनलाल स्वर्णकार के तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर दोनों विभूतियों को श्रद्धांजलि दी। वक्ताओं में पूर्व पार्षद अवधेश कुमार सिन्हा, सुरेश सिंह पटेल, नगर निकाय प्रकोष्ठ सह पंचायती राज महानगर के संयोजक एवं पूर्व पार्षद धर्मेंद्र प्रसाद मुन्ना, राम लगन दास, अरशी अजीज, संजय कुमार सिन्हा, बलराम माथुरी ने दोनों महानुभावों के जीवन वृतांत एवं पार्टी के प्रति उनकी कर्मठता व निष्ठा का अनुसरण करने की प्रेरणा दी। धन्यवाद ज्ञापन महामंत्री मनोज चंद्रा ने किया। इस दौरान ओंकार आनंद, नैयर इकबाल, ओम निषाद, आजाद मेहता, मनोहर जी, अनुज कुमार सिन्हा, संजय कुमार गुप्ता, जवाहर प्रसाद, हरिकांत झा, राम प्रसाद दास, सूर्य देव नारायण, लालबाबू पासवान, केसर आलम, सुरेश पासवान, हैदर इमाम, मो इम्तियाज आलम, संजीव सहनी, गणेश साह, बबलू कुमार, शंकर तांती, कमलकांत शर्मा, तेज नारायण शर्मा, सुंदर यादव, राकेश प्रजापति, राकेश कुमार चौधरी, गौतम पांडेय, राजू दास, चंद्रिका प्रसाद सिंह मुखिया, धनवंती देवी एवं मंजू देवी मौजूद थीं। वार्ड 53 में गांव चलो अभियान भाजपा गायघाट मंडल के द्वारा वार्ड 53 में गांव चलो अभियान कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम भद्र घाट शक्ति केन्द्र, गायघाट शक्ति केन्द्र एवं गौरीशंकर शक्ति केन्द्र के बूथ स्तर पर विभिन्न बूथों पर हुआ। इसमें इन बूथों के विभिन्न क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को केन्द्र की विभिन्न योजनाओं के बारे अवगत कराने के साथ ही फीडबैक भी लिया गया। इन बूथों पर पार्टी के कार्यकताओं ने प्रवास किया। इस दौरान बूथों पर सांगठनिक चर्चा कर बूथ कमेटी मजबूत करने को कहा गया। साथ ही लोगों से मोबाइल में सरल ऐप व नमो ऐप डाउन लोड करने को भी कहा गया है।

# सेवा और समर्पण के प्रेणास्त्रोत है पंडित दीनदयाल उपाध्याय :अर्जुन गुप्ता

प्रात :किरण संवाददाता



पटना : अखिल भारतीय सामाजिक न्याय मोर्चा के पटना महानगर अध्यक्ष मुकेश चन्द्रवंशी की अध्यक्षता में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि मनाई गई जिसमें मुख्यरूप से मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अर्जुन गुप्ता मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रहलाद वर्मा मोर्चा के राष्ट्रीय महासचिव प्रीति पाठक राजकुमारी सिंह और भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश महामंत्री भारती सुमन उपस्थित थे कार्यक्रम को संबोधित करते हुये मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अर्जुन गुप्ता ने कहा की प्रखर राष्ट्रवादी और वंचितों के अधिकारों के रचनापुंज थे पंडित दीनदयाल उपाध्याय उनका जीवन राष्ट्रसेवा व समर्पण का विराट प्रतीक है। उनका मानना था कि कोई भी देश अपनी संस्कृति के मूल विचारों को भुलाकर प्रगति नहीं कर सकता। जब भी मानवता के कल्याण की बात होगी, पंडित दीनदयाल जी के एकात्म मानववाद और अंत्योदय के सिद्धांत सम्पूर्ण मानवजाति को ध्रुव तारे की तरह मार्गदर्शित करेंगे मौके पर प्रदेश महासचिव सुजीत कुमार अम्बिरेष शर्मा मधुरेंद्र गुप्ता प्रदेश सचिव कंचन कुमारी मीना तिवारी धनंजय कुमार राजीव रंजन भाजपा नेता मदन पंडित राजन कुमार स्वतंत्र संतोष गुप्ता सुरेश पंडित आशा देवी संजय कुमार प्रमोद कुमार आदि मौजूद थे

# वार्ड 69 के मथनी तल कसाईबाड़ा में उच्च प्रवाही बोरिंग जनता को समर्पित




पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

मथनीतल कसाईबाड़ा में उच्च प्रवाही बोरिंग का उद्‌घाटन महापौर श्रीमती सीता साहू के द्वारा किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वार्ड पार्षद मनोज मेहता ने किया। अतिथियों का स्वागत पूर्व पार्षद बबीता देवी ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व उपमहापौर रूपनारायण मेहता शामिल थे। शामिष हुए। महापौर, मुख्य अतिथि, पार्षद व पूर्व पार्षद ने मिलकर उच्च प्रवाही बोरिंग का उद्घाटन किया। लोगों को संबोधित करते हुए मेयर सीता साहू ने कहा, मथनीला का यह बोरिंग मनोज मेहता के प्रयास से ही संभव हो सका। इस बोरिंग के चालू हो जाने से वार्ड 69 के सभी मोहल्लेवासी को पानी का लाभ मिलेगा। कार्यक्रम में पूर्व उपमहापौर रूपनारायण मेहता ने मनोज मेहता के कार्य की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनका और सामाजिक कार्य के लिए जनता का प्रयास से ही यह उच्च प्रवाही बोरिंग हो सका है। अध्यक्षता करते पार्षद मनोज मेहता ने कहा कि आज वह जो भी हैं, वह जल ही जीवन है, के साथ शुरू किया था। वार्ड 69 की जनता ने हमारे कार्य को सराहा।धन्यवाद ज्ञापन देवरत्न प्रसाद ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अभय जयसवाल, पप्पू मेहता, डॉ भोला पासवान, सुरेश मेहता, दिलीप भारती, जानी मियां, सुरेश यादव, कुंदन मेहता, राजाराम प्रसाद, विजय कुमार, वीणा देवी, जितेन्द्र कुमार, मनोज पासवान, राजू केसरी, राजेश पासवान, अजीत कुमार, जितेंद्र कुमार आदि उपस्थित थे।

# गुरू गोविंद सिंह जी के पावन प्रकाश पर्व पर कीर्तन व लंगर शामिल हुए सैकड़ों लोग

प्रात :किरण संवाददाता

दानापुर खगौल। नगर के अंतर्गत न्यू कॉलोनी स्थित गुरुद्वारा में पावन प्रकाश पर्व गुरू गोविंद सिंह जी महाराज के 357वां प्रकाश वर्ष के अवसर पर पटना साहिब गुरूद्वारा द्वारा संचालित नगर के रेलवे न्यू कॉलोनी स्थित गुरूद्वारा में गुरूगोविंद सिंह सलाना उत्सव बड़े धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर अखंड पाठ व कीर्तन प्रवाह आयोजन के साथ नगर किर्तन कर भ्रमण किया गया। जानकारी देते हुए भाई धूरी सिंह, ग्रंथी रंजित सिंह ने बताया कि प्रबंधन कमिटी तख्त श्रीहरि मंदिर साहब संगतों के सहयोग से चलने वाले खगौल के इस गुरूद्वारे में विगत 9 जनवरी से अखंड पाठ व किर्तन आयोजित की गई है। रविवार को संख्या में लोग शामिल हो गुरूगोविंद सिंह के पद चिन्ह का दर्शन कर मत्था टेका व नगर कीर्तन भ्रमण किया। नगर किर्तन के दौरान सभी श्रद्धालु भजन कीर्तन में शामिल लोग वाहे गुरू का नारा व भजन गाते शामिल रहे। वहीं सम्मानित लोगों को सरोपा भेट किया गया। गुरू के दर्शन को लेकर स्थानीय लोग घर से बाहर निकले व उनके साथ गुरूद्वारा पहुंचे। पटना साहिब गुरूद्वारा कमिटी के निर्देश पर भव्य लंगर व प्रसाद वितरण किया गया जहां बड़ी संख्या में आस-पास के हजारों श्रद्धालु एक पंक्ति में बैठकर लंगर चखा। इस अवसर पर कई लोग बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया।

# एसजीजीसी सदर अस्पताल की समस्या को प्रधान सचिव से मिलेंगे

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता



श्री गुरु गोविंद सिंह सदर अस्पताल सुधार समिति की बैठक स्थानीय मानस पथ स्थित निजी स्कूल परिसर में रविवार को हुई। इसमें समिति के 26 फरवरी, 2017 को गठन उपरांत किए गए कार्यों एवं उपलब्धियों की समीक्षा की गई। बैठक में इस बात पर संतोष जाहिर किया गया कि समिति के प्रयास से अस्पताल को सदर अस्पताल का दर्जा मिला, 16 सितंबर, 2017 को आयोजित महाधरना में उठाए गए ब्लड बैंक की स्थापना, कतिपय विभागों में चिकित्सकों की प्रतिनियुक्ति, जेनेरिक दवाखाना खोलने, अल्ट्रासाउंड, एमआरआई की संस्थापना, 102 एवं 106 नंबर एंबुलेंस का परिचालन करने के साथ ही अन्य समस्याओं का निस्तारण एवं मांगों को पूरा किया गया। बैठक में अस्पताल की वर्तमान समस्याओं को ध्यान में रख शासन-प्रशासन को अस्पताल में कम से कम पांच बेड वाले आईसीयू की सेवा बहाल करने, डेंटल एक्स-रे की व्यवस्था, इलेक्ट्रॉनिक ड्यूटी बोर्ड को क्रियाशील रखने, आर्थोपेडिक विभाग में सप्ताह में एक दिन की बजाए छह दिन ओपीडी चलाने, ओपीडी में स्नायु एवं हृदय रोग से संबंधित चिकित्सकों की प्रतिनियुक्ति करने तथा वर्ष 2023 तक बने सभी राशन कार्ड को आयुष्मान योजना से जोड़ने आदि से संबंधित सुझाव दिए गए। यह भी तय हुआ कि अस्पताल प्रशासन से समस्याओं की जानकारी लेने के बाद सुधार समिति विभागीय प्रधान सचिव से मिलकर इस संबंध में ज्ञापन देगा तथा उनसे यथाशीघ्र निराकरण का अनुरोध करेगा। इसके साथ ही, समिति के पुनर्गठन को पांच सदस्यीय उपसमिति के गठन का निर्णय लिया गया। बैठक की अध्यक्षता सुधार समिति के अध्यक्ष विजय कुमार सिंह तथा संचालन महासचिव बलराम चौधरी ने किया। बैठक में देवरतन प्रसाद, रजनीश राय, राम नारायण सिंह, ललन यादव, शरीफ अहमद रंगरेज, मो शमीम अख्तर, शत्रुघ्न यादव, शिलाजीत शरण, बलिराम विश्वकर्मा, सरदार दया सिंह, शंभू शरण प्रसाद, शाहीन अनवर, एजाजुद्दीन उर्फ सानू रघुनाथ यादव, शौकत अली, मनोज पटवा आदि शामिल थे।

# स्वामी मुकुंदानंद ने भगवद गीता से सिखाया बुद्धि का योग कैसे करना है

प्रात :किरण संवाददाता



पटना। स्वामी मुकुन्दानन्द द्वारा, पटना में ह्यभगवद गीता ज्ञान यज्ञह्व के दूसरे दिन, श्रोताओं को आत्मिक मार्ग के गहरे ज्ञान से परिपूर्ण तत्वों की जानकारी मिली। स्वामी मुकुन्दानन्द ने हर व्यक्ति के लिए आवश्यक माना कि जीवन के विभिन्न पहलुओं को समझना किसी लहरों के समान है, जो सुख और दुःख के संग्रह को बयां करते हैं। समाज में मौजूदा अनेकानेक वादों को समझाते हुए, स्वामीजी ने भगवद गीता के प्रमुख पात्र अर्जुन की महत्वपूर्णता पर भी ध्यान केंद्रित किया। भौतिक और आध्यात्मिक ज्ञान के बीच समानता स्थापित करते हुए, स्वामीजी ने वेदों, पुराणों और आधुनिक विज्ञान के अंतर्गत एकता को बताया। भगवद गीता के अर्थ को व्याख्यान करते हुए उन्होंने ह्लबुद्धि योगह्व के विचार पर ध्यान केंद्रित किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि बुद्धि योग कोई नई विद्या नहीं है, बल्कि यह एक अनदेखा र ास्ता है जो सनातन धर्म में समाहित है, जहां व्यक्ति बुद्धि के माध्यम से सही ज्ञान को प्राप्त करके अपना उद्धार करते हैं। वेदों को उदाहरण देते हुए, उन्होंने ह्लनिदिध्यासनह्व या विचार को सच्ची भक्ति का सही रूप माना, जिसे केवल शारीरिक अभ्यास के रूप में नहीं देखा जा सकता। अपने समापन भाषण में, स्वामीजी ने गीता की ज्ञान से आध्यात्मिक समृद्धि की अद्वितीय शिक्षा को सार्थक जीवन में उत्पादनीय बनाने के लिए बताया। उन्होंने कहा कि सच्चा ज्ञान वही है जो जीवन के विभिन्न परिस्थितियों में उपयोगी हो, मन को नियंत्रित करने और तनाव प्रबंधन में सहायक हो।भारतीय संस्कृति के ग्रंथ बताते हैं की हम सब जीव सनातन हैं और हम जिस आनंद के स्त्रोत को अनंत जन्मों से आनंद के नाम से ढूंढ रहे हैं, इस आनंद सिंधु भगवान को अभितक हमने प्राप्त क्यों नहीं किया? शास्त्र सम्मत स्वामीजी बताते हैं की इसका कारण है

# डिप्लोमा इन फार्मेसी के छात्र ने की फांसी लगा इहलीला किया खत्म

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता



अगमकुआं स्थित राजकीय फार्मेसी संस्थान के डिप्लोमा इन फार्मेसी के छात्र ने लाज में फांसी का फंदा लगा अपनी इहलीला समाप्त कर लिया। सत्र 2021-2023 का छात्र 22 वर्षीय पंकज कुमार ने गमछा का फंदा बना पंखा के हूक से झूल कर जान दे दिया। आलमगंज थाना के एनएमसीएच रोड में मेहता लॉज में किराया पर रहने वाले पंकज ने अपने कमरे में घटना को अंजाम दिया। छात्रों की सूचना पर मौके पर पहुंची आलमगंज थाना की पुलिस ने शव कि पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए नालंदा मेडिकल कॉलेज भेजा है। आलमगंज थानाध्यक्ष राजीव कुमार ने बताया कि खुदकुशी का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। मामले की जांच की जा रही है। परिजनों को सूचना दी गयी है. मृतक पंकज कैमूर जिला के भभुआ का रहने वाला है। हालांकि घटना से नाराज छात्रों ने हंगामा भी किया। उन सबों का कहना था कि शनिवार को संस्थान में चल रहे प्रैक्टिकल परीक्षा देकर आने के बाद से वह तनाव में था। इसी कारण से उसने यह कदम उठाया है। संस्थान के प्राचार्य डॉप्रो रामकुमार चौधरी ने इसे दुखद घटना बताते हुए कहा कि छात्र के जान देने के मामले की जांच करायी जाएगी।

# सुल्तानगंज में छात्रावास के पास मिला बम को किया डिफ्यूज

**थाना क्षेत्र में फ्लैग मार्च के साथ चला सर्च अभियान**

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

सुल्तानगंज थाना क्षेत्र के हथुआ छात्रावास के पास से बम बरामद किया गया है। कचरे के ढेर के पास से पुलिस ने एक बम बरामद किया है। बरामद किए बम को सुल्तानगंज थाना की पुलिस ने बम निरोधक दस्ता के सहयोग से डिफ्यूज किया है। थानाध्यक्ष अजय कुमार ने बताया कि यह देसी बम था। मामले में पुलिस घटना से जुड़े हर बिंदु पर छानबीन कर रही है। बम मिलने से वहां पर अफरा-तफरी की स्थिति मच गयी थी। दूसरी ओर सुल्तानगंज थाना क्षेत्र में थानाध्यक्ष एवं एसआई के नेतृत्व में विभिन्न छात्रावास वाले एरिया से लेकर संवेदनशील स्थानों पर फ्लैग मार्च किया गया। दूसरी ओर विभिन्न सरकारी और निजी छात्रावासों से लेकर प्रतिमा स्थापित किए जाने वाले जगह एवं अन्य स्थानों पर पुलिस के द्वारा सर्च अभियान भी चलाया गया

## संक्षिप्त खबरें

### ट्रेन से कटकर 42 वर्षीय अधेड़ की मौत

विभूतिपुर, समस्तीपुर। विभूतिपुर थाना क्षेत्र के समस्तीपुर खगड़िया रेलखंड पर सिंघिया घाट में ट्रेन से कटकर एक 42 वर्षीय अधेड़ की मौत हो गई। मृतक की पहचान भुसवर वार्ड 11 निवासी स्वर्गीय दुख महतो के पुत्र रंजीत महतो के रूप में किया गया। घटना के संबंध में बताया जाता है कि रंजीत महतो बाइक से घटनास्थल पर पहुंचा और साइड में बाइक खड़ा कर ट्रेन के आगे जाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर लिया। वहीं घटना की जानकारी मिलते हैं माता और होला देवी पत्नी अंजू देवी सहित परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल हो रहा था। बता दे कि मृतक के चार पुत्री दुर्गा कुमारी (शादीशुदा), सरस्वती कुमारी, पार्वती कुमारी, गुड़िया कुमारी तथा दो पुत्र कृष्ण कुमार एवं कन्हैया कुमार है।

### शराब के साथ एक कारोबारी गिरफ्तार

कल्याणपुर, समस्तीपुर। कल्याणपुर थाना क्षेत्र के रामपुरा गांव से पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर शराब के साथ एक कारोबारी को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार कारोबारी की पहचान ब्रज किशोर शर्मा के पुत्र संतोष कुमार शर्मा के रूप में हुई है। वहीं कारोबारी के पास से पुलिस ने 180एम एल का छः बोतल विदेशी शराब बरामद किया है। वहीं थाना अध्यक्ष राजन कुमार ने बताया कि गिरफ्तार कारोबारी को न्यायलय भेज देने की बात कही है।

### सरस्वती पूजा को लेकर हुई शांति समिति की बैठक

कल्याणपुर, समस्तीपुर। कल्याणपुर थाना परिसर में रविवार को सरस्वती पूजा को लेकर शांत समिति की बैठक किया गया। बैठक की अध्यक्षता थाना अध्यक्ष राजन कुमार ने किया। तो वहीं संचालन उप प्रमुख दीपक कुमार ने किया। वहीं बैठक में सरस्वती पूजा आपसी सौहार्द के रूप में मनाने के लिए लोगों से अपील किया। पुजा में डीजे पर पुरुणत प्रतिबंध रहने की बात कही है। मोके पर बीडीओ देवेन्द्र कुमार अंचलाअधिकारी कमलेश कुमार पुलिस हरेंद्र तिवारी मुखिया प्रतिनिधि अरुण कुमार बाबा आशीष कुमार पटेल पूर्व प्रमुख मो इफ्तेखार अहमद मुखिया राजेश कुमार साह अनिता देवी सरपंच नरेश राय पंसस राज कुमार महतो सहित सभी जनप्रतिनिधि समाजसेवी मोजूद थे।

### बाइक की ठोकर से एक व्यक्ति की हुई मौत

कल्याणपुर, समस्तीपुर। कल्याणपुर थाना क्षेत्र के मथुरापुर टारा गांव में बाइक की ठोकर से एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक व्यक्ति की पहचान मथुरापुर टारा गांव निवासी भेखधारी यादव के पुत्र पवन राय के रूप में हुई है। वहीं थानाध्यक्ष राजन कुमार ने बताया कि मृतक के परिजन द्वारा आवेदन मिलने के बाद आगे की कार्रवाई किया जाएगा।

### सामान्य से ज्यादा रहा आज अधिकतम तापमान

मुजफ्फरपुर। चालू मौसम में आज का अधिकतम तापमान अबतक की अपेक्षा सर्वाधिक रहा। न्यूनतम तापमान में आज भी गिरावट दर्ज की गई।जलवायु परिवर्तन पर उच्च अध्ययन केंद्र डॉ० राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय, पूसा से मिली जानकारी के अनुसार आज का अधिकतम तापमान 25.2डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया जो सामान्य से 0.5डिग्री अधिक है।वहीं आज का न्यूनतम तापमान 7.2डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। सुबह में सापेक्ष आर्द्रता 98प्रतिशत और दोपहर बाद घटकर 45प्रतिशत हो गई। पछिया हवा की गति 5.7किमी प्रति घंटा रही।

### सात दिवसीय क्रिकेट टूनार्मेंट का हुआ शुभारंभ

विभूतिपुर, समस्तीपुर। विभूतिपुर प्रखंड के विभूतिपुर पूरब पंचायत स्थित आदर्श चौक के निकट सात दिवसीय क्रिकेट टूनार्मेंट का आयोजन किया गया। उद्घाटन विभूतिपुर पूरब पंचायत के मुखिया सुलेखा देवी, पैक्स अध्यक्ष प्रवीण कुमार, शेखर प्रसाद सिंह, सत्यम कुमार, नरेश कुमार ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। टूनार्मेंट के पहले दिन का मैच नरहन और फफौत के बीच खेला गया। जिसमें पहले बल्लेबाजी करते हुए नरहन के टीम निर्धारित ओवरों में 80 रन का लक्ष्य रखा। जवाब में फफौत की टीम लक्ष्य का पीछा करते हुए 73 रन ही बना सकी। इस मैच में नरहन के टीम 6 रन से विजेता बने। क्रिकेट टूनार्मेंट आयोजित मंडली में नरेश जी, विवेक कुमार, नीतीश कुमार, संतोष कुमार, शेखर प्रसाद सिंह आदि शामिल है।

# हथियार के बल पर सीएसपी से 50 हजार की लूट, 18-25 वर्ष के अपराधियों ने दिया घटना को अंजाम

## सीएसपी संचालक का मोबाइल भी लूटा, पुलिस ने पूसा थाना क्षेत्र से किया बरामद

**समस्तीपुर, प्रात: किरण संवाददाता**




समस्तीपुर जिले के वैनी ओपी क्षेत्र के दिगंबरा चौक स्थित सेंट्रल बैंक के सीएसपी से शनिवार की शाम दो बाइक सवार पांच अपराधियों ने हथियार के बल पर लगभग 50 हजार रुपए की लूट कर ली और फरार हो गए। इस दौरान अपराधी सीसीसीएसपी संचालक का मोबाइल भी लेकर चले गए। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है। इस संबंध में सीएसपी संचालक वैनी बाजार निवासी मनोज साह बताया कि शनिवार शाम करीब 3 बजे दिगंबरा चौक स्थित सेंट्रल बैंक के सीएसपी पर दो बाइक पर सवार 5 अपराधी पहुंचे तथा सीएसपी के अंदर घुसकर सीएसपी संचालक व अन्य कर्मियों पर पिस्टल तान दी। बाद में अपराधियों ने सीएसपी के कैश काउंटर में रखे गए करीब 50 हजार रुपए लूट लिया तथा सभी बाइक लेकर मौके से भाग फरार हो गए। भागने के दौरान बदमाशों के पास से हथियार की एक गोली घटनास्थल पर ही गिर गई। जिसे बाद में पुलिस ने बरामद कर लिया है। सीएसपी संचालक मनोज साह ने बताया कि घटना को अंजाम देने के दौरान एक अपराधी बाइक पर ही बैठा रहा जबकि चार अपराधियों ने सीएसपी के अंदर घुसकर सभी पर पिस्टल तान दिया और कैश काउंटर से लगभग 50 हजार रुपए लेकर मौके से भाग निकले। संचालक ने बताया कि घटना को अंजाम देकर भागने के दौरान बाइक सवार अपराधी उनका एंड्रॉइड मोबाइल भी लेते गए। जिसे बाद में ओपी पुलिस ने लोकेशन के आधार पर पूसा थाना क्षेत्र के बिशनपुर गांव स्थित सड़क किनारे के एक बांसवाड़ी से बरामद किया है। सीएसपी संचालक के मुताबिक सभी बाइक सवार अपराधियों ने मास्क व हेलमेट पहना हुआ था। उनकी उम्र लगभग 18 से 25 साल रही होगी। उन्होंने बताया कि घटना के दौरान सीएसपी के अंदर उनके अलावे उनका एक छोटा बेटा और दो तीन महिला ग्राहक मौजूद थी। उन्होंने बताया कि सीएसपी परिसर में जगह जगह सीसीटीवी कैमरे लगे है। पुलिस के द्वारा मांगे जाने पर पुलिस को सीसीटीवी फुटेज दे दिया जाएगा। इधर समाचार प्रेषण तक घटना को लेकर किसी तरह की कोई प्राथमिकी वैनी ओपी में दर्ज नही की जा सकी थी।

## मतदान केन्द्रों पर बुनियादी सुविधाओं का करें भौतिक सत्यापन : जिलाधिकारी

**प्रात: किरण संवाददाता**

मुजफ्फरपुर।जिला पदाधिकारी सुब्रत कुमार सेन ने समाहरणालय सभागार में कई महत्वपूर्ण विषयों पर संबंधित पदाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों को निदेश दिया।भूमि विवाद के निपटारा हेतु प्रत्येक शनिवार को थाना में होने वाले बैठकों सक्रिय और अनिवार्य रूप से करने का निदेश दिया गया और गुणवता के साथ निष्पादन करते हुए ऑनलाईन अपलोड करने का भी निदेश दिया गया। यदि अंचल में एक से अधिक थानें है, तो राजस्व पदाधिकारी थाने में उपस्थित होंगे। निर्वाचन में विधि-व्यवस्था संधारण को लेकर उन्होंने 107 सी.सी.ए. तथा अन्य निरोधात्मक कार्रवाई करने का निदेश दिया गया। साथ ही बाउंड डाउन करने का भी निदेश दिया गया। अवैध शराब की जब्ती, छापेमारी, तथा अधिहरण वादों का ससमय निपटारा करने का भी निदेश दिया गया। बूथों पर मूल-भूत बुनियादी सुविधाएं का भी भौतिक रूप से सत्यापन करने का निदेश दिया गया। सरस्वती पूजा 14 फरवरी को मनाया जाएगा। 15 फरवरी देर शाम तक विर्सजन करने का निदेश दिया गया है। उन्होंने इससे पूर्व दोनों अनुमंडल पदाधिकारी अपने-अपने क्षेत्राधीन शान्ति समिति की बैठक करने का निदेश दिया गया। बिना अनुज्ञप्ति के कोई भी प्रतिमा जुलुस नहीं निकाला जाएगा। डी.जे. पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है। सभी. डी.जे. संचालक से बाउंड डाउन प्रपत्र भड़ने का निदेश दिया गया। विर्सजन के दौरान नदी, तलाबों, पोखरों पर गोताखोरों की प्रतिनियुक्ति का निदेश आपदा प्रभारी को दिया गया। खनन में राजस्व लक्ष्य को पूरा करने का निदेश जिला खनन पदाधिकारी को दिया गया। अवैध शराब जब्ती का विनिष्टिकरण तथा संबंधित वाहनों का अधिहरण अविलम्ब निष्पादित करने को कहा गया। चेक पोस्ट को गुणवता के साथ प्रभावी करने को कहा गया। सड़क सुरक्षा में 123 हिट एण्ड रन मामले में मुआबजा के लिए आश्रितों की सूची अप्राप्त रहने पर निष्पादन नहीं हो पा रहा है। उन्होंने ब्लैक स्पॉट चिन्हित करने का निदेश दिया। बैठक में वरीय पुलिस अधीक्षक राकेश कुमार, उप विकास आयुक्त आशुतोष द्विवेदी, नगर आयुक्त नवीन कुमार, पुलिस अधीक्षक अवधेश सरोज दिक्षित, सी.टी. एस.पी. भानू प्रताप, अनुमंडल पदाधिकारी, पूर्वी/पश्चिम, सभी एस.एच.ओ. तथा सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थें।

## दीनदयाल उपाध्याय का जीवन राष्ट्र सेवा व समर्पण का है प्रतीक : बौआ झा



**प्रात: किरण संवाददाता**

मधुबनी भारतीय जनता पार्टी जयनगर मंडल द्वारा सरल व्यक्तित्व व अनगिनत गुणों के स्वामी, एकात्म मानववाद के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि ग्रामीण मंडल अध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि उद्धव कूंवर के अध्यक्षता में देवधा गांव में मनाया गया। इस मौके पर ग्रामीण मंडल अध्यक्ष उद्धव कूंवर ने कहा कि एक युगद्रष्टा, जिन्होंने एक सभ्यतामूलक राजनीतिक विचारधारा को पोषित किया जिसका मूल उद्देश्य सदैव राष्ट्रहित, अंत्योदय व गरीबकल्याण था। प्रांतीय युवा नेता धर्मेन्द्र भारद्धाज उर्फ बौआ झा ने कहा कि प्रखर राष्ट्रवादी और वंचितों के अधिकारों के रचनापुंज पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी का जीवन राष्ट्रसेवा व समर्पण का विराट प्रतीक है। उनका मानना था कि कोई भी देश अपनी संस्कृति के मूल विचारों को भुलाकर प्रगति नहीं कर सकता। जब भी मानवता के कल्याण की बात होगी, पंडित जी के एकात्म मानवबाद और अंत्योदय के सिद्धांत सम्पूर्ण मानवजाति को ध्रुव तारे की तरह मार्गदर्शित करेंगे। वहीं पुण्यतिथि मनाते हुये नगर मंडल अध्यक्ष सुरज गुप्ता ने कहा कि मां भारती की सेवा में जीवनपर्यंत समर्पित रहे, अंत्योदय के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय का व्यक्तित्व और कृतित्व देशवासियों के लिए हमेशा प्रेरणास्त्रोत बना रहेगा। अनेकता में एकता और विभिन्न रूपों में एकता की अभिव्यक्ति भारतीय संस्कृति की सोच रही है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी सिर्फ एक व्यक्ति नहीं, बल्कि एक विचार हैं। एक ऐसा विचार जिसने देश में प्रगतिशील व जन कल्याण को समर्पित राजनीति की नींव रखी। पुण्यतिथि के मौके पर श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में मुख्य रूप से पूर्व ग्रामीण मंडल अध्यक्ष किशुनदेव सहनी, पवन सिंह , युवा मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष गोपाल राज, रविदास बनियां,सुरज महतो , राजवीर दास, योगेन्द्र साह , रामदयाल सहनी, ने भाग लिया ।

## मुसरीघरारी में शराब लदा तेल टैंकर जब्त, चालक गिरफ्तार



**समस्तीपुर, प्रात: किरण संवाददाता**

जिले के मुसरीघरारी थाना क्षेत्र के बी. एलौथ स्थित जगदंबा पेट्रोल पंप के समीप शनिवार की दोपहर मद्य निषेध एवं उत्पाद विभाग पटना की टीम ने अंग्रेजी शराब लदे एक तेल टैंकर को जब्त किया। इस दौरान तेल टैंकर के चालक को भी गिरफ्तार किया गया। तेल टैंकर के चालक से पूछताछ की जा रही है। वहीं शराब के बोतलों की भी गिनती की जा रही है। संवाद प्रेषण तक स्थानीय पुलिस एवं उत्पाद विभाग की टीम ने शराब की कुल मात्रा एवं गिरफ्तार तेल टैंकर के चालक की पहचान नहीं बता पाई थी। मद्य निषेध एवं उत्पाद विभाग की टीम ने बताया कि उन्हें गुप्त सूचना मिली थी कि मुसरीघरारी थाने के बी. एलौथ स्थित जगदंबा पेट्रोल पंप के समीप शराब लदा तेल टैंकर शुक्रवार की शाम से ही खरीदारों के इंतजार में खड़ी है। गुप्त सूचना पर मद्य निषेध एवं उत्पाद विभाग की टीम ने निर्दिष्ट स्थान पर जाकर छापेमारी की तो शराब लदा तेल टैंकर बरामद हुई । उत्पाद विभाग की टीम ने स्थानीय पुलिस के सहयोग से अंग्रेजी शराब लदे तेल टैंकर को जब्त कर थाने पर ले आई। वहीं तेल टैंकर के चालक को भी गिरफ्तार किया गया।

## किराना कारोबारी के घर डाका मामले में मुख्य आरोपी पिस्टल और गोली के साथ गिरफ्तार



**समस्तीपुर, प्रात: किरण संवाददाता**

समस्तीपुर जिले के मोहिउद्दीनगर थाने के महमदीपुर गांव में गत वर्ष नवंबर महीने में हुए किराना कारोबारी राज कुमार चौधरी के घर डाका कांड का मुख्या आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी इसी थाने के धरमपुर गांव के डब्लू सिंह उर्फ महेश सिंह का बेटा विक्रम सिंह बताया गया है। इसके पास से पुलिस ने देसी पिस्टल भी बरामद किया है। बताया गया कि इसी पिस्टल से किराना कारोबारी पौत्र को बदमाशों ने गन प्वाइंट पर लेकर डाका कांड को अंजाम दिया था। पटोरी के डीएसपी रविशंकर प्रसाद ने शनिवार को बताया कि डाका कांड के बाद से पुलिस ने एसआईटी का गठन कर अबतक सात बदमाशों को इस मामले में जेल भेज चुकी है। विक्रम घटना के बाद से ही फरार चल रहा था। डीएसपी ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि विक्रम शुक्रवार रात अपने घर पर आया है। सूचना के आधार पर पुलिस की टीम ने उसे गिरफ्तार कर लिया। तलाश के दौरान इसके पास से एक देसी पिस्टल के अलावा छह गोली बरामद की गई है। बता दें कि गत वर्ष 10 नवंबर की रात बदमाशों ने किराना कारोबारी के घर पीछे से घूस कर कारोबारी के पौत्र को गन प्वाइंट पर लेकर डाका कांड को अजाम दिया था। इस घटना में बदमाश करीब ढाई लाख रुपए नगद के अलावा करीब दस लाख रुपए से अधिक का गहना आदि लूट कर ले गए थे। इस मामले में पूर्व में पुलिस की टीम ने अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी कर सात लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। बदमाशों के पास से 1.62 लाख रुपए के अलावा दो किलो गांजा भी बरामद किया गया है। गिरफ्तार बदमाशों में विद्यापति नगर थाना क्षेत्र के सिमरी गांव निवासी चंदेश्वर मालाकार का बेटा सुबोध कुमार, विद्यापति नगर के ही दमदमा गांव निवासी रामसागर महतो का बेटा गुंजन कुमार, सिमरी के ही रमेश पासवान का बेटा राजन कुमार, इसी थाना क्षेत्र के मिजार्पुर गांव के महेश प्रसाद सिंह का बेटा प्रिंस कुमार, के अलावा दलसिंहसराय थाना क्षेत्र केमधेपुर गांव निवासी रामरेखा प्रसाद का बेटा आशुतोष कुमार उर्फ मौर्य आदि शामिल हैं।

## कोर्ट के मुंशी की मिली लाश, छानबीन में जुटी पुलिस



**समस्तीपुर, प्रात: किरण संवाददाता**

मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के दुधपुरा वार्ड नंबर चार में एक निजी विद्यालय के पास रविवार की सुबह कुछ लोग एक अधेड़ का शव फेंक कर फरार हो गए। इसकी सूचना लोगों ने पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव की तलाशी ली तो उसके जेब से एक आधार कार्ड, तम्बाकू और कुछ पेपर बरामद किया। आधार कार्ड के अनुसार मृतक का नगर थाना क्षेत्र के मगरदही के किशुन सिंह के पुत्र श्याम चंद्र सिंह (62 वर्ष) के रूप में हुई है। पुलिस ने शव को जब्त कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों की उपस्थिति में शव का पोस्टमार्टम कराकर शव उन्हें सौंप दिया गया। परिजनों के अनुसार श्याम चंद्र सिंह कोर्ट के किसी अधिवक्ता के यहां मुंशी का काम करते थे और वहीं वकालत खाने में रहा करते थे। सूत्रों का बताना है कि उन्हें नशे की लत थी और सूत्र इस घटना में शराब कारोबारियों का हाथ हो सकता है। वहीं घटना के सम्बन्ध में बताया गया कि सुबह में दो-तीन लोग कंधे पर लादकर उसे लाए और वहीं फेंक दिया। यह देख जब तक लोग जुटते तब तक सभी फरार हो गए थे। वहीं इस घटना को लेकर मुफ्फसिल थानाध्यक्ष पिंकी प्रसाद मामले की छानबीन में जुट गई है। वहीं इसको लेकर एएसपी सह सदर एसडीपीओ संजय कुमार पाण्डेय ने बताया कि पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। आवेदन मिलने के बाद पुलिस आगे की कार्रवाई करेगी।

## थाना परिसर में सरस्वती पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक अयोजित

**प्रात: किरण संवाददाता**



मधुबनी खजौली थाना परिसर में रविवार को थानाध्यक्ष प्रवीण कुमार सिंह के अध्यक्षता में सरस्वती पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया.इस बैठक के दौरान थानाध्यक्ष प्रवीण कुमार सिंह ने उपस्थित जनप्रतिनिधि एव राजनीतिक पार्टी से कहा कि सरस्वती पूजा के दौरान असमाजिक तत्वों द्वारा पूजा के दौरान किसी प्रकार का कोई भी व्यवधान पैदा नही करने को लेकर अपने अपने क्षेत्र में नजर बनाये रखने का निर्देश दिया. उन्होंने कहा कि सरस्वती पूजा के दौरान थाना क्षेत्र में सभी पूजा पंडाल में पूजा के दौरान डीजे साउंड बजाने पर पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा. उन्होंने कहा यदि को भी सरस्वती पूजा कमिटी द्वारा पूजा पंडाल में बजाने पर डीजे साउंड को पुलिस प्रशासन द्वारा जप्त कर जुमार्ना वसूल की जाएगी. वही थाना क्षेत्र में कोई भी डीजे साउंड ऑनर को निर्देश दिया गया कोई भी व्यक्ति डीजे साउंड को पूजा में भाड़ा में बुकिंग करने पर प्रतिबंध लगाया गया है.वही बीडीओ लवली कुमारी ने उपस्थित जनप्रतिनिधि से कहा कि सरस्वती पूजा के दौरान किसी भी इलाके में आपराधिक प्रवत्ति के लोग को चिन्हित करके स्थानीय पुलिस को सूचना देने का निर्देश दिया गया.उन्होंने कहा कि सुक्की कमला नदी साईफन पुल पर सरस्वती प्रतिमा का विसर्जन के दौरान प्रयाप्त सुरक्षा बल की मुस्तैदी लगाया जाएगा. वही बीडीओ ने कहा कि सरस्वती पूजा सही समय पर भसान करने का निर्देश दिया गया. वर्तमान जिप सदस्य दीपक कुमार सिंह एव मुखिया अर्जुन सिंह ने थानाध्यक्ष व बीडीओ को कहा कि प्रखंड़ क्षेत्र में सरस्वती पूजा भसान की स्थित के बारे में जानकारी दी.उन्होंने कहा कि पूर्व से ही सरस्वती पूजा थाना क्षेत्र शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न होती जा रही है.इस मौके पर छोटा दरोगा राम कुमार, प्राचार्य अनीश कुमार झा, देवशंकर प्रसाद सिंहउर्फ पिंकुज एसआई मुनेश्वर कुमार गुप्ता, मुखिया अमरेंद्र कुमार राय, अर्जुन सिंह,बबलू महतो, अशोक कुमार सिंह, जिप सदस्य दीपक कुमार सिंह, जितेंद्र कुमार भारती, प्रखंड़ राजद अध्यक्ष राम सागर पासवान, राजद जिला उपाध्यक्ष वीरेंद्र प्रसाद यादव, मौसम कुमार श्रीवास्तव,प्रो. सुभाष सिंह,भाजपा नेता शंम्भूनाथ ठाकुर,समाजसेवी नरेश यादव,पंसस रघुवीर गड़ेरी, अजय कुमार सिंह,सुधीर कुमार सिंह,राजेन्द्र प्रसाद यादव,प्रदीप सिंह, बिपिन कुमार यादव सहित दर्जनों जनप्रतिनिधि, समाजसेवी,राजनीतिक पार्टी के लोग उपस्थित थे.

## रंगदारी नहीं देने पर जेसीबी संचालक के साथ मारपीट व लूटपाट, सदर अस्पताल में भर्ती

**समस्तीपुर, प्रात: किरण संवाददाता**

रंगदारी नहीं देने पर बदमाशों ने एक जेसीबी संचालक 22 हजार रुपए व सोने की चेन लूट ली और विरोध करने पर उसे मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। जिसे लोगों के द्वारा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना नगर थाना क्षेत्र के धरमपुर मिडिल स्कूल के पास रविवार की सुबह की है। घायल की पहचान मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के चकनूर वार्ड दो के प्रमोद कुमार के रूप में हुआ है। घटना के सम्बन्ध में उन्होंने बताया कि रविवार की सुबह वह अपने दोस्त के साथ चकनूर से धरमपुर के रास्ते बाजार जा रहे थे। इसी दौरान धरमपुर मिडिल स्कूल के पास पहले से घात लगाए चकनूर के मो. दिलशाद व मो. चांद हाथ में पिस्टल लिए अपने अन्य बदमाश साथियों के साथ उन्हें घेर लिया और उनसे 50 हजार की रंगदारी मांगने लगा। विरोध करने पर उन लोगों ने पहले उसके साथ मारपीट की और उनके गले से सोने का चेन और जेब रखा हुआ 22 हजार रुपए लूट लिया। स्थानीय लोगों के जुटने पर सभी बदमाश भाग गए। वहीं इस सम्बन्ध में नगर थानाध्यक्ष आशुतोष कुमार ने बताया कि घटना का संबंध में आवेदन मिलने के बाद विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी।

# 15 फरवरी तक शस्त्रों के सत्यापन नही कराने वाले शस्त्रधारकों का शस्त्र होगा जब्त

- लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर डीएम व एसपी ने की बैठक
- बीडीओ एवं थानाध्यक्ष को अपने-अपने क्षेत्रो के मतदान केंद्रों का शत-प्रतिशत भौतिक सत्यापन का निर्देश

**समस्तीपुर, प्रात: किरण संवाददाता**




आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए जिले में विधि व्यवस्था की तैयारियों को लेकर शनिवार की देर शाम डीएम योगेंद्र सिंह व एसपी विनय तिवारी के द्वारा समाहरणालय सभागार में बैठक की गई। एसपी विनय तिवारी के द्वारा शस्त्रों का सत्यापन, अवैध शराब की बरामदगी, जिले के सीमावर्ती थानों में चेकपोस्ट बनाने का निर्देश बैठक में उपस्थित सभी थानाध्यक्ष एवं एसडीपीओ को दिया गया। एसपी के द्वारा जिले में स्थित शस्त्र की दुकान के सत्यापन का निर्देश एसडीपीओ को एसडीओ के सहयोग से करने का निर्देश दिया गया। इसके अलावा भेद्यता मानचित्र, क्रिटिकल मतदान केंद्रों से संबंधित मानचित्र, 2014 से लेकर अब तक हुए दोनों लोकसभा चुनाव एवं विधानसभा चुनाव के दौरान आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के मामले, फरार अपराधियों की खोजबीन एवं सत्यापन करने, बॉर्डर सीलिंग एवं बॉर्डर पार के पदाधिकारियों के साथ बैठक करने, केंद्रीय पुलिस बल के आवासन के संबंध में अद्यतन आकंड़े उपलब्ध कराने का निर्देश सभी थानाध्यक्ष एवं एसडीपीओ को दिया गया। एसपी श्री तिवारी के द्वारा पूर्व में शराब बरामदगी के हॉटस्पॉट को चिन्हित करना, अपने थाना क्षेत्र में पूर्व में हुए पुनर्मतदान से संबंधित मामले की विवरणी, आदतन अपराधियों की विवरणी, बूथ कैप्चरिंग एवं नदी पेट्रोलिंग के संबंध में आवश्यक जानकारी जुटाने का निर्देश सभी पुलिस पदाधिकारियों को दिया गया। डीएम योगेंद्र सिंह के द्वारा भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट से, पुलिस पदाधिकारियों के हैंडबुक को डाऊनलोड कर पढ़ने का निर्देश सभी पुलिस पदाधिकारियों को दिया गया। डीएम के द्वारा उपस्थित सभी बीडीओ एवं थानाध्यक्ष को अपने-अपने क्षेत्रो के मतदान केंद्रों का शत-प्रतिशत भौतिक सत्यापन करने, मतदाता सूची में मतदाताओ के लिंगानुपात, पिछले दो लोकसभा चुनाव एवं विधानसभा चुनाव के वोटर टर्नआउट रिपोर्ट, सेक्टर वाइज मैप एवं कम्युनिकेशन प्लान के संबंध में तैयारी करने हेतु आवश्यक निर्देश दिया गया। 1500 से अधिक मतदाता होने की स्थिति में सहायक मतदान केंद्र का निर्माण के लिए उसी भवन में जगह की तलाश करने, अंतरजिला पदाधिकारियों के साथ बैठक करने, चेकपोस्ट निर्माण एवं शराब के विनष्टीकरण के संबंध में आवश्यक निर्देश दिया गया। डीएम के द्वारा 15 फरवरी तक शस्त्रों के सत्यापन नही करने की स्थिति में शस्त्रधारकों से शस्त्रों को जब्त करने का निदेश दिया गया। इस बैठक में डीडीसी अखिलेश कुमार सिंह, एडीएम अजय कुमार तिवारी, विशेष कार्य पदाधिकारी महमूद आलम, जिला पंचायती राज पदाधिकारी विष्णुदेव मंडल व सभी एसडीओ एवं एसडीपीओ, सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी, सभी बीडीओ एवं सभी थानाध्यक्ष उपस्थित थे।

## रहिका थाना परिसर में सरस्वती पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक, डीजे पर रहेगा पूर्णत प्रतिबंध


**प्रात: किरण संवाददाता**



मधुबनी जिला मुख्यालय से सटे रहिका थाना परिसर में सरस्वती पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता रहिका प्रखंड विकास पदाधिकारी निरंजन कुमार की अध्यक्षता में किया गया।बैठक में उपस्थित अंचलाधिकारी अभय कुमार थानाध्यक्ष रवींद्र कुमार के साथ अन्य पुलिस पदाधिकारी की मौजूदगी में कि गई।बैठक में कई बिंदुओं पर विचार विमर्श किया गया।रहिका बीडीओ निरंजन कुमार के कहा आपसी भाईचारा सौहार्दपूर्ण वातावरण माहौल में सरस्वती पूजा मनाया जाय किसी प्रकार का हुरदंग न मचाएं डीजे पर पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा वही सीओ अभय कुमार ने लोगो को अपील करते हुए कहा कि पूजा में शांति व्यवस्था बनाए रखने में आप लोगों प्रशासन को सहयोग करे साथ ही पूजा में विधि व्यवस्था उत्पन्न करने वाले के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी।इस संबंध में रहिका थानाध्यक्ष रवींद्र कुमार ने कहा कि सरस्वती पूजा को लेकर शांति समिति के बैठक में आए प्रखंड एवं पंचायत से सभी जनप्रतिनिधि व अलग अलग गांवों के गणमान्य लोगों से अपील करते हुए कहा कि सरस्वती पूजा शांतिपूर्ण वातावरण में मनाए एवं उन्होंने आगे कहा कि सरस्वती पूजा के दौरान पूजा समिति को लाइसेंस लेना अनिवार्य होगा एवं डीजे पर पूर्णत प्रतिबंध लगाया गया हैं। प्रशासन के द्वारा दी गई गाइडलाइन के अनुसार शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण मनाने की अपील की। आगामी होने वाले सरस्वती पूजा के मौके पर पुलिस प्रशासन की तैनाती रहेगी वहीं पुजा पंडाल में ३५ लगाने का आदेश दिया गया है।सभी पूजा पंडालों में दो चार बाल्टी में बालू भरकर हरेक पंडाल में रखा जाए जिस से आगजनी से बचा जा सके।उपद्रवी तत्वों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। हुरदंग मचाने वालो पर सख्ती से कार्यवाही की जाएगी।मौके पर मौजूद जनप्रतिनिधि व गणमान्य लोगों ने ने भी प्रशासन को आश्वस्त करते हुए कहा कि सरस्वती पूजा शांतिपूर्ण वातावरण में हर साल की भाती इस साल भी शांति पूर्ण सौहार्द वातावरण से मनाया जाएगा।प्रशासन को हम लोग सहयोग करेंगे।इस मौके पर उपस्थित जिला परिषद 24 प्रतिनिधि मधु राय,जिप सदस्य 23 उमर अंसारी,ककरौल दक्षिणी मुखिया सनाल्लाह खा,इजरा पंचायत पूर्व मुखिया मुक्ति,मलंगिया पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि पप्पू सिंह,नीतीश यादव,रहिका पंचायत समिति सदस्य मो समीम,ललित यादव,हलखोरी दास,शंकर ठाकुर, दीपक कुमार सिंह, राकेश यादव,रामबहादुर सहनी,शिवू दास,सरपंच प्रीता कुमारी,धीरज कुमार,अमित कुमार झा,सुधीर कुमार पासवान, पंचू साह,विक्रम कुमार बसौली के साथ दर्जनों जनप्रतिनिधि व गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

सम्पादकीय

## युवा तुर्क भारत रत्न से वंचित क्यों!



यूपी के बलिया जनपद के इब्राहीम पट्टी गाँव के एक साधारण किसान परिवार में पैदा होकर देश की राजनीति में लगभग पाँच दशकों तक अपनी धमक बरकरार रखने वाले भारतीय राजनीति के चाणक्य पूर्व प्रधानमन्त्री आदरणीय चन्द्रशेखर को अबतक भारत रत्न से वंचित रखना कहाँ तक न्यायोचित है? चन्द्रशेखर जी भारत के इकलौते राजनीतिज्ञ थे जिन्होंने कश्मीर से कन्याकुमारी तक की पदयात्रा करके देश की अस्सी फीसदी आबादी को सुशोभित करने वाले किसानों की दुर्दशा को न सिर्फ रेखांकित किया बल्कि गाँव की गरीबी के मुद्दे को राजनीति के शीर्ष पायदान पर स्थापित करने में भी सफल रहे। पाँच दशकों के अपने अक्खड़ राजनीतिक जीवन में समाजवाद की मूल सिद्धांत का पालन करने वाले श्री चन्द्रशेखर ने सिर्फ और सिर्फ किसान, मजदूर, शोषित समाज तथा विकास के अंतिम छोर पर खड़े देश के मूल नागरिकों को उनका वाजिब हक दिलाने की राजनीति की। भारतीय राजनीति के चाणक्य व युवा तुर्क के नाम से मशहूर,अदभुद साहस क्षमता के पर्याय श्री चन्द्रशेखर ने राजनीति के साथ साथ अपने सामाजिक जीवन में कभी पीछे मुड़कर नही देखा। हालाँकि वर्ष 1984 में इंदिरा गांधी की हत्या से उतपन्न लहर में उन्हें भी एकबार हार का स्वाद चखना पड़ा था। प्रखर धुरंधर व बेवाक वक्ता श्री चन्द्रशेखर देश के अद्वितीय नेता थे जिन्होंने अवसर मिलने पर भी सिद्धांत के आगे पद को कभी अहमियत नही दी। बता दें कि मोरारजी देसाई की सरकार के उन्हें कैबिनेट में उन्हें महत्वपूर्ण विभाग सौंपा जा रहा था जिसे उन्होंने स्वीकार नही किया। और संगठन के अध्यक्ष के तौर पर संघर्ष के रास्ते का ही वरण किया। वर्ष 1989 में जनता दल के नेतृत्व में गठित सरकार के कार्यकाल में मंडल कमंडल की राजनीति से देश में उतपन्न राजनीतिक हालात के मद्देनजर अविश्वास तथा अस्थिरता से देश को जिस काबिलियत से श्री चन्द्रशेखर ने उबारा उसकी चर्चा आज भी लोगों में होती है। चंद महीनों बाद ही कांग्रेस द्वारा समर्थन वापस लिए जाने की आशंका के मद्देनजर पलक झपकते ही श्री चन्द्रशेखर ने पीएम की कुर्सी को त्यागकर यह साबित कर दिया था कि पद के लिए वे सिद्धांतों के साथ कभी समझौता नही कर सकते। इससे पहले 1977 के आपातकाल से उपजे सम्पूर्ण क्रांति के महानायक जय प्रकाश नारायण के नेतृत्व में चलाये आन्दोलन में युवा तुर्क के नाम से मशहूर देश के पूर्व प्रधानमंत्री श्री चन्द्रशेखर का नाम आम लोगों व खासकर राजनीतिक बैठकों में आज भी बड़े आदर के साथ लिया जाता है। हाल के वर्षों में भारत रत्न से नवाजे गए राजनीतिज्ञों व अन्य विधाओं में महारत हासिल करने वाले महापुरुषों का सम्मान सरकार की नेकनीयती का ही नतीजा है। भोजपुरी भाषी पूर्वांचल क्षेत्र से निकलकर राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय क्षितिज के देदीप्यमान राजनीतिज्ञ, अद्वितीय प्रतिभा के धनी श्री चन्द्रशेखर को भारत रत्न से सम्मानित किया जाना बीस करोड़ भोजपुरिया समुदाय का दिल जीतने वाला अत्यंत सार्थक कदम साबित होगा।

## राहुल वायनाड से ही लड़ेंगे



कांग्रेस नेता राहुल गांधी केरल की वायनाड सीट से ही चुनाव लड़ेंगे। वामपंथी पार्टियों की अपील कांग्रेस ने ठुकरा दी है। गौरतलब है कि वामपंथी पार्टियों के साथ कांग्रेस का और विपक्षी गठबंधन का कई राज्यों में तालमेल होना है। लेकिन केरल में सीपीएम के नेतृत्व वाले एलडीएफ और कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूडीएफ को अलग अलग लड़ा है। तभी एलडीएफ के नेता चाहते थे कि राहुल गांधी केरल से न लड़ें। राहुल के केरल से लड़े का फायदा यह हुआ था कि पिछले चुनाव में यूडीएफ ने 20 में से 19 लोकसभा सीटों पर जीत दर्ज की थी, जिसमें कांग्रेस को अकेले 15 सीटें मिली थीं। राहुल गांधी वायनाड सीट से बड़े अंतर से जीते थे। हालांकि वे अमेठी सीट पर चुनाव हार गए थे। इस बार भी एलडीएफ को लग रहा है कि राहुल के लड़े का फायदा कांग्रेस को होगा। ध्यान रहे 2019 के लोकसभा चुनाव के दो साल बाद 2021 में हुए विधानसभा चुनाव में एलडीएफ की जीत हुई थी। इसलिए भी एलडीएफ को लग रहा है कि लोग लोकसभा चुनाव में कांग्रेस का समर्थन कर सकते हैं। अगर राहुल नहीं लड़ते तो लेफ्ट को कुछ फायदा हो सकता था। बताया जा रहा है कि एलडीएफ के अंदर हुए सीट बंटवारे के तहत सीपीआई को चार सीटें मिली हैं, जिसमें वायनाड की सीट भी है। पिछली बार सीपीआई के पीपी सुनीर इस सीट से लड़े थे। इस बार कहा जा रहा है कि सीपीआई के महासचिव डी राजा की पत्नी एनी राजा इस सीट से लड़ सकती हैं। बताया जा रहा है कि डी राजा भी चाहते थे कि राहुल इस सीट से नहीं लड़ें। लेकिन राहुल भले उत्तर भारत की भी किसी सीट से लड़ें लेकिन वायनाड जरूर लड़ेंगे क्योंकि उसका असर दक्षिण के दूसरे राज्यों पर भी होगा।

## कांग्रेस, इंडिया में भी बात रूकी



ऐसा नहीं है कि एनडीए में सीट बंटवारा नहीं हो रहा है तो विपक्षी पार्टियों ने सीट शेयरिंग पर बात कर ली है। विपक्षी गठबंधन इंडिया में ज्यादा समस्या दिख रही है। कांग्रेस की ओर से सीट बंटवारे को लेकर जो बातचीत हो रही थी वह रूक गई है। क्यों रूकी है यह किसी को पता नहीं है। ऐसा लग रहा है कि भाजपा की ही तरह वहां भी गठबंधन के सहयोगियों की तस्वीर साफ नहीं हो रही है। कौन रहेगा और कौन छोड़ेगा यह तय नहीं हो पा रहा है। इसलिए बातचीत थोड़ा आगे बढ़ती है और फिर रूक जाती है। जिन राज्यों में ऐसी दुविधा नहीं है, जैसे तमिलनाडु में तो वहां सीट बंटवारा फाइनल हो गया है। डीएमके ने पिछली बार की तरह कांग्रेस को नौ सीटें देने का फैसला किया है। पिछली बार कांग्रेस नौ में से आठ सीटों पर जीती थी। इस बार भी वह अपना पिछला प्रदर्शन दोहराने की उम्मीद कर रही है। लेकिन डीएमके के अलावा किसी राज्य में कांग्रेस ने सीट शेयरिंग फाइनल नहीं की है। उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी ने 11 सीटें छोड़े का ऐलान किया था लेकिन कांग्रेस के नेता इसे पहली किश्त मान रहे हैं। अगर जयंत चौधरी की पार्टी रालोद गठबंधन से बाहर होती है तो कांग्रेस की सीटें बढ़ सकती हैं। जैसे बिहार में नीतीश कुमार की पार्टी जदयू के इंडिया से बाहर होने के बाद कांग्रेस को एक बार फिर पिछली बार की तरह नौ सीटें मिल सकती हैं। बिहार में सीट बंटवारे को लेकर कांग्रेस की नेशनल एलायंस कमेटी की एक बैठक राज्यसभा सांसद मनोज झा से बातचीत हुई थी लेकिन दोबारा फिर कोई बैठक नहीं हुई। झारखंड में उथल-पुथल का घटनाक्रम रहा और अब नई सरकार बनी है, जिसका विस्तार अगले कुछ दिन में होना है। वहां अभी सीट बंटवारे की बातचीत शुरू भी नहीं हुई है। पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पार्टी ज्यादा सीटों पर लडे की मांग कर रही है। महाराष्ट्र में सबसे ज्यादा माथापच्ची चल रही है, जहां कांग्रेस के साथ शिव सेना का उद्धव ठाकरे गुट और एनसीपी का शरद पवार गुट गठबंधन में हैं। इनके अलावा प्रकाश अंबेडकर और राजू शेट्टी की पार्टी भी है। आम आदमी पार्टी के साथ भी दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, गोवा और गुजरात को लेकर बातचीत हो रही थी लेकिन वह बातचीत भी थम गई है।

# कर्तव्यहीनता से हो रहा है अप्रिय घटनाओं का बाहुल्य

भीडभाड वाले स्थानों पर खुलेआम कब्जे किये जा रहे हैं। कब्जे के शुरूआती दौर में कार्यपालिका के उत्तरदायी अधिकारियों, नियमित सेवायें देने वाले कर्मचारियों और समाज सेवा के कथित वृतधारियों की उदासीनता रहती हैं। महात्वपूर्ण सडकों, सरकारी जमीनों और खाली पडे स्थानों पर पहले बेरोजगारी, लाचारी, मजबूरी का नाटक करके डेरा डाला जाता है और फिर धीरे-धीरे अतिक्रमण का वास्तविक स्वरूप स्थापित हो जाता है। इन सभी स्थितियों की जानकारी उस इलाके के उत्तरदायी सरकारी अमले को रहती है परन्तु वे किन्हीं खास कारणों से हाथ पर हाथ धरे बैठे रहते हैं। षडयंत्रकारियों के संगठित गिरोह अपने सदस्यों को सक्रिय करके अतिक्रमण की साजिश को अंजाम तक पहुंचाते हैं। अप्रिय घटना घटित होने के बाद ही बुल्डोजर की आवाज आती है, अतिक्रमण का इतिहास खंगाला जाता है और फिर की जाती है प्रत्यक्ष कार्यवाही। सरकारी कार्यवाही के लिए पहले से तैयार बैठे अतिक्रमण काण्ड के मुख्य आरोपियों के साथ उनके आका भी पर्दे के पीछे से साम्प्रदायिक हथियारों का इस्तेमाल करने लगते हैं। एक घटना के विरोध में समूचे देश को सुलगाने की कोशिशें होने लगतीं हैं। इन अप्रिय घटनाओं के लिए वास्तविक दोषी तो कार्यपालिका के वे अधिकारी-कर्मचारी होते हैं जिन्होंने अपनी आंखों के सामने गैर कानूनी ढंग से अतिक्रमण को निर्माण तक पहुंचने दिया। मगर आज तक हमारे देश में शायद ही ऐसे किसी काण्ड के लिए किसी सरकारी मुलाजिम को आरोपी बनाया गया हो।





**डॉ. रवीन्द्र अरजरिया-**
**लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं**

देश में साम्प्रदायिक खाई बढाने का काम शुरू हो चुका है। कहीं अतीत की स्मृतियों को लेकर वक्तव्य जारी हो रहे हैं तो कहीं अतिक्रमण करके धार्मिक उन्माद फैलाने वाले जहरीले शब्दों की जुगाली हो रही है। इस सबके पीछे लोकसभा चुनावों की दस्तक और कार्यपालिका के व्दारा कर्तव्यों के प्रति उदासीनता जैसे कारण आज चौराहों से लेकर चौपालों तक चर्चा के विषय बने हुए हैं। समूचे देश में अतिक्रमण का बोलबाला है जिसे सुनियोजित षडयंत्र के तहत अंजाम तक पहुंचाया रहा है। भीडभाड वाले स्थानों पर खुलेआम कब्जे किये जा रहे हैं। कब्जे के शुरूआती दौर में कार्यपालिका के उत्तरदायी अधिकारियों, नियमित सेवायें देने वाले कर्मचारियों और समाज सेवा के कथित वृतधारियों की उदासीनता रहती हैं। महात्वपूर्ण सडकों, सरकारी जमीनों और खाली पडे स्थानों पर पहले बेरोजगारी, लाचारी, मजबूरी का नाटक करके डेरा डाला जाता है और फिर धीरे-धीरे अतिक्रमण का वास्तविक स्वरूप स्थापित हो जाता है। इन सभी स्थितियों की जानकारी उस इलाके के उत्तरदायी सरकारी अमले को रहती है परन्तु वे किन्हीं खास कारणों से हाथ पर हाथ धरे बैठे रहते हैं। षडयंत्रकारियों के संगठित गिरोह अपने सदस्यों को सक्रिय करके अतिक्रमण की साजिश को अंजाम तक पहुंचाते हैं। अप्रिय घटना घटित होने के बाद ही बुल्डोजर की आवाज आती है, अतिक्रमण का इतिहास खंगाला जाता है और फिर की जाती है प्रत्यक्ष कार्यवाही। सरकारी कार्यवाही के लिए पहले से तैयार बैठे अतिक्रमण काण्ड के मुख्य आरोपियों के साथ उनके आका भी पर्दे के पीछे से साम्प्रदायिक हथियारों का इस्तेमाल करने लगते हैं। एक घटना के विरोध में समूचे देश को सुलगाने की कोशिशें होने लगतीं हैं। इन अप्रिय घटनाओं के लिए वास्तविक दोषी तो कार्यपालिका के वे अधिकारी-कर्मचारी होते हैं जिन्होंने अपनी आंखों के सामने गैर कानूनी ढंग से अतिक्रमण को निर्माण तक पहुंचने दिया। मगर आज तक हमारे देश में शायद ही ऐसे किसी काण्ड के लिए किसी सरकारी मुलाजिम को आरोपी बनाया गया हो। हर बार केवल और केवल आम आवाम के बीच के खुराफाती तत्वों को ही रेखांकित किया जाता रहा है। कर्तव्यहीनता की कालिख में लिपटे लोग दूर खडे होकर तमाशा देखते रहते हैं। वर्तमान में देश के लगभग सभी महानगरों से लेकर छोटे गांवों तक में अतिक्रमण का बोलबाला है। गांव की सरकारी जमीन पटवारी की निगरानी में, वन की जमीन वनरक्षक की निगरानी में, महानगरों की जमीन राजस्व और पालिका की निगरानी में, रेलवे की जमीन विभागीय पुलिस की निगरानी में, औद्योगिक क्षेत्र की जमीन उद्योग विभाग की निगरानी में, विभागों की जमीन उनके कर्मचारियों की निगरानी में, राष्ट्रीय राजमार्ग की जमीन पैट्रोलिंग यूनिट की निगरानी में रहती है यानी कि सरकार की प्रत्येक अचल सम्पत्ति के लिए कोई न कोई अधिकारी-कर्मचारी उत्तरदायी होता है परन्तु उस पर कब कब्जा हो गया, इसका किसी के पास कोई जबाब नहीं होता। कैसे कब्जा हो गया, इस पर भी खामोशी ही हाथ लगती है। कब्जे के दौरान उत्तरदायी क्या कर रहे थे, यह प्रश्न भी अनुत्तरित ही रहता है। उत्तर देने वाले और उत्तर मांगने वाले, दौनों ही सरकारी मुलाजिम होते हैं। सो सहयोग की भावना तो बलवती होगी ही। अतिक्रमणकारियों के व्दारा कानून की धज्जियां उडाने के मामले हों या फिर अवैध कार्यों से होने वाली दुर्घटनायें, सभी में उत्तरदायी सरकारी तंत्र की अप्रत्यक्ष भागीदारी रहती ही है। देश की राजधानी में अतिक्रमण का जितना बडा खेल हो रहा है, शायद ही उतना बडा किसी अन्य शहर में होगा। इस खेल में शासकीय कर्मचारियों की अप्रत्यक्ष भागीदारी होती है परन्तु अभी तक ऐसे किसी भी प्रकरण में उनका नाम न आने से उनके हौसले बुलंदी पर पहुंच चुके हैं। अतिक्रमण का यह अवैध धंधा अब पूरी तरह से व्यवसाय का रूप ले चुका है। अनेक मामलों में खद्दर से लेकर खाकी तक, लालफीताशाही से लेकर सफेद टोपी तक और जनप्रतिनिधि से लेकर समाजसेवियों तक के नाम उजागर होने के बाद भी वे कानूनी दावपेंचों से अपने को संरक्षित कर लेते हैं। हल्व्दानी की हिंसा से लेकर हरदा के हादसे तक ने उत्तरदायी वेतनभोगियों की कर्तव्य निष्ठा को कटघरे में खडा कर दिया है। उत्तराखण्ड में जब अवैध कब्जा हो रहा था तब उत्तदायी तंत्र क्या कर रहा था। मध्य प्रदेश में औद्योगिक इकाइयों का नियमित निरीक्षण करने वाले लोग फैक्ट्री के मापदण्डों को अनदेखा कैसे करते रहे। इतिहास गवाह है कि जब पानी सिर के ऊपर होता है तब ही तंत्र की निद्रा भंग होती है। जब निर्दोष लोगों की जानें जातीं है, तब संवेदनाओं के वक्तव्य जारी होते हैं। जब खून की रंग से मां भारती का आंचल लाल होता है, तब प्रशासन सचेत होता है। चर्चा है कि यह केवल हल्व्दानी या हरदा का ही मामला नहीं है बल्कि देश के हर शहर में षडयंत्रकारियों ने अपने मंसूबे पूरे करने के लिए मजबूत किलेबंदी कर ली गई है। रेलवे लाइन के किनारों से लेकर राष्ट्रीय राजमार्ग के दौनों ओर बेजा कब्जों की बाढ सी आ गई है। अतिक्रमण करके सरकारी जमीनों पर सकरी गलियों में बहुमंजिला इमारतें खडी कर ली गईं हैं ताकि जरूरत पडने पर ऊपर से पत्थरों की बरसात, बारूद की धमक और गोलियों की गडगडाहट पैदा की जा सके। लोगों की मानें तो सकरी गलियों, ऊंची इमारतों, धार्मिक झंडों, धार्मिक परिधानों और माइक पर चिल्लाती आवाजों को एकता का प्रतीक बनाकर वर्चस्व की जंग के लिए जमीन तैयार हो चुकी है। नेटवर्किंग डाटा तैयार हो चुका है। प्रत्येक आबादी में षडयंत्रकारियों के सहयोगी तैयार किये जा चुके हैं। हथियारों के जखीरे जमा हो चुके हैं। ऐसे में इन तंग गलियों में घुसकर कानूनी कार्यवाही करना असम्भव नहीं तो कठिन अवश्य है। विदेशों से आने वाले पैसों, देश के गद्दारों का संरक्षण और उन्मादी लोगों की भीड ने आने वाले समय में किसी बडी दुर्घटना की संभावनायें पैदा कर दीं हैं। तिस पर अवैध घुसपैठियों की भारी जमातें देश के कोने-कोने में रिश्तेदार बनकर बस चुके हैं। उनके आकाओं ने दस्तावेजों के आइने में उन्हें भारतीय होने का प्रमाण उपलब्ध करा दिया है। हालात यहां तक पहुंच गये हैं कि अब जाति, नाम, सम्प्रदाय छुपाकर बोलचाल वाले आम नामों को ही सरकारी रिकार्ड में दर्ज करवाया जा रहा है। अभी तो पिता के नाम के कारण स्थिति उजागर हो रही है परन्तु आने वाले समय में वो भी समाप्त हो जायेगी। तब पहचान छुपाकर समाज में जहर घोलने वालों को चिन्हित करना भी बेहद मुश्किल होगा। यह सब पूर्व निर्धारित षडयंत्र का चरणबध्द क्रियान्वयन है जिसे सरकारी महकमा आज भी अदृष्टिगत कर रहा है। उत्तरदायी तंत्र की कर्तव्यहीनता से हो रहा है अप्रिय घटनाओं का बाहुल्य जिसे समय रहते रोका नहीं गया तो विस्फोटक स्थिति की संभावना से इंकार नहीं किया सकता। फिलहाल इतनी ही। अगले सप्ताह एक नई आहट के साथ फिर मुलाकात होगी।

# गरिमा खोता देश का सर्वोच्च सम्मान भारत रत्न

कांग्रेस के शासनकाल में जिन प्रमुख हस्तियों को भारत रत्न से नवाजा जा चुका है उनमें पंडित जवाहर लाल नेहरू, डॉ राजेंद्र प्रसाद, इंदिरा गाँधी, पी डी टंडन, लाल बहादुर शास्त्री, राजीव गाँधी, मदर टेरेसा, खान खान अब्दुल गफ़्फ़ार खान, सरदार वल्लभ भाई पटेल, नेल्सन मंडेला, जे आर डी टाटा, ए पी जे अब्दुल कलाम से लेकर सत्यजीत रे, लता मंगेषकर, पंडित रवि शंकर, भीम सेन जोशी, शहनाई वादक बिस्मिल्लाह खान व सचिन तेंदुलकर जैसे विभिन्न क्षेत्रों के अति विशिष्ट लोगों के नाम उल्लेखनीय हैं। परन्तु केवल इसी वर्ष यानी 2024 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा जिस प्रकार 15 दिन के भीतर 5 लोगों के नामों की घोषणा भारत रत्न दिये जाने हेतु की गयी और उसके जो राजनैतिक ह्यसाइड इफेक्टह्न दिखाई दे रहे हैं या फिर जिन राजनैतिक समीकरणों को साधने की गरज से एक के बाद एक कर पांच भारत रत्न नामित किये गए हैं उसे लेकर इस अतिविशिष्ट सम्मान की महत्ता पर ही प्रश्न चिन्ह लग गया है। पिछले 15 दिनों के अंतराल में जिन 5 हस्तियों को प्रधानमंत्री मोदी द्वारा भारत रत्न हेतु नामित कर एक ही वर्ष में पांच लोगों को भारत रत्न दिए जाने का कीर्तिमान स्थापित करते हुये भारत रत्न प्रदान करने के नियमों की धज्जियाँ उड़ाई गयीं वे हैं बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कपूर्री ठाकुर, भाजपा के वरिष्ठ नेता लाल कृष्ण आडवाणी के अतरिक्त पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह व नरसिम्हा राव तथा हरित क्रांति का जनक समझे जसने वाले कृषि वैज्ञानिक डॉ . एमएस स्वामीनाथन।






**तनवीर जाफरी-**
(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)

देश का सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न का वितरण जितना इस बार विवादों में है उतना पहले कभी नहीं रहा। निश्चित रूप से पूर्व की सरकारों ने भी कई ऐसी हस्तियों को इस सर्वोच्च अलंकरण से नवाजा जिनकी विचारधारा पूर्व की सरकारों से मेल खाती थी। परन्तु लोकसभा के आम चुनावों से ठीक पहले देश का इस सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार ह्यभारत रत्नह्न का वितरण कम से कम ह्यरेवड़ियों ह्य की तरह तो कभी नहीं किया गया। ह्यभारत रत्नह्न दिये जाने से सम्बंधित निदेर्शावली में भारत सरकार द्वारा स्वयं यह नियम बनाया गया है कि एक वर्ष में अधिकतम केवल तीन हस्तियों को ही यह सम्मान दिया जा सकता है। 1954 में जवाहर लाल नेहरू के शासनकाल के दौरान जब तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद के कार्यकाल में भारत रत्न देने की शुरूआत की गयी थी उस समय भी प्रथम गवर्नर जनरल चक्रवर्ती राजगोपालाचारी, तत्कालीन राष्ट्रपति डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन व महान वैज्ञानिक चंद्रशेखर वेंकट रमन जैसी तीन विशिष्ट हस्तियों को भारत रत्न से सम्मानित किया गया था। परन्तु एक ही वर्ष में नियम के विरुद्ध जाकर पांच पांच ह्यभारत रत्नह्न घोषित किये जाने का कोई इतिहास नहीं मिलता। बेशक यह सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार भारत रत्न किसे दिया जाना चाहिए इसकी कोई खास योग्यता, परिभाषा या पैमाना निर्धारित नहीं है। परन्तु माना यही जाता है कि अलग अलग क्षेत्रों में देश के लिए सेवा करने में अपना अतुलनीय योगदान देने वाले अति विशिष्ट लोगों को भारत रत्न से सम्मानित किया जाता है। अति विशेष परिस्थितियों में यह पुरस्कार विदेशी नागरिकों को भी दिया जा सकता है। 1977 में जब जनता पार्टी की सरकार केंद्र में बनी थी उस समय तो सरकार ने इस सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न को स्थगित ही कर दिया था। परन्तु जैसे ही कांग्रेस ढाई वर्षों बाद ही पुनः सत्ता में आई उसने 1980 में पुनः यह सम्मान देना शुरू कर दिया। कांग्रेस के शासनकाल में जिन प्रमुख हस्तियों को भारत रत्न से नवाजा जा चुका है उनमें पंडित जवाहर लाल नेहरू, डॉ राजेंद्र प्रसाद, इंदिरा गाँधी, पी डी टंडन, लाल बहादुर शास्त्री, राजीव गाँधी, मदर टेरेसा, खान खान अब्दुल गफ़्फ़ार खान, सरदार वल्लभ भाई पटेल, नेल्सन मंडेला, जे आर डी टाटा, ए पी जे अब्दुल कलाम से लेकर सत्यजीत रे, लता मंगेषकर, पंडित रवि शंकर, भीम सेन जोशी, शहनाई वादक बिस्मिल्लाह खान व सचिन तेंदुलकर जैसे विभिन्न क्षेत्रों के अति विशिष्ट लोगों के नाम उल्लेखनीय हैं। परन्तु केवल इसी वर्ष यानी 2024 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा जिस प्रकार 15 दिन के भीतर 5 लोगों के नामों की घोषणा भारत रत्न दिये जाने हेतु की गयी और उसके जो राजनैतिक ह्यसाइड इफेक्टह्न दिखाई दे रहे हैं या फिर जिन राजनैतिक समीकरणों को साधने की गरज से एक के बाद एक कर पांच भारत रत्न नामित किये गए हैं उसे लेकर इस अतिविशिष्ट सम्मान की महत्ता पर ही प्रश्न चिन्ह लग गया है। पिछले 15 दिनों के अंतराल में जिन 5 हस्तियों को प्रधानमंत्री मोदी द्वारा भारत रत्न हेतु नामित कर एक ही वर्ष में पांच लोगों को भारत रत्न दिए जाने का कीर्तिमान स्थापित करते हुये भारत रत्न प्रदान करने के नियमों की धज्जियाँ उड़ाई गयीं वे हैं बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कपूर्री ठाकुर, भाजपा के वरिष्ठ नेता लाल कृष्ण आडवाणी के अतरिक्त पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह व नरसिम्हा राव तथा हरित क्रांति का जनक समझे जसने वाले कृषि वैज्ञानिक डॉ. एमएस स्वामीनाथन। परन्तु इस बार उपरोक्त 5 भारत रत्न नामितों की घोषणा के बाद राजनैतिक विश्लेषकों का एक बड़ा वर्ग इन नामों, घोषणा के समय व संभावित प्रभावों को लेकर यह साफ तौर पर कहने लगा है कि इसबार रेवड़ियों की तरह किया जाने वाला ह्यभारत रत्नह्न अलंकार का वितरण पूरी तरह से राजनैतिक व चुनावी लाभ हासिल करने के मद्देनजर लिया जाने वाला फैसला है। इनमें जिन चार हस्तियों को भारत रत्न से नवाजा गया है निश्चित रूप से देश उनके योगदान का ऋणी है जबकि लाल कृष्ण आडवाणी का महत्वपूर्ण योगदान उस भाजपा को खड़ा में सबसे महत्वपूर्ण है जिसपर आज आडवाणी कृपा से ही नरेंद्र मोदी का नियंत्रण है। परन्तु इन नामों की घोषणा के बाद तत्काल जो राजनैतिक साईड इफेक्ट नजर आये वे यही हैं कि कपूर्री ठाकुर के नाम की घोषणा होते ही पाला बदलने की आस में बैठे नितीश कुमार इंडिया गठबंधन छोड़ पुनः एन डी ए में जा मिले।

# परीक्षा के समय सहायक तौर-तरीके और अकादमिक अपेक्षाएं

**प्रो. सरोज शर्मा-**
(अध्यक्ष, एनआईओएस)

बड़ी संख्या में बच्चे जो अपनी परीक्षाओं, विशेषकर बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी करते हैं, वे सभी अपने अकादमिक प्रदर्शन को लेकर चिंता और तनाव का अनुभव करते हैं। इसके कारण विभिन्न प्रकार की मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य समस्याएं पैदा हो जाती हैं। बच्चे अक्सर माता-पिता और परिवार, शिक्षकों व स्कूल प्रणाली, सहपाठियों, मीडिया और बड़े पैमाने पर समुदाय की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का दबाव महसूस करते हैं। इसलिए, बच्चों को परीक्षा की चुनौतियों से उबरने में मदद करने के लिए सहायक तौर-तरीकों और अकादमिक अपेक्षाओं के बीच संतुलन बनाना महत्वपूर्ण है। तनाव और चिंता का आकलन करने के लिए किए गए शोध अध्ययनों से पता चला है कि छात्र सिरदर्द, हृदय गति में वृद्धि, उच्च रक्तचाप, पेट दर्द, मांसपेशियों में ऐंठन, पीठ दर्द, लगातार थकान, कब्ज, दस्त और नींद की गड़बड़ी सहित शारीरिक परेशानियों की शिकायत करते हैं। बोर्ड के छात्र तनाव और चिंता के प्रति संवेदनशील होते हैं क्योंकि वे शारीरिक व भावनात्मक परिवर्तन के महत्वपूर्ण दौर में होते हैं। इन अध्ययनों में उल्लेख किया गया है कि उत्तरोत्तर तनाव सीधे तौर पर मानसिक स्थिति से जुड़ा है और स्मरणशक्ति में भी कमी लाता है। ये गड़बड़ियां वर्षों तक बनी रह सकती हैं, जिनके कारण स्कूल तथा आगे चलकर कार्यस्थल में काम करते वक्त क्षमता पर दुष्प्रभाव पड़ सकता है। शिक्षक व अभिभावक के लिए शांत होने और योजना बनाने की घड़ी जब हम परीक्षा तनाव पर नजर डालते हैं, तो हमें पता चलता है कि एक बच्चे के जीवन में दो सबसे महत्वपूर्ण लोग उनके माता-पिता और शिक्षक हैं। मुक्त संचार, भावनात्मक समर्थन प्रदान करना, सकारात्मक मानसिकता को बढ़ावा देना, बच्चे की भावनाओं को मान्य करना, ट्रिगर की पहचान करना, विश्राम तकनीक सिखाना, शारीरिक गतिविधि और स्वस्थ आदतों को प्रोत्साहित करना, आश्वासन और पुनः आश्वासन प्रदान करना, तनाव प्रबंधन सिखाना तथा अभिव्यक्ति को प्रोत्साहित करना, इसके कुछ कारगर उपाय हैं। अनिश्चितता को दूर करके और स्पष्ट अपेक्षाएं व अध्ययन सामग्री प्रदान करके, शिक्षक छात्रों को अधिक तत्पर तथा आत्मविश्वास महसूस करने में मदद कर सकते हैं। शिक्षक छात्रों को सूझ-बूझ और विश्राम तकनीकों का निर्देश देकर तनाव कम करने की रणनीतियों को पाठ्यक्रम में शामिल कर सकते हैं, ताकि वे कठिन दिनों में उनका अभ्यास कर सकें। परीक्षा की चुनौतियों और तनाव पर काबू पाने में सहायता के लिए देखभाल एवं सहायक घरेलू माहौल भी उतना ही महत्वपूर्ण है। इसमें छात्र की भलाई और शैक्षणिक अपेक्षा के बीच एक बेहतर संतुलन बनाए रखते हुए सहायता, प्रेरणा और समझ प्रदान करना शामिल है। सचेत पालन-पोषण में आपके बच्चे का समर्थन करना, समझना और परीक्षा के दबावों व चुनौतियों से निपटने के दौरान उसके साथ रहना शामिल है। अपने बच्चे को यह समझाएं कि परीक्षा में उनका प्रदर्शन चाहे जैसा भी हो, आप हमेशा उनके साथ हैं यह बहुत महत्वपूर्ण बात है। अपने बच्चों को उनकी भावनाओं को व्यक्त करने और उनकी आलोचना किए बिना परीक्षा पर चर्चा करने की अनुमति दें। उन पर उत्कृष्टता की अत्यधिक मांग का बोझ नहीं डाला जाना चाहिए। उन्हें एक अध्ययन कार्यक्रम बनाने में मदद करें, जिसमें ब्रेक और डाउनटाइम शामिल हो। माता-पिता के रूप में उनका सहयोग करें, जैसे शांत परिवेश वाला अध्ययन स्थान, स्वस्थ नाश्ता और आवश्यक अध्ययन सामग्री। बच्चों को अपनी देखभाल करना और उन्हें विश्राम कौशल सिखाना जरूरी है, जैसे गहरी सांस लेने के व्यायाम, छोटी सैर और शांत संगीत। इसके अलावा यह भी जरूरी है कि माता-पिता अपने बच्चे की पढ़ाई के लिए कोई नियम-कानून न लागू करें। उन्हें एक निश्चित मात्रा में स्वतंत्रता और जिम्मेदारी के साथ अपने स्वयं के शेड्यूल और जिम्मेदारियों को संभालने की अनुमति दें। केवल अंतिम परिणामों पर ध्यान केंद्रित करने के बजाय परीक्षा देने की प्रक्रिया में छोटी सफलताओं और महत्वपूर्ण पड़ावों का स्वागत करें। सिर्फ नतीजों का नहीं, प्रयासों का भी उत्सव मनाएं-ऐसे दृष्टिकोण को प्रोत्साहित करें जो सीखने और विकास को केवल उच्च ग्रेड प्राप्त करने से आगे रखता हो। जब भी बच्चे को कठिनाइयां हों, तो उन्हें उनकी पिछली सफलताओं और उपलब्धियों की याद दिलाएं तथा सकारात्मक दृष्टिकोण बनाए रखें। माता-पिता को अपने बच्चे की क्षमताओं पर विश्वास करना चाहिए। परीक्षा तनाव को कम करने में अन्य हितधारकों की भूमिका- परीक्षा के दौरान बच्चों द्वारा अनुभव किए जाने वाले तनाव को दूर करने के लिए कई हितधारकों के बीच सहयोग आवश्यक है, जिनमें से प्रत्येक छात्रों की भलाई के समर्थन में एक अनूठी भूमिका होती है। छात्रों की सामान्य भलाई को बढ़ावा देने वाली प्रक्रियाएं और नीतियां विकसित करना स्कूल प्रशासकों की जिम्मेदारी है।

# बीएमजीएफ की टीम ने दरियापुर सीएचसी जाकर आईडीए से संबंधित तैयारियों का लिया जायजा

## यमुनाचारी हाई स्कूल के स्मार्ट क्लास में आईडीए जागरूकता गतिविधि का निरीक्षण

प्रात: किरण संवाददाता



छपरा। आज से शुरू होने वाले सर्वजन दवा सेवन आईडीए कार्यक्रम की तैयारियां पूरी कर ली गई है। जिसको लेकर स्वास्थ्य विभाग और सहयोगी संस्थान लगातार काम कर रहे हैं। जिनकी तैयारियों का जायजा लेने के लिए बिल मिलिंडा एंड गेट्स फाउंडेशन (बीएमजीएफ) की टीम के द्वारा दरियापुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का दौरा किया गया। इस दौरान बीएमजीएफ के डॉ अनमोल में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी मेजर डॉ सत्येंद्र कुमार के साथ - साथ अस्पताल के अधिकारी और कर्मचारियों सहित सहयोगी संस्थान पीरामल स्वास्थ्य के अधिकारियों के साथ बैठक कर विभिन्न विषयों पर विस्तृत जानकारी लेने के साथ ही सभी प्रकार के दस्तावेज, आईडीए से संबंधित बैठक और प्रशिक्षण से संबंधित अवलोकन किया। उसके बाद जिला और स्थानीय स्तर के अधिकारियों को अवशायक दिशा - निर्देश दिया गया। बिल मिलिंडा एंड गेट्स फाउंडेशन बिहार के डॉ अनमोल द्वारा स्थानीय प्रखंड के यमुनाचारी हाई स्कूल के स्मार्ट क्लास में आईडीए से संबंधित ऑडियो और वीडियो दिखाकर स्कूली बच्चों को जागरूक करने के साथ ही टीम द्वारा आयोजित गतिविधियों का अवलोकन किया गया। जिसके बाद उन्होंने आईडीए पूर्व तैयारी की कार्य को संतोषजनक बताया।

# पूउरे पेंशनर्स एसोसियेशन की केन्द्र सरकार से आठवें वेतन आयोग गठन की माँग

● बकाया 18 माह के डीए भुगतान करने की केंद्र सरकार से माँग की

प्रात: किरण संवाददाता



छपरा। पूर्वोत्तर रेलवे पेंशनर्स एसोसिएशन छपरा शाखा की बैठक 11 बजे दिन से पराशर कॉम्प्लेक्स भगवान बाजार में हुई। बैठक की अध्यक्षता पी एन सिंह ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए उप सचिव डॉ.ए एच अंसारी ने छपरा शाखा के सदस्यों की प्रतिदिन बढ़ोत्तरी पर खुशी जाहिर की और कहा कि पेंशनर्स अधिकाधिक संख्या में सदस्यता ग्रहण करें। इससे एसोसिएशन की ताकत बढ़ेगी। जिन पेंशनर्स का जन्मदिन जनवरी एवं फरवरी माह है , उनको बधाई कार्ड देकर लंबी आयु की कामना की गई और उनको सभी सदस्यों ने बधाई एवं शुभकामनाएँ दी। शाखा मंत्री मिथिलेश कुमार सिंह के जन्मदिन पर सभी पेंशनर्स सदस्यों ने गले मिल कर शुभकामनाएँ दीं। पूर्वोत्तर रेलवे पेंशनर्स एसोसिएशन का त्रैमासिक बुलेटिन सभी पेंशनर्स सदस्यों को वितरित किया गया। नये पेंशनर्स को एसोसिएशन की सदस्यता ग्रहण कराई गई। बैठक को संबोधित करते हुए डॉ.अंसारी ने बताया कि संसद के शीतकालीन सत्र में वित्त मंत्री ने एक सांसद के पूछे गए प्रश्न के जवाब में कहा है कि आठवें वेतन आयोग गठन तथा पचास प्रतिशत मँहगाई को वेतन एवं पेंशन में मर्ज करने का सरकार का अभी कोई विचार नहीं है। बकाया 18 माह के डीए भुगतान करने की केंद्र सरकार से माँग की, 65, 70, 75 वर्ष आयु पर क्रमशः 5, 10, 15 प्रतिशत अतिरिक्त भत्ता की माँग केंद्र सरकार से की। शाखा मंत्री ने सभी पेंशनर्स को आह्वान करते हुए अपनी चट्टानी एकता भारत पेंशनर्स समाज के माध्यम से दिखाकर सरकार पर दबाव बनाने की बात कही। शाखा मंत्री मिथिलेश कुमार सिंह ने जिन पेंशनर्स की समस्यायों का निराकरण पूउरे पेंशनर्स एसोसिएशन ने कराया है, उसकी चर्चा की। जिन पेंशनर्स की वर्तमान समस्या थी , उसको एकत्र किया और रेलवे अस्पताल से रोगग्रस्त पेंशनर्स को उचित इलाज और दवा आपूर्ति की माँग की गई। जिन पेंशनर्स का जन्मदिन मनाया गया उनको बधाई दी। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की मंशा कर्मचारी या पेंशनर्स के लिए सही नहीं है। इस साल लोकसभा चुनाव है। अपने वोट के चोट से सरकार को अपनी माँगों को मानने के लिए झुकाना पड़ेगा। इसके लिए सदस्य संख्या और संघर्ष की जरूरत है। अध्यक्ष पी एन सिंह ने पेंशनर्स को स्वस्थ रहने के लिए कुछ जरूरी हिदायतें बतायीं। जिन पेंशनर्स सदस्यों का जन्मदिन मनाया गया, उनको शुभकामना दीं। निरंतर छपरा शाखा के पेंशनर्स सदस्यों की वृद्धि पर प्रसन्नता प्रकट की। बैठक को संबोधित करने वालों में मुख्य मुंद्रिका प्रसाद, राजकुमार श्रीवास्तव, सुरेंद्र सिंह, एस के राठौड़, पी के मांझी, योगेन्द्र प्रसाद, रामानंद प्रसाद आदि हैं।

# हर गली में मोदी - मोदी गूंज रहा है : महाचन्द्र सिंह



प्रात: किरण संवाददाता

छपरा। भाजपा के गांव चलो अभियान के तहत भाजपा नेता व बिहार सरकार के पूर्व मंत्री डॉ महाचंद्र प्रसाद सिंह ने नयागांव में मोदी सरकार की चलाई जा रही है। योजनाओं के लाभार्थियों से मुलाकात किया और ग्रामीणों से संवाद किया। इसके अलावा बूथ समिति के साथ बैठकर वोटर लिस्ट का निरीक्षण किया । डॉ. सिंह ने बताया कि इस बार वोटर लिस्ट में सभी जगह बड़ी संख्या में युवाओं और महिलाओं का नाम जुड़ा है। नए मतदाताओं में मोदी सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के कारण उत्साहित है । सरकार द्वारा चलाई जा रही महिला सशक्तिकरण की योजनाओं के कारण हर जाति धर्म की महिलाएं मोदी सरकार के साथ खड़ी हैं। डॉ सिंह ने कहा कि मैं विगत 9 फरवरी से गांव चलो अभियान के तहत प्रवास पर हूं। बनियापुर, दिघवारा के बाद आज नया गांव के ग्रामीणों के साथ संवाद स्थापित कर रहा हूं। देश की आत्मा गांव में बसती है और संसद का रास्ता भी गांव की गलियों से होकर जाता है। माननीय प्रधानमंत्री जी गांव के महिलाओं गरीबों नौजवानों और किसानों के जीवन स्तर को उठाने के लिए दृढ़ संकल्पित दिखते हैं। गांव की गलियों में मोदी- मोदी गूंज रहा है। तीन दिनों के प्रवास के दौरान मुझे एक भी ऐसा घर नहीं मिला जहां मोदी सरकार की योजनाएं नहीं पहुंच रही है। मतदाताओं के उत्साह को देखकर लगता है कि भाजपा 400 से अधिक सीट लाकर सरकार बनाएगी।

# सांसद प्रतिनिधि का स्वागत करते कार्यकर्ता एवं ग्रामीण

प्रात: किरण संवाददाता

छपरा। सांसद राजीव प्रताप रूडी जी के प्रयास से सोनपुर प्रखंड के शाहपुर जैतियाँ ग्रामीण के मांग पर स्टीट लाइट बाबा नेहाल नाथ मंदिर के प्रांगण मे लागया गया जिसका उदघाटन सांसद प्रतिनिधि राकेश सिंह और भाजपा नेता पंकज सिंह के द्वारा स्विच दबा कर किया गया । इस अवसर पर ग्रामीणों ने अंग वस्त्र और फुल माला से जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर पंचायत समिति राहुल सिंह अभय सिंह सरपंच अरुण सिंह सहित सैकड़ो ग्रामीण लोग उपस्थित थे ज्ञात हों की यह मंदिर ग्राउंड मे जिला स्तरीय खेल का आयोजन होते रहता है यह लाइट लग जाने से अब खेल मे भी आसानी होंगी और शाम मे ग्रामीण बच्चे यहाँ पर खेलते भी है उनको खेलने मे भी आसानी हों जाएगी लाइट लगने से, ज्ञात हो की कुछ दिन पहले पंचायत समिति राहुल सिंह शिक्षक नागेंद्र सिंह अभय सिंह ने रूडी जी से मिलकर यह लाइट लगवाने की मांग की थी जिसके बाद उनके पहल पर लाइट लगने पर इस कार्य के लिए ग्रामीणों ने सांसद राजीव प्रताप रूडी जी को धन्यवाद दिया इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि राकेश सिंह ने कहा की बहुत जल्दी ही रूडी जी के द्वारा यहाँ पर ओपन जीम भी लगाया जायेगा ।

# जदयू नेता के समारोह जमावड़ा

प्रात: किरण संवाददाता

छपरा। प्रदेश युवा जदयू के सचिव संतोष कुमार सिंह के एक समारोह में राजनेताओं का जमावड़ा लगा,जिसमें सांसद पूर्व सांसद पूर्व विधायक सहित प्रशासनिक पदाधिकारी व अधिवक्तागण शामिल हुए। मिली जानकारी के अनुसार प्रदेश के युवा नेता सह सचिव संतोष कुमार सिंह के बेटी के छठियार में सोनपुर प्रखंड के दुधैला गाछी स्थित उनके ससुर संजय कुमार सिंह के आवास पर महाराजगंज के सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल, विधान पार्षद डॉ वीरेंद्र नारायण यादव, सांसद सुपुत्र बड़े भाई जितेन्द्र स्वामी, जनसुराज प्रदेश कमेटी के वरीय नेता ललितेशवर नाथ तिवारी और गणमान्य लोग शामिल होकर युवा नेता संतोष कुमार सिंह के बेटी को आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में युवा नेता के संबंधी एवं पड़ोसी शुभचिंतक आदि उपस्थित थे।

# गांव चलो अभियान का आगाज

प्रात: किरण संवाददाता

मकेर ( सारण ) रविवार की सुबह गांव चलो अभियान की शुरूआत मकेर प्रखंड के मकेर पंचायत के अंतर्गत बूथ सांख्य 190 और 191 पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती मनाई गई ,साथ ही पन्ना प्रमुख सहित बूथ अध्यक्ष और बूथ कमिटी बनाई गई । भाजपा मंडल अध्यक्ष के नेतृत्व में मेरा बूथ सबसे मजबूत कैसे हो इस पर चर्चा की गई ।उपस्थित सभी मतदाताओं से जानकारी ली गई। बिदित हो कि भाजपा द्वारा गांव चलो अभियान की शुरूआत की गई है जिसमे पंचायत के सभी बूथों पर जाकर मतदाता से जानकारी लेकर उस बूथ को मजबूत बनाने की चर्चा की जाती हैं ।इस मौके पर लोकसभा प्रभारी अरबिंद कुमार जिला उपाध्यक्ष निरंजन शर्मा चिकित्सा प्रकोष्ठ के सह संयोजक डॉ सचिन्द्र साह मंडल अध्यक्ष सुमित कुमार सिंह बिस्तारक दिलिप कुमार चन्दन कुमार कुंदन कुमार हरिराज शर्मा ,आर एस एस के अभिजीत राज बच्चा शर्मा, हरिशरण शर्मा उमेश ठाकुर सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

# एनएनएस के स्वयं सेवक करते है सफाई, लोग फैलाते है कचरा

## तलाब के बदबू दार पानी में भी स्वयं सेवक डटे रहे और कचरे को निकलते रहे

प्रात: किरण संवाददाता



छपरा सदर : रविवार को राष्ट्रीय सेवा योजना, जय प्रकाश विश्वविद्यालय के पूर्व और वर्तमान स्वयं सेवकों द्वारा अपने स्ताहिक कार्यक्रम के अंतर्गत राजेन्द्र सरोवर पर स्वच्छता अभियान चलाया गया जिसके तहत आम लोगों द्वारा सीढ़ी के पास पानी में फेंके गए कचरों को निकाला। तलाब के बदबू दार पानी में भी स्वयं सेवक डटे रहे और कचरे को निकलते रहे। एनएनएस स्वयं सेवकों ने कहा कि था दुःख की बात है कि लगातार राजेंद्र सरोवर पर स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। 21 जनवरी को भी स्वच्छता अभियान चलाया गया,लेकिन जिस रफ्तार से स्वयं सेवक गंदगी को साफ करते हैं उससे अधिक रफ्तार में आम लोगों द्वारा पूजा सामग्री, श्राद्ध कर्म से संबंधित कचरा, पोलिथिन में बंद सामग्री को जल में या सीढ़ी के पास फेक दिया जाता हैं। स्वयं सेवकों ने अगल बगल के घर वालों से, श्राद्ध कर्म कराने वाले पुरोहित से और वहां उपस्थित अन्य नागरिकों से आग्रह किया कि राजेंद्र सरोवर छपरा शहर का गौरव है,कृपया इसे बचाएं।आज सरोवर स्नान करने लायक नहीं रहा,सभी सीढ़ी के पास कचरे का अंबार लगा है और स्वयं सेवकों के बस का काम अब नहीं रह गया है। स्वयं सेवकों ने एक स्वर से विश्वविद्यालय के कुलपति एवं नगर निगम के अध्यक्ष,और जिला प्रशासन से मिल कर आग्रह करने का निर्णय लिया कि आप सभी राजेन्द्र सरोवर को स्वच्छ बनाने में सहयोगी बनें।कार्यक्रम का आयोजन में समन्यक डॉ. हरिश्चंद्र, पूर्व समन्वयक डॉ विद्या वाचस्पति त्रिपाठी, पूर्व कार्यक्रम पधाधिकारी डॉ. रेखा श्रीवास्तव, जेपीएम की कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ.अर्चना, के साथ साथ राष्ट्रपति से पुरस्कृत कुमारी अनीशा, प्रिंस, मकेसर, गिरिजा, प्रियंका, निधि, अनीशा, अनु, वीना, अनन्या, अनुष्का,संगीता अंजली, तान्या, मोहित कृष, अभिजीत, अंकित, अजीत, प्रवीण, कुंदन, चंद्रभान, दिव्या, रोमी, सुजीत कुमार आदि वालंटियर बढ चढ कर कार्य किए।

# रेलवे का सामान चोरी करके जा रहे 2 युवकों को पकड़ा

प्रात: किरण संवाददाता

रक्सौल। रेलवे की समान को चुरा कर जा रहे 2 युवकों को आरपीएफ के द्वारा पकड़ा गया है, जबकि तीसरा आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल रहा, हालांकि उसकी भी पहचान कर ली गई है। जिसकी जानकारी देते हुए आरपीएफ पोस्ट कमांडर सह निरीक्षक ऋतुराज कश्यप ने बताया कि बीती संध्या सहायक उप निरीक्षक दिलीप कुमार हमराह, प्रधान आरक्षी गोपाल सिंह, शर्मा राम एवं आरक्षी राजीव कुमार के साथ सहायक उपनिरीक्षक ज्ञानेश्वर मुर्मू आदापुर-रक्सौल रेलखंड के समीप छठिया घाट की ओर से गस्ती करके आ रहे थे, तभी तीन युवक बोरा में भारी सामान ले जा रहे थे, जो आरपीएफ कर्मी को देखकर भागने लगे, जिनमें 2 को पकड़ लिया गया। इनमें अहिरवा टोला निवासी राजेंद्र मलिक के 22 वर्षीय पुत्र अनिल कुमार एवं एक नाबालिग युवक था, जबकि भागने वाला हरैया ओपी थाना क्षेत्र का एक 17 वर्षीय युवक था।

# समर्पण दिवस के रूप में मनाया गया पंडित दीनदयाल उपाध्याय के पुण्यतिथि

प्रात: किरण संवाददाता

डिहरी। इंद्रपुरी क्षेत्र के चकन्हा शक्ति केंद्र अंतर्गत बडीहा मंडल कार्यालय पर रविवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय के पुण्यतिथि को समर्पण दिवस के रूप में मनाया गया, जिसकी अध्यक्षता डेहरी ग्रामीण भाजपा अध्यक्ष आनंद कुमार पांडेय ने की।कार्यक्रम का संचालन डेहरी नगर अध्यक्ष अशोक सोनी ने किया जिसमें मुख्य अतिथि डेहरी के पूर्व विधायक ई सत्यनारायण सिंह यादव उपस्थित हुए। सर्वप्रथम सामूहिक रूप से पंडित दीनदयाल के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित की गई। तत्पश्चात वंदे मातरम गाते हुए भारत माता की जय का नारा लगाया गया। मंडल की ओर से आए हुए सभी अतिथियों को अंग वस्त्र से सम्मानित किया गया। पूर्व विधायक ई सत्यनारायण सिंह ने भाजपा कार्यकर्ताओं व ग्रामीणों को बताते हुए कहा कि हमारे पथ प्रदर्शक, एकात्मक मानववाद के प्रणेता, प्रखर राष्ट्रवादी, उत्कृष्ट संगठनकर्ता पं दीनदयाल उपाध्याय के बताए हुए रास्ते पर चलनी चाहिए। वह 11 फरवरी 1968 को विचित्र अवस्था में उनकी हत्या उत्तर प्रदेश में कर दी गई थी। वह भारतीय जन संघ के संस्थापक थे। उन्हीं के बताएं हुए मार्ग पर चलकर आज भारतीय जनता पार्टी विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनी हुई है। मौके पर जिला महामंत्री प्यारेलाल ओझा, पूर्व जिला अध्यक्ष भोला सिंह, उपाध्यक्ष विवेक सिंह, जिला प्रवक्ता व मंडल प्रभारी कन्हैया सिंह, विधानसभा विस्तारक कुश पांडेय, प्रकाश गोस्वामी ,डॉ नवीन नटराज, अजय ओझा ,महामंत्री शमशेर सिंह, रवि शंकर राय, किसान मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष श्रीकांत मिश्रा, डॉ ओम प्रकाश, रंग बहादुर सिंह, अनिल सिंह, विक्की सिंह, उदय कुशवाहा, अरुण कुमार, तरनजीत लाल, बूथ अध्यक्ष अक्षय पांडेय, नवल मिश्रा, अभिषेक सिंह, गोलू सिंह समेत दर्जन लोग उपस्थित हुए। वहीं दूसरी ओर भाजपा नेता प्यारेलाल ओझा ने गांव चलो अभियान के तहत प्रवासी के रूप में बडीहा गांव में डोर टू डोर घूम कर केंद्र सरकार की योजनाओं का पत्रक वितरण किया तथा ग्रामीणों को बताते हुए कहा कि केंद्र सरकार में बैठे भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले 500 वर्षों के इतिहास को पलट कर रख दिया।

# आंदोलन के लिए पहुंचे वरिष्ठ नागरिकों ने राजधानी में डाला डेरा

प्रात: किरण संवाददाता

पटना। राज्य में वृद्धापेंशन,विधवा व दिव्यांग पेंशन की राशि चार सौ से बढ़ाकर दो हजार करवाने सहित अन्य मांगों को ले नेशनल सीनियर सिटीजन एसोसिएशन द्वारा सोमवार को राजधानी में आयोजित धरना- प्रदर्शन एवं जेलभरो अभियान में भाग लेने के लिए सूबे के विभिन्न जिलों से सैकड़ों वरिष्ठ नागरिको का रविवार शाम से ही पटना पहुचना शुरू हो गया है।अपने हक के लिए संघर्ष को तेज करने के लिए बुजुर्गों ने राजधानी में डेरा डाल दिया है। औरंगाबाद, रोहतास, गया, नवादा, जहानाबाद,सुपौल, सहरसा, जमुई, सुपौल, बेतिया, भभुआ, मधुबनी सहित कई दूरस्थ जिलों से सैकड़ों वरिष्ठ नागरिकों का जथा रविवर शाम से ही पटना की ओर कूच किया है ।जबकि पड़ोसी जिलों के वृद्धजन सोमवार सुबह बसों एवं निजी वाहनों से पटना पहुंचकर नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली एनडीए गठबंधन सरकार के विश्ववाशमत को लेकर राजधानी में जारी सियासी हलचल के बीच अपनी मांगों को रखेंगे ।इधर,रविवार को एकतरफ विभिन्न राजनैतिक पार्टिया अपने-अपने विधायको के साथ बैठक कर विधानसभा में अपनी शक्ति प्रदर्शन करने के लिए रणनीति बनाई तो वही दूसरी नेशनल सीनियर सिटीजन एसोसिएशन ने भी राष्ट्रीय महासचिव रामायण पांडेय एलौन के नेतृत्व में बैठक कर गर्दनीबाग धरनास्थल पर राज्य के वरिष्ठ नागरिकों की शक्ति प्रदर्शन की योजना बनाई।

## संक्षिप्त खबरें

### भाजपा चली गांव की ओर

लहलादपुरः भाजपा चली गांव की ओर अभियान के तहत रविवार को भाजपा सदस्यों ने लहलादपुर प्रखंड क्षेत्र के पुरुषोतिमपुर एवं दंदासपुर पंचायत के गांव-गांव भ्रमण किया तथा पार्टी के संदेशों से ग्रामीण जनता को अवगत कराया. साथ ही बूथ अध्यक्ष एवं पेज प्रमुख बनाया. सरकारी योजनाओं के बारे में बताया गया तथा उन योजनाओं से लाभन्वित होने के लिये सलाह दी गई. भ्रमण में मुख्य अतिथि भाजपा के वरीय नेता ब्रजेश कुमार रमण, गुड्डु चौधरी, सह कार्यक्रम संयोजक विस्तारक अनिल कुमार सिंह, मंडल प्रभारी मुकेश कुमार सिंह, अजय कुमार राय, अखिलेश शर्मा, ओमप्रकाश ठाकुर, राजेश प्रसाद, वीरेंद्र कुशवाहा, सुरेंद्र तिवारी आदि शामिल थे।

### कायस्थ परिवार छपरा की बैठक

छपरा कार्यालय। होली मिलन समारोह सह अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष का होगा स्वागत सम्मान ।शहर के आशीर्वाद मार्केट काम्प्लेक्स में कायस्थ परिवार की इस साल की पहली बैठक संपन्न हुई ।बैठक की अध्यक्षता वरीय सदस्य राजेश कुमार सिन्हा ने की । बैठक में अभिजीत श्रीवास्तव द्वारा प्रस्तावित होली मिलन समारोह को लेकर चर्चा हुई एवं साथ ही साथ प्रिंस राज द्वारा होली मिलन समारोह में शामिल होने के लिए अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के नव निर्वाचित राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष राजीव रंजन सिन्हा को आमंत्रित किया गया । बैठक में सभी सदस्यों के द्वारा राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री सिन्हा के स्वागत समारोह सह होली मिलन के लिए आगामी 10 मार्च की तिथि निर्धारित की गई।जिस पर सभी ने सहमति जताई ।कायस्थ परिवार के सदस्यों ने बैठक में अपने सामाजिक कार्यों के उद्देश्यों की भी चर्चा की ।बैठक में अजय सहाय , मनीष कुमार सिन्हा , अजीत कुमार सहाय, सुमन कुमार सोनू, ब्रजेंद्र किशोर, राकेश दत्ता , दिलीप कुमार, मुकुंद मोहन श्रीवास्तव ,अनूप कुमार श्रीवास्तव राजेश वर्मा व अन्य मौजूद थे।

### इंटर स्कूल प्रतियोगिता में छात्र छात्राओं ने कला एवं कौशल का किया प्रदर्शन

प्रखंड के शाहनेवाजपुर स्थित नेशनल एकेडमी मे शनिवार को इंटर स्कूल प्रतियोगिता 2024 का आयोजन किया गया।जिसमें प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों के वर्ग 1 से 5 तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया।इंटर स्कूल प्रतियोगिता में छात्र छात्राओं के बीचक्विज,चित्रकला एवं निबंध लेखन को सम्मिलित किया गया है ।जिसमे नेशनल एकेडमी शाहनेवाजपुर,कमला चिल्ड्रेन एकेडमी पचरौर,एस.एस.पब्लिक स्कूल उसरी एवं ब्राइट फ़्यूचर स्कूल पचभिन्डा के विद्यार्थियों ने भाग लिया एवं अपनी कला एवं कौशल का प्रदर्शन किया।प्रतियोगिता के सफल संचालन मे मुख्य भूमिका का निर्वहन नेशनल एकेडमी के निदेशक पवन शर्मा, प्राचार्य बलराम साह,परीक्षा नियंत्रक अनूप कुमार,एस.एस. पब्लिक स्कूल के निदेशक नीरज सिंह,ब्राइट फ्यूचर के निदेशक अमित साह,कमला चिल्ड्रेन के निदेशक जयसूर्या प्रसाद,प्राचार्य मणी सिंह इत्यादि ने किया। प्रतियोगिता के विजेताओं की घोषणा 12 फरवरी को मंझोपुर क्रीड़ा ग्राउंड मे होनेवाली कबड्डी एवं दौड़ प्रतियोगिता के समापन के उपरांत की जाएगी।उक्त मौके पर शिक्षक अनूप सिंह, आविद हुसैन, कविता गुप्ता, राजीव तिवारी,राजेंद्र सिंह सहित अन्य उपस्थित थे।

### फांसी के फंदे से लटका मिला शव

नगरा । खैरा थाना क्षेत्र के धुपनगर मठिया गांव रविवार को पुलिस ने फंदे लटका हुआ विवाहित की शव बरामद किया। उक्त महिला दिनेश कुमार की पत्नी मीरा देवी बताई जाती है। परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार सात वर्ष पूर्व हिन्दू-रीतिरिवाज के साथ दिनेश के साथ हुआ था। जिससे दो बच्चे भी हैं। जिसमें छह वर्षीय पुत्र बंटी कुमार व तीन वर्षीय पुत्री सृष्टि कुमारी हैं। मृतका के मायके वालो ने बताया कि अक्सर सास से बकझक होता रहता था और रविवार को उस की हत्या कर फंदे से लटका दिया गया है।

### सरस्वती पूजा को लेकर शांति समिति का बैठक हुआ संपन्न

शेरघाटी। थाना परिसर में रविवार को थानाध्यक्ष अजित कुमार ने नेतृत्व में सरस्वती पूजा के मौके पर शांति समिति का बैठक आयोजित किया गया,उक्त दौरान बिना लाइसेंस के मूर्ति नही स्थापित नही किया जाएगा साथ ही इसके पूर्व लाइसेंस लेना जरूरी है,साथ ही डीजे,अश्लील गाने पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है। साथ ही पुलिस की पैनी नजर लहरिया कट मारकर बाइक चलाने वाले एवं ट्रिपल लोडिंग चलने वाले लोगों के खिलाफ करवाई होगी। उक्त बैठक के दौरान प्रखंड उप प्रमुख लाल बहादुर शास्त्री,सुबोध सिंह,किशोर यादव, गुगन सिंह, दीनानाथ पांडे, वसीम अकरम आदि लोग मौजूद रहे।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय पुण्यतिथि मनाने के साथ प्रधानमंत्री के कार्यों को जन-जन तक पहुंचाना पुनीत कार्य : सिंह



प्रात: किरण, संवाददाता

छपरा। मढ़ौरा विधानसभा के नगरा मंडल के खैरा पंचायत के रामपुर कलां बूथ पर जिला अध्यक्ष रणजीत कुमार सिंह गांव चलो अभियान के अपने प्रवास के दौरान बूथ संख्या 63,64 पर एकात्म मानववाद के पुरोधा पंडित दीनदयाल उपाध्याय के पुण्यतिथि के अवसर पर उनके तैल चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर गांव चलो अभियान की शुरूआत किए एवं बूथ एवं पंचायत के घर-घर तक प्रधानमंत्री के देश तथा जनहित किए गए कार्यों के पत्रक का वितरण किया गया एवं प्रधानमंत्री के 10 सालों के जनहित में किए गए कार्यों की चर्चा आम जनों के साथ की गई। प्रवास में जिला अध्यक्ष रणजीत कुमार सिंह के साथ पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष वैद्य प्रकाश उपाध्याय, जिला उपाध्यक्ष अनु सिंह, गायत्री देवी, तारा देवी, महामंत्री विवेक कुमार सिंह, नगरा मंडल अध्यक्ष चन्द्रसेन कुंवर, पूर्व मंडल अध्यक्ष शैलेंश जी ,जूली देवी, सोमनाथ गिरी, शायद बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# सहाजितपुर थाना पर पुरुष नर्तकों का बवाल,पुलिसकर्मियों के साथ किया मारपीट

प्रात: किरण, संवाददाता



बनियापुर (सारण) सहाजितपुर थाना परिसर पर उस समय अफरा तफरी का माहौल हो गया ,जब दिन के ग्यारह बजे दर्जनों की संख्या में आये पुरूष नर्तकों ने थाना में हंगामा शुरू कर दिया।नर्तकों के बवाल में एक थाना पर मौजूद चौकीदार घायल हो गया।नर्तकों ने थानाध्यक्ष के ऑफिस में घुसकर भी तोड़फोड़ करने लगे।जिसमे कुछ सामान भी इधर से उधर गिर गया।तथा ऑफिस में रखा हुआ लैपटॉप भी क्षतिग्रस्त हो गया।साथ ही नर्तकों ने थानाध्यक्ष जितमोहन कुमार के साथ भी बदतमीजी करने लगे।जिसके बाद स्थानीय थाना में मौजूद सुरक्षा गार्डों ने आकर उन सब नर्तकों को पकड़ने का प्रयास किया तो नर्तक वहां से भागने लगे।इसी बीच नर्तक सहाजितपुर बाजार पर पहुंच गए और पुलिस से भागने की कोशिश करने लगें।जहाँ से पुलिस ने एकएक को दौड़ाकर पकड़ लिया।कुछ नर्तक अगल बगल के गांवों में जाकर छुपने का प्रयास करने लगे जिसे स्थानीय लोगों द्वारा पुलिस को सूचना देने के बाद पकड़े गए।सहाजितपुर थाना में हुए इस एकाएक घटना से स्थानीय बाजार के लोग दहशत में आ गए। घटना के संबंध में बताया जाता है कि शनिवार की रात्रि में स्थानीय थाना क्षेत्र के शेखपुरा में निजी भोज में सांस्कृतिक कार्यक्रम चल रहा था।जहाँ आयोजन कर्ता के यहाँ एक व्यक्ति पहले से पुलिस से फरार चल रहा था।जहाँ पुलिस को सूचना मिली कि वह घर पर ही अपने मौजूद है।उस अभियुक्त को पकड़े के लिए पुलिस वहाँ पहुंची तो वहाँ पर लौंडा नाच चल रहा था।पुलिस ने जब उक्त अभियुक्त को गिरफ्तार किया तो पुरुष नर्तकों ने इसका विरोध किया।स्थानीय लोगो ने बताया कि इसी विरोध में पुरुष नर्तकी को मारपीट कर अभियुक्त को थाना पर ले आये।इसी से आक्रोशित नर्तकों ने स्थानीय थाना पर पहुंच कर हंगामा एवम मारपीट करने शुरू कर दिए।जहाँ दिनभर स्थानीय थाना पर अफरा तफरी का माहौल रहा।

# देश संवैधानिक नियमों से चलता है, व्यक्तिगत फरमान से नहीं : समरेंद्र बहादुर

प्रात: किरण, संवाददाता

इसुआपुर । देश देश रत्न बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के बनाए हुए संविधान से चलता है। किसी के व्यक्तिगत फरमान से नहीं। शिक्षक सरकार द्वारा पूर्व में बनाए गए नियमावली को मानेंगे। शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव के के पाठक के अमानवीय तुगलकी फरमान को नहीं मानेंगे। उक्त बातें बिहार परिवर्तनकारी प्रारंभिक शिक्षक संघ के सारण जिला अध्यक्ष समरेंद्र बहादुर सिंह ने इसुआपुर के धर्मशाला परिसर बिशुनपुरा में रविवार को शिक्षकों की एक बैठक को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने बिना शर्त शिक्षकों को राज्य कर्मी का दर्जा देने की लड़ाई के लिए चट्टानी एकता बनाने रखने की अपील की। साथ ही पूर्व में कई अग्नि परीक्षाओं से गुजर चुके शिक्षकों को सक्षमता परीक्षा का फॉर्म नहीं भरने की भी अपील की। शिक्षकों की मांगों को लेकर आगामी 13 फरवरी को पटना में आयोजित विशाल धरना प्रदर्शन तथा बिहार विधानसभा के घेराव कार्यक्रम में अधिक से अधिक शिक्षकों के भाग लेने का भी आह्वान किया गया। प्रखंड अध्यक्ष अशोक कुमार यादव की अध्यक्षता तथा एहसान अंसारी व वकील शर्मा के संचालन में धारणा को बनियापुर प्रखंड के शिक्षक नेता इंद्रजीत महतो, शिक्षिका शोभा कुमारी, मनोरमा कुमारी, संतोष कुमार गुप्ता, अनिल चौरसिया, संदीप कुमार, राजकुमार राम, शैलेश कुमार, वाजिद अली, आसिफ हसन अंसारी, अनूप शर्मा, राजकुमार शर्मा, समेत दर्जनों शिक्षक-शिक्षिकाओं ने संबोधित किया। वहीं धन्यवाद ज्ञापन जितेंद्र कुमार राम ने किया।

# तैयारियां पूरी, बिना बाधा के संचालित होगा आईडीए कार्यक्रम: एमओआईसी

प्रात: किरण, संवाददाता

दरियापुर स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी मेजर डॉ सत्येंद्र कुमार सिंह ने बताया कि राज्य और जिला स्तरीय स्वास्थ्य विभाग के द्वारा जारी दिशा निर्देश के आलोक में आईडीए कार्यक्रम को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई है। जिसके अनुसार स्थानीय प्रखंड सहित जिले के सभी प्रखंडों के आईडीए अभियान संचालित किया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि आज से शुरू होने वाले एमडीए अभियान के दौरान प्रखंड के सभी स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों पर बूथ लगाकर दवाओं का सेवन कराया जाएगा। जिसके बाद टीम के द्वारा घर घर जाकर लोगों को दवाओं का सेवन कराया जाएगा। उन्होंने प्रखंड के सभी लोगों से आईडीए के दौरान अनिवार्य रूप से दवाओं का सेवन करने के लिए अपील की गई है। ताकि, प्रखंड को फाइलेरिया मुक्त बनाया जा सके। इस अवसर पर दरियापुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी मेजर डॉ एसके सिंह, पिरामल स्वास्थ्य के राज्य पदाधिकारी अंशु कुमार, आर एम हरिशंकर कुमार, डीपीओ आनंद कश्यप, प्रखंड समन्वयक तेज नारायण गुप्ता, बीसीएम ध्रुप लाल राम, वीबीडीएस घनश्याम सहित कई अन्य मौजूद थे।

# सरस्वती पूजा में डीजे पर होगी पाबंदी

प्रात: किरण, संवाददाता

रक्सौल। आगामी 14 फरवरी को होने वाले सरस्वती पूजा को लेकर स्थानीय थाना परिसर में एसडीएम शिवाक्षी दीक्षित की अध्यक्षता एवं एसडीपीओ धीरेंद्र कुमार की उपस्थिति में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति रही। इस दौरान सीओ शेखर आनंद एवं इंस्पेक्टर सह थानाध्यक्ष राजीव नंदन सिन्हा भी मौजूद रहें। बैठक में कई अहम निर्देश दिया गया। अभी तक 138 पूजा स्थलों को चिन्हित किया गया है। सभी पूजा पंडाल समिति को थाना से लाइसेंस लेना अनिवार्य होगा।

## संक्षिप्त खबरें

### नए थानाध्यक्ष को बधाई देने का लोगों का लगा तांता



नोखा (रोहतास) ।प्रखंड क्षेत्र के नए थानाध्यक्ष के योगदान करते ही बधाई देने वाले लोगों का तांता लगा है।इस अवसरपर नगर परिषद सहित पंचायत जनप्रतिनिधियों व विभिन्न पार्टी के कार्यकताओं भी उन से मिल उन्हें मंगलमय कार्य की शुभकामनाएं दी।वही भाजपा नेता मुन्ना पांडे ने थानाध्यक्ष दिनेश कुमार मालाकार का फूल माला पहनाते हुए अंगवस्त्र व बुके देकर सम्मानित किया।अवसर पर थानाध्यक्ष ने कहा कि लोगों द्वारा मुझे इतना अपार प्यार मिलना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। जबकि भाजपा नेता मुन्ना ने बताया कि ईमानदार व कर्मनिष्ठ नए थानाध्यक्ष दिनेश कुमार के योगदान से प्रखंड क्षेत्र में सभी लोगों के साथ निष्पक्ष कानूनी न्याय का उनसे उम्मीद की आश लगाएं बैठे है।

### रालोजद ने किया एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

काराकाट(रोहतास)। काराकाट प्रखंड के जमुआ में राष्ट्रीय लोक जनता दल ने एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया ।जिसमें काराकाट प्रखंड के सभी बूथ के बूथ अध्यक्ष, पंचायत अध्यक्ष, सेक्टर प्रभारी शामिल हुए । कार्यशाला में पार्टी को बूथ स्तर पर मजबूत करने का संकल्प लिया गया ।कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष कपील कुमार ने किया । कार्यशाला में प्रमुख रूप से राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जितेन्द्र नाथ पटेल, चुनाव अभियान समिति के सुभाष कुशवाहा, राष्ट्रीय महासचिव अखिलेश्वर सिंह सिंह, जिला बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के अमित शेखर तिवारी, प्रखंड अध्यक्ष दिनेश चंद्रवंशी , जिला महासचिव राकेश मिश्रा, युवामोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष अमन सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित थे ।

### कोऑर्डिनेटर के विदाई समारोह में भावुक हुई सेविकाएं

संझौली(रोहतास) ।प्रखंड मुख्यालय स्थित बाल विकास परियोजना कार्यालय में शुक्रवार को पर्यवेक्षिका ज्योति कुमारी की अध्यक्षता में विदाई समारोह आयोजित कर प्रखंड कोऑर्डिनेटर रीमा कुमारी को विदाई दी गई।यह समारोह उनके स्थानांतरण होनेपर आयोजित की गईथी ।आंगनबाड़ी सेविकाओं ने उन्हें अंग वस्त्र व बुके देकर भब्य तरीके से विदाई की।विदाई के दौरान सेविकाएं भावुक हो उठे और जमकर आंसू बहाए।सेविकाओं ने बताया कि कोऑर्डिनेटर मैडम का कार्यकाल बेहद सराहनीय रहा। विदाई समारोह में सेविका सरोज कुमारी, मीरा कुमारी, उर्मिला कुमारी, संगीता कुमारी, कंचन कुमारी, रीता कुमारी, नीतू कुमारी, सुमन कुमार, हिरामुन्नी कुमारी सहित अन्य कई सेविका मौजूद थी।

### पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर किया गया माल्यार्पण

आरा।भारतीय जनता पार्टी भोजपुर के द्वारा जनसंघ के संस्थापक सदस्य पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के पुण्यतिथि पर कार्यकताओंने माल्यार्पण कर उन्हे याद किया।यह कार्यक्रम भारतीय जनता पार्टी के जिला मुख्यालय बामपाली में हुआ।मौके पर भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष दुर्गा राज ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय एक प्रखर वक्ता एवं राष्ट्रवादी भारतीय जनसंघ के संस्थापक सदस्यों में से एक थे। भारतीय जनसंघ के स्थापना के समय डॉक्टर समय प्रसाद मुखर्जी के द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय को प्रथम महासचिव नियुक्त किया गया था।वहीं पंडित दीनदयाल उपाध्याय लगातार15 वर्षतक जनसंख्या के महासचिव के रूप में कार्य किया। उनकी कार्यक्षमता,खुफिया गतिविधियों से प्रभावित होकर डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी उनके लिए समान पूर्वक हमेशा कहते रहे कि यदि मेरे पास है दो-दो दीनदयाल हो तो मैं भारत का राजनीतिक इतिहास बदल दूंगा।

### जिला परिषद धनंजय यादव ने धुधुआं गांव में हृदय विदारक घटना पर दुख जताया

आरा।दौलतपु पंचायत के धुधुआं गांव में हृदय विदारक घटना घटित हुई ।एतवारु बिंद के झोपडी नुमा घर में बनें हुये छः कमरें आग की चपेट में आकर पुर्णतः जल कर खाक हो गयें ।सभी कमरों में रखे हुये चौकी , टीवी, सायकिल , कपडें ,बिछावन, बर्तन , गहनें ,नकदी, सभी तरह के कागजात.तथा अन्य बहुत सारी महत्वपूर्ण एवम दैनिक उपयोग की सामग्रियां भी पुर्णतः जल कर खाक हो गयें । अंचलाधिकारी और थाना प्रभारी को सुचना देने के उपरांत दोनों पदाधिकारीयों के द्वारा तत्परता दिखाते हुयें अपनें कर्मचारी और दारोगा को घटना स्थल पर निरीक्षण एवम क्षति की मुल्यांकन करने के लिये भेजा गया । अंचलाधिकारी ने मेरे विशेषाग्रह को स्वीकारते हुये ठंड के मौसम को देखते पीडित परिवार के लिये तत्काल प्रभाव से कंबल उपलब्ध कराया तथा अविलंब उचित मुआवजा दिलाने का आश्वासन भी दिया ।

# गांव चलो अभियान के तहत ग्रामीणों को दी गई योजनाओं की जानकारी

प्रात : किरण संवाददाता

काराकाट (रोहतास)। काराकाट प्रखंड अंतर्गत मुंजी पंचायत के भारतकस्बा बूथ नंबर 176, मूंजी के बूथ नंबर 178, 179 अधौरा के 180, डिहारा के 181, दुआरी के 182, में गांव चलो अभियान के तहत कार्यकताओं ने मोदी सरकार के उपलब्धियों के बारे में जानकारी दी। भारतीय जनता पार्टी बिहार प्रदेश कार्यकारणी के सदस्य एवं काराकाट विधानसभा के भाजपा नेता प्रो०. बलिराम मिश्रा के ने इन सभी गांव में सभी बूथों पर भाजपा कार्यकताओं के साथ जाकर के आम जनमानस के समस्याओं को सुना गया तथा समस्या के निदान के लिए उपाय बताया गया।



जनधन योजना के तहत जितने भी खाता धारक हैं, जिनको किसान निधि का पैसा अकाउंट में आता है, उन सभी किसानों को आसान किस्त पर ऋण मुहैया करने, उजाला गैस से लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया गया। आयुष्मान भारत कार्ड ज्यादा से ज्यादा लोगों को बनाने के लिए बोला गया। साथ ही साथ अटल वृद्धा पेंशन योजना के बारे में आमजनों को बताया गया। मौके पर काराकाट महामंत्री रजनी कान्त पाण्डेय, मंडल उपाध्यक्ष विनोद पासवान, युवा नेता योगी शंभू नाथ, मुखिया अजय प्रताप सिंह, सरपंच जनार्दन सिंह, अरविंद कुमार सिंह, चंदेश्वर सिंह, बच्चा सिंह, कृष्ण सिंह, जनार्दन सिंह, सुशील साह, किशोरी साह, मनोज कुमार सहित ग्रामीण मौजूद थे।

# लीलापुर गांव में प्राचीन कुएं का हुआ सौंदर्यीकरण, ग्रामीणों में खुशी

प्रात : किरण संवाददाता



कैमूर। भभुआ प्रखंड के लीलापुर गांव में प्राचीन कुएं का हुआ सौंदर्यीकरण जिला परिषद सदस्य भभुआ विकास सिंह ने बताया कि बिहार राज्य षष्टम मद द्वारा अपने जिला परिषद निधि के द्वारा 82 हजार की लागत से गांव में प्राचीन कुएं का सुंदरीकरण कराया है कुआं काफी प्राचीन था और जर्जर अवस्था में पड़ा हुआ था गांव के ग्रामीण को आने-जाने में बीच रास्ते में कुआं पड़ जाता था जिसे हमेशा उसमें गिरने का शंका बना रहता था छोटे बच्चे भी सुरक्षित स्थिति में नहीं थे बगल में मंदिर होने से पूजा पाठ होने के चलते काफी भीड़ महिलाओं की लगती है जिसे छोटे बच्चों को कुआं में गिरने का डर बना रहता था चुनाव जितने से पहले वादा किया था कुएं का सौंदर्यकरण कर चबूतरा नुमा बनाया जाएगा सुंदरीकरण हो जाने से काफी खूबसूरती गांव में आई है वही 10-20 लोगों को बैठने के लिए काफी अच्छा इंतजाम हो गया है महिलाओं को भी पर्व त्यौहार के अवसर पर पूजा पाठ कथा वगैरह के लिए काफी सहूलियत होगी गांव के बड़े बुजुर्गों ने आशीर्वाद दिया व बेहतर कार्य को साराहा! गांव में भी कुछ समस्याएं हैं जिसको जल्द कराएंगे। वही मौके पर पप्पू सिंह, बादल सिंह, नन्हकू सिंह सिंह लक्ष्मण पासवान, चीन शर्मा, लोहा सिंह, प्रमोद सिंह, भूपेश कुमार सिंह, अजय कुमार शाह, विजय बहादुर पटेल,शाहिद काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# मूर्तिकार मां सरस्वती की प्रतिमाओं को दे रहे है अंतिम आकार

प्रात : किरण संवाददाता

बिक्रमगंज(रोहतास):अनुमंडल भर में सरस्वती पूजा को लेकर जश्न का माहौल देखने को मिल रहा है । इस त्योहार को लेकर जगह-जगह मां सरस्वती की प्रतिमा जोर शोर से बनाई जा रही हैं । मूर्तिकार बड़े हर्ष के साथ मूर्तियों की साज सजावट कर मां सरस्वती का सोलह श्रृंगार कर रहे हैं । वहीं अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत सभी प्रखंडों के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में भी भव्य रूप से तैयारी शुरू हो गई है । सरस्वती पूजा को लेकर बाजारों में भी रौनक दिखने लगी है । 14 फरवरी को मां सरस्वती पंडालों में विराजेंगी । मूर्तिकार मां सरस्वती की प्रतिमाओं को अंतिम रूप देने में जुटे हैं । अनुमंडल भर में रंग-बिरंगी अलग- अलग प्रकार के और अलग-अलग कीमत की मां सरस्वती की प्रतिमाएं उपलब्ध है । अगर कीमतों की बात करें तो यहां 1000 से लेकर 15 हजार रुपये तक के मां सरस्वती की प्रतिमाएं हैं । बचपन से ही मूर्ती बना रहे मूर्तिकार नासरीगंज प्रखंड अंतर्गत इटिम्हां के



बिट्टू कुमार प्रजापति को उम्मीद है कि पिछले साल के अनुसार इस साल भी मूर्तियों की अच्छी बिक्री होगी और आय बढ़ेगा । यहां काम करने वाले मूर्तिकार का कहना है कि यह उनका मुख्य रोजगार है । साल भर इस पर्व का इंतजार रहता है । वसंत पंचमी से एक महीना पहले मूर्तियों को बनाना शुरू करते हैं और इस बार भी हम लोगों ने मूर्तियां बनाई है । अब मूर्तियों को अंतिम रूप दे रहे हैं ।

हालांकि मां शारदे की प्रतिमा को अंतिम स्वरूप देने का काम अब अंतिम चरण पर है । मूर्तिकार श्री प्रजापति ने बताया कि बड़ी बारीकियों के साथ प्राकृतिक रंगों से मां शारदे की प्रतिमाओं का श्रृंगार किया जा रहा है । उन्होंने कहा कि यह प्रतिमाएं मां शारदे के आराध्य और उनके भक्तों को निश्चित ही पसंद आएगी । वसंत पंचमी हर साल माघ माह के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि को मनाई जाती है । इसे वसंत पंचमी सह सरस्वती पूजा के नाम से भी जाना जाता है ।

# गायत्री ट्रस्ट मंडल सासाराम की चतुर्थ बैठक

प्रात : किरण संवाददाता

बिक्रमगंज(रोहतास):रविवार को गायत्री ट्रस्ट मंडल सासाराम जिला रोहतास की चतुर्थ बैठक शहर के प्रज्ञा पीठ बिक्रमगंज गायत्री मंदिर के प्रांगण में संपन्न हुई । जिसकी अध्यक्षता सासाराम उप जोन के समन्वयक नीरज कुमार ने की । कार्यक्रम की विधिवत शुरूआत गुरु वंदना एवं दीप प्रज्वलित कर की गई । इस गोष्ठी में चिंतन मंथन के पश्चात निम्नलिखित प्रस्ताव पारित किए गए एवं ट्रस्ट मंडल के स्वरूप का किया गया विस्तार । मानव में देवत्व संवर्धन ,निधि एवं वित्तीय अनुशासन । युग निर्माण योजना के सप्तसूत्री आंदोलन में स्वालंबन की प्राथमिकता । सभी सदस्यों ने ताली बजाकर इन सभी प्रस्तावों का अनुमोदन किया । मंच का संचालन करते हुए प्रमुख ट्रस्टी प्रेम शंकर ओझा ने प्रखर प्रज्ञा सजल श्रद्धा तथा साधना उपासना एवं आराधना पर अपना विचार रखें । युग निर्माण



मिशन के सत संकल्प का सामूहिक पाठ किया गया तथा 21वीं सदी का संविधान बताया गया । कार्यक्रम के दौरान डॉ दिनेश शर्मा बिक्रमगंज ट्रस्टी , जयप्रकाश सिंह शिक्षक , चितरंजन सिंह ,अखिलेश पांडेय, संझौली ट्रस्टी राकेश शर्मा ,लोक सेवक नवीन चंद्र साह ,शिक्षक मदन मोहन वर्मा , मनोज कुमार ,सुनील कुमार , सुदर्शन प्रसाद वैश्य ,ओम प्रकाश गुप्ता, राधा मोहन चौधरी , इंदिरा तिवारी ,सुशीला देवी, मीना पाठक , किरण देवी ,कुसुम तिवारी, विद्या भारती ,कमला देवी, पुष्पा पटेल ,संध्या, पूसा ,गीतांजलि ,शांति , माया दीदी सहित अन्य लोग उपस्थित हुए । कार्यक्रम का समापन शांति पाठ के साथ संपन्न हुआ ।

# रोहतास में राहुल गांधी के प्रस्तावित न्याय यात्रा कार्यक्रम की तैयारी को लेकर कांग्रेस कमेटी की अहम बैठक हुई संपन्न

प्रात : किरण संवाददाता

सासाराम। राहुल गांधी कि न्याय यात्रा को लेकर रोहतास जिले के सासाराम में कांग्रेस कमिटी रोहतास ने अहम बैठक किया गया। बैठक कांग्रेस पार्टी राष्ट्रीय तथा प्रदेश वरिष्ठ नेता ने रोहतास जिला के कांग्रेस कार्यकताओं को कई निर्देश दिए। बिहार प्रदेश कांग्रेस पूर्व अध्यक्ष सह सासाराम लोकसभा चुनाव कॉर्डिनेटर कौकब अंसारी ने बताया कि 15-16 को सासाराम में न्याय यात्रा को लेकर बैठक में कार्यकताओं को जानकारी दी गई।

इसी कड़ी में आमजनों को फीडबैक में देखा गया है कि राहुल गांधी कि न्याय यात्रा को लेकर आमजनों में काफी उत्साह है लोग आज अन्यायी केंद्र सरकार से उब चुके हैं जिससे राहुल गांधी कि न्याय यात्रा पर लोगों का भरोसा है जिसको लेकर पार्टी कार्यकताओं सहीत आमजनों में काफी उत्साह है। उन्होंने कहा कि मंहगाई बिरोजगारी किसान महिलाओं कि समस्या केंद्र सरकार नहीं सुलझा रही है।

मणिपुर घटना को लेकर लोकसभा हो स्थल पर कभी प्रधानमंत्री जबाब नहीं देते हुए कन्नी काटते रहे हैं। भाजपा से किसान महिला छात्र व्यवसाई बेरोजगार सहीत कमजोर वर्गों के लोग परेशान हैं। यही प्रमाण है कि राहुल गांधी कि न्याय यात्रा में उमड़ते जनसैलाब पर सत्ताधारी दल घबरा गयी है जिससे न्याय यात्रा रोकने को लेकर भी तरह-तरह हथकंडे अपनाए जा रहे हैं। लेकिन जनता इसका जबाब भाजपा को जरुर देगी। गौरतलब हो कि सासाराम में न्याय यात्रा को लेकर जमुहार में स्थल चयनित पार्टी ने किया है जिसका तैयारी को लेकर कांग्रेस कार्यकताओं के वरिष्ठ नेता ने आज सासाराम में बैठक में कई निर्देश दिए गए। इससे पहले कांग्रेस कार्यकताओं ने सासाराम में पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के मूर्ति मल्यार्पण किया।

# हजारों बेरोजगार युवकों का बैठक सासाराम में, मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे आशुतोष सिंह

सासाराम/रोहतासःआज रेलवे मैदान सासाराम में हजारों बेरोजगार युवाको का बैठक किया गया जिसका नेतृत्व रिषि कुमार और अर्जुन दीपक यादव ने किया सभी नौजवान युवा रोजगार युवकों ने मिलकर मुख्य अतिथि के रूप में बुलाया आशुतोष सिंह अधिवक्ता समाजसेवी को इनके साथ में पहुंचे पूर्व सीमा सुरक्षा बल के सब इंस्पेक्टर परशुराम सिंह,इस बैठक में मुख्य रूप से बिहार और भारत में बढ़ते बेरोजगारी पर चिंता व्यक्त किया गया सभी बेरोजगार युवकों ने बेरोजगारी के मुद्दा पर केंद्र सरकार और बिहार सरकार दोनों पर रोश व्यक्त किया,इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे समाजसेवी अधिवक्ता आशुतोष सिंह ने केंद्र सरकार और बिहार सरकार से मांग किया है कि सभी बेरोजगारों को जल्द से जल्द



रोजगार दे सरकार,सभि को सरकारी नौकरी की व्यवस्था करें सरकार और बड़े उद्योग से लेकर छोटे छोटे उद्योग लगाकर सभी बेरोजगारों को रोजगार देने का कार्य करे,ताकि बिहार और भारत में बेरोजगारों की संख्या खत्म हो और सभी को रोजगार मिले इस मौके पर रोहतास कैमूर बक्सर आरा भोजपुर कई जिला के हजारों बेरोजगार युवा लोग जुटे हुए थे जिसमें मुख्य रूप से केमुर जिला से सोनू यादव,मोनू यादव,रिंकू कुमार,अंकित कुमार,हरिकेश कुमार,बक्सर जिला से छोटू सिंह,मनजीत कुमार,भोला सिंह,जीतू कुमार, तपेस कुमार,तनबिर खान,शशि कुमार,मनीष कुमार,हैप्पी कुमार,चंदन रॉयल,प्रेम यादव,कश्यप कुमार,रन्जन सिंह, राहुल कुमार,अभिनाश कुमार,विकास कुशवाहा,रितिक कुमार,सुभाष कुशवाहा,जीतू कुमार,रोहित कुमार,भोला सिंह,मनजीत कुमार,छोटू सिंह,आलोक कुशवाहा,शेरा सिंह,शुभम राजपुत,हजारों नौजवान युवा बेरोजगार जुटे हुए थे।

# भाजपा ने गांव चलो अभियान के तहत ग्रामीणों को दी योजनाओं की जानकारी

प्रात : किरण संवाददाता

डेहरी (रोहतास)। गांव चलो अभियान के तहत डेहरी विधानसभा अंतर्गत बालवाड़ी पंचायत में बूथ नंबर 172,173,174 में ग्राम नावाडीह में डेहरी विधानसभा के पूर्व विधायक इंजीनियर सतनारायण सिंह एवं बिहार प्रदेश प्रवक्ता किसान मोर्चा अजय ओझा के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में ग्रामीण को जानकारी दिया गया तथा 24 घंटो का प्रवास किया गया ।जिसमे किसान मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष श्रीकांत मिश्रा, किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष उदय कुशवाहा, बूथ अध्यक्ष योगेश मिश्रा, धनंजय कुमार सिंह, विधानसभा विस्तारक कुश पांडे, प्रखंड कोषाध्यक्ष नवल किशोर मिश्रा, शक्ति केंद्र प्रभारी संजय सिंह आदि कार्यकताओं ने पूरे गांव में ढोल नगाड़ों के साथ घर-घर



जाकर जनसंपर्क कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विश्वकर्मा योजना, लखपति दीदी योजना, किसान सम्मन निधि योजना, आयुष्मान भारत योजना, आदि विभिन्न योजनाओं के बारे में लोगों को बताया गया एवं उन्हें प्रेरित किया गया। प्रदेश प्रवक्ता किसान मोर्चा अजय ओझा ने लोगो से अपील करते हुए कहा की आप सभी लोग वसुधा केंद्र पर जाकर तत्काल विश्वकर्मा योजना का ऑनलाइन आवेदन करें और लाभ उठाए । मौके पर दर्जनों भाजपा कार्यकताओं के साथ ग्रामीण, दुकानदार आदि लोगों से जनसंपर्क कर योजनाओं की जानकारी दिया गया।

### लोकसभा चुनाव निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण तरीके से कराने के लिए 24 कोषांगो का गठन

प्रात : किरण संवाददाता

गया। आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 को स्वच्छ, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण संपूर्ण कार्यों सुव्यवस्थित ढंग से समय सीमा के अंदर संपन्न कराने एवं निर्वाचन के कार्यो का सफल संचालन के उद्देश्य से जिला पदाधिकारी गया डॉ० त्यागराजन एसएम ने गया जिला अंतर्गत कुल 24 कोषांगों का गठन करते हुए हैं।पदाधिकारी एवं कर्मियों की प्रतिनियुक्ति करते हुए कार्य आवंटित किया है। कार्मिक कोषांग सह कार्मिक कल्याण कोषांग के वरीय प्रभारी पदाधिकारी अपर सम्हर्ता राजस्व अंजनी कुमार को बनाया गया है। इसके अंतर्गत नोडल पदाधिकारी के रूप में जिला स्थापना उप समाहर्ता, जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं जिला कल्याण पदाधिकारी को नामित किया गया है। प्रशिक्षण कोषांग के वरीय प्रभारी पदाधिकारी उप विकास आयुक्त को बनाया गया है।

# बाबा साहब संबिधान निर्माता भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर पर किया गया विचार गोष्ठी

आरा। बिसुनपुरा मे दलित मोर्चा के द्वारा बाबा साहब संबिधान निमार्ता भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर के सपनो पर आधारित समाजिक, आर्थिक,शैक्षनिक,एवं लोकतान्त्रिक अधिकार को प्राप्त करने के लिए बिचार गोष्ठी किया गया। जिस बिचार गोष्ठी को सम्बोधित करते हुवे अध्यक्ष गोरखनाथ अकेला ने कहा कि 77 वर्ष आजादी के बाद भी आर्थिक समाजिक शैक्षणिक अधिकार लोगो को नहीं मिल रहा है और इसका मुख्य कारण है लोकतंत्र



कि हत्या, क्योकि सरकार निरंकुश हो गई है उसको वोट से डर नहीं है क्यो कि evm का दरूपयोग कर के वोट चोरी हो रही है और सरकारे बन रही है जो बहुत ही चिंता कि बात है। महिला विंग अध्यक्ष सुनैना कुमारी ने महिला पर हो रहे त्याचार के खिलाफ गोलबंद होने का हवान किय। गोष्ठी को सम्बोधित करने वालों मे प्रबक्ता ललन प्रसाद नट, संरक्षक दिलीप प्रसाद, आसा देवी, सुनीता देवी, रामनाथ राम,बचलाल पाल, रमेश प्रसाद, हरिगोविन्द राम, दिनेश कुमार, हरिकीसून राम, भिखारी राम, ने गोष्ठी को सम्बोधित किया, सूचक, गोरखनाथ अकेला, अध्यक्ष दलित मोर्चा ।

# जिला स्तरीय बालक बालिका वर्ग का लगोरी प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

आराः जमालपुर के अम्बिका शरण सिंह उच्च विद्यालय मे जिला स्तरीय बालक और बालिका वर्ग का लगोरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के उद्घाटन करता के रूप में श्री अमित कुमार सिंह जिला परियोजना अधिकारी, जिला गंगा समिति भोजपुर, मुख्य अतिथि के रूप में श्री आनंद कुमार



प्रखंड विकास पदाधिकारी उपस्थित बड़हरा, विशेष स्थिति के रूप में केमेस्ट्री बाय मिथिलेश प्रधान के संस्थापक श्री मिथिलेश प्रधान और अम्बिका शरण सिंह उच्च विद्यालय जमालपुर के प्रधानाचार्य सुनील कुमार सिंह उपस्थित रहे। इस लगोरी प्रतियोगिता के दोनो फाइनल मुकाबले में आरा बनाम पटना की टीम के बीच मुकाबला हुआ । दोनों मुकाबले में आरा विजई रहा। बालक वर्ग ने पटना को 20 - 10 से हराया वही बालिका वर्ग ने पटना को 10 - 0 से हराकर फाइनल के ट्रॉफी पर अपना कब्जा जमाया ।जिला परियोजना अधिकारी अमित कुमार सिंह ने कहा कि किसी भी खेल में अनुशासन और एकता का होना उतना ही आवश्यकता है जितना जीवन जीने के लिए वायु अगर किसी प्लेयर में ये दोनो चीजे हो ओ हर के मुकाम हासिल कर सकता हैं।

# लोजपा प्रधान कार्यालय में राजेश्वर प्रसाद सिंह के नेतृत्व में एनडीए का किया गया बैठक आयोजित

प्रात : किरण संवाददाता

आराः हरी जी जाता लोजपा प्रधान कार्यालय में राजेश्वर प्रसाद सिंह के नेतृत्व में एनडीए का बैठक आयोजित किया गया। जिसमे लोजपा के प्रधान महासचिव की लड़की के साथ गैंगरेप की घटना पर गहरा चिंता जताया गया। और पुलिस प्रशासन से मांग किया गया की दोषी अभियुक्तों को शीघ्र गिरफ्तारी की जाए तथा सिंह एवं उनके परिजनों पर लगाए गए झूठे आरोप को जांच कर खारिज किया जाए। दोनो कारवाई त्वरित गति से निष्पासन नही होता है बाध्य होकर एनडीए गठबंधन के तरफ से दिनांक 15.02.2024 से समाहर्ता




महोदय के समक्ष अनश्चित कालीन धरना प्रदर्शन किया जायेगा। जिसमे केंद्रीय मंत्री पशुपति कुमार पारस तथा भाजपा और जदयू के मंत्री और विधायक सम्मिलत होंगे। प्रेस कॉन्फ्रेंस में ऊपस्थित लोग। राजेश्वर प्रसाद सिंह, विश्वनाथ प्रताप सिंह जदयू नेता, आरती देवी, मंजू कुमारी मानवाधिकार कार्यकर्ता, महानगर अध्यक्ष हरिकृष्ण प्रसाद, अध्यक्ष काली चरण प्रसाद ,विकेश विधाता, रंजीत कुमार, रंजीत पासवान, चंदन पासवान, विजय चौहान, अशोक सिंह, सुबोध सिंह, गोल्डी सिंह, अमरेंद्र सिंह, रमेश पासवान, सुरेंद्र पासवान, प्रेमचंद यादव, गणेश शर्मा, संजू पासवान आदि अनेकों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# आधुनिक भारत के चाणक्य थे पं दीनदयाल उपाध्याय : सत्येंद्र नारायण सिंह

आरा। जनसंघ के दसवें राष्ट्रीय अध्यक्ष महामनीषी पं दीनदयाल उपाध्याय जी की पुण्यतिथि पर अखिल भारतीय जनसंघ की प्रदेश कार्यसमिति द्वारा फ्रेंड्स कॉलोनी कार्यालय में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष सत्येंद्र नारायण सिंह ने की। आरंभ में पं दीनदयाल उपाध्याय, डॉ श्यामाप्रसाद मुखर्जी और प्रो बलराज मधोक के चित्रों पर माल्यार्पण किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य-वक्ता बोलते हुए जनसंघ के प्रदेश महामंत्री अधिवक्ता जय प्रकाश तिवारी ने कहा कि माननीय दिन दयाल उपाध्याय के समर्पण,आदर्शो तथा उनकी अद्भुत विचारधारा, जो भारतीय समाज को सशक्त बनाने की दिशा में थी, आज भी हमें प्रेरित करती है। उनके योगदान को याद करते हुए, हम उनकी सोच और



कार्यो के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को और भी मजबूत करने का संकल्प लेते हैं। वही प्रदेश अध्यक्ष सत्येन्द्र नारायण सिंह ने दिन दयाल उपाध्याय जी को आधुनिक भारत का चाणक्य बताते हुए उनके सिद्धांतों के अपनाने के लिए कहा।प्रदेश सचिव कुमार सौरभ ने कहा कि राष्ट्र आज जो अपनी खोई हुई गौरवशाली संस्कृति और इतिहास को पुनः प्राप्त करने की ओर अग्रसर है वो दीनदयाल जी के सिद्धांतो पर चलने का ही असर है। सारे जनसंघ के सदस्यों ने कार सेवा के लिए अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष आचार्य भारत भूषण पाण्डेय और प्रदेश महामंत्री जय प्रकाश तिवारी को माननीय सांसद महोदय द्वारा सम्मानित करने पर उनके प्रति आभार व्यक्त किया।सदस्यों ने भारत सरकार द्वारा लाल कृष्ण आडवाणी,पूर्व प्रधानमंत्री चरण सिंह एवम् पी वी नरसिम्हा राव तथा कृषि वैज्ञानकि एम एस स्वामीनाथन को भारत रत्न देने पर भी खुशियां व्यक्त किया। ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम के संसद द्वारा पारित होने पर प्रसन्नता व्यक्त किया।कार्यक्रम का संचालन मधेश्वर पाण्डेय तथा धन्यवाद ज्ञापन निलेश कुमार मिश्र ने किया।कार्यक्रम में विश्वनाथ दुबे,अमित कुमार सिंह, अखिलेश्वर नाथ तिवारी, पिंटू कुशवाहा तथा अभय यादव ने भी अपने विचार रखा।

# वेदांता रिसोर्सेज ने बॉण्डधारकों को पुनर्भुगतान किया

वेदांता रिसोर्सेज लिमिटेड (वीआरएल/वेदांता) ने घोषणा की है कि उसने अपने बॉण्डधारकों को उस वर्ष की शुरूआत में प्राप्त सहमति के अनुरूप 7 फरवरी, 2024 को पुनर्भुगतान पूरा कर लिया है, जिसमें बॉण्ड में 3.2 बिलियन डॉलर की परिपक्वता अवधि को सफलतापूर्वक 2029 तक बढ़ा दिया गया था।



वीआरएल को यह जानकर खुशी हो रही है कि इस प्रक्रिया के पूरा होने के साथ, वीआरएल में ऋण परिपक्वता अधिक समान हो गई है, जो कि इस प्रक्रिया के लिए हमारा मुख्य उद्देश्य था। जैसा कि आप जानते हैं, वेदांता समूह ने पिछले साल सितंबर में एक महत्वपूर्ण विलय और पुनर्गठन योजना की घोषणा की थी। यह वेदांता समूह को 17 प्रमुख व्यवसायों में पुनर्गठित करेगा। प्रत्येक व्यवसाय में विश्व स्तरीय मैनेजमेंट लीडरशिप है, नवीनतम अत्याधुनिक टैक्नोलॉजी को नियोजित करना है, आयात प्रतिस्थापन और घरेलू मांग को पूरा करने का मुख्य प्रस्ताव है। वे संस्थागत और खुदरा निवेशकों को समान रूप से उच्च गुणवत्ता और विविध निवेश के अवसर भी प्रदान करते हैं। हम समय-समय पर कार्यान्वयन की प्रगति के बारे में अपडेट करेंगे।

# 11 सौ बूथों पर भाजपा प्रवासी कार्यकर्ताओं ने किया प्रवास

आरा। भारतीय जनता पार्टी केन्द्रीय नेतृत्व द्वारा आहूत चलो गांव की ओर कार्यक्रम में आज पार्टी के संस्थापक सदस्य स्वर्गीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के बलिदान दिवस के अवसर पर पार्टी के सभी प्रमुख नेता कार्यकताओं ने जिलाध्यक्ष दुर्गा राज के नेतृत्व में तथा सभी मंडलों में मंडल अध्यक्षों के निर्देशन में ज़िले के सभी गांवों में प्रवास कर पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के तैलचित्र पर माल्यार्पण किया। जिलाध्यक्ष दुर्गा राज ने बताया कि जिले सभी गांवों के लगभग 11 सौ



बुथो पर आज प्रवासी कार्यकताओं ने प्रवास किया। जिलाध्यक्ष दुर्गा राज ने सहार मंडल के अंधारी बुथ पर प्रवास किया और लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि आज पंडित दीनदयाल उपाध्याय मानववाद के प्रेरक के विचारों पर चलते हुए,आज पुरे देश में अंत्योदय और एकात्म मानववाद के दर्शन को पुरे विश्व में परचम लहराने का काम मोदी जी के सरकार कर रही हैं। उन्होंने ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी सभी वर्गो के उत्थान के लिए एनेक कार्य कर रहे हैं, जिससे सभी समाज के वंचित तथा शोषित तबका समाज के मुख्य धारा से जुड़ रहे हैं। जबकि पुर्व कि कांग्रेस सरकार सरकार ने केवल नारा देकर अपनी सत्ता चलाने का कार्य किया और अपने परिवार को आगे बढ़ाने और सम्पत्ति अर्जित करने का काम किया। जबकि हमारे नरेन्द्र मोदी जी की सरकार पुरे देश को अपना परिवार मानकर सभी के कल्याण हेतु कार्य कर रहे हैं। पिछले सरकारों में नित्य दिन कहीं न कही घोटाले की भरमार रहती थी, जबकि वर्तमान सरकार के लगभग दस वर्षों के कार्यकाल में कहीं घोटाला और भ्रष्टाचार नहीं हुआ। हमारी सरकार साबका साथ सबका बिकास सबका प्रयास के तहत काम कर रही है कार्यक्रम में सहार मंडल अध्यक्ष रविरंजन सिंह, ऋतुराज जी,हरेंद्र पाण्डेय,राजकुमार कुशवाह,निशांत सिंह सेंगर मौजूद थे।

# अंडर-19 पेसर नमन तिवारी ने बुमराह से यॉर्कर डालना सीखा

## स्टेन और अख्तर भी पसंद : पिता बोले– 2011 वर्ल्ड कप के बाद पहला बैट दिलाया



**सिडनी (एजेंसी)।** अंडर-19 वर्ल्ड कप के फाइनल में पहुंचने वाली टीम इंडिया के पेसर नमन तिवारी ने कहा कि जसप्रीत बुमराह की टिप्स उनके काम आ रही हैं। नमन ने बताया, बुमराह से ह्ष्ट में कई बार मुलाकात हुई, उनसे मैंने यॉर्कर फेंकना और गेंद को कंट्रोल करना सीखा। 18 साल के नमन आज ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ फाइनल में खेलते नजर आएंगे। वह बुमराह के साथ साउथ अफ्रीका के डेल स्टेन और पाकिस्तान के शोएब अख्तर को भी अपनी इंस्पिरेशन मानते हैं।

**पापा से 3 साल का समय लेकर अंडर-19 में सिलेक्ट हुए** – नमन के पिता सूर्यनाथ तिवारी एलआईसी एजेंट हैं। एक मिडिल क्लास पैरेंट्स होने के नाते उन्होंने भी बाकियों की तरह अपने बेटे को पढ़ाई करने पर ही ज्यादा जोर दिया। सूर्यनाथ ने मीडिया को बताया, नमन ने 2011 के वर्ल्ड कप के बाद क्रिकेट में इंटरेस्ट दिखाना शुरू कर दिया था। उसने तभी पहली बार बैट और बॉल खरीदने की जिद भी की। वो पढ़ाई में भी अच्छा है लेकिन वर्ल्ड कप के बाद उसने एकेडमी जॉइन करने की जिद की। उसने मुझसे खुद को साबित करने के लिए 3 साल का समय मांगा। तब से मैंने उसे कभी नहीं रोका और हमेशा ही उसका सपोर्ट किया। एक ही साल में उसने अंडर-14 टीम में जगह बनाई और कुछ साल बाद अंडर-19 टीम में भी उसका सिलेक्शन हो गया।

**'टेस्ट क्रिकेट सबसे चैलेंजिंग, यही मेरा सपना'** – नमन बोले, मैं दुनिया की सबसे तेज गेंद फेंकना चाहता हूं। मैं सीनियर टीम के साथ वर्ल्ड कप भी खेलना चाहता हूं लेकिन फिलहाल, मेरा फोकस परफॉर्मेंस पर है। मैं लगातार इम्प्रूवमेंट कर अपना गेम सुधारना चाहता हूं। भविष्य में और भी बड़े चैलेंज आएंगे और मैं उसी के लिए खुद को तैयार रखने की कोशिश करूंगा। मुझे सभी फॉर्मेट खेलना पसंद हैं, लेकिन टेस्ट क्रिकेट सबसे चैलेंजिंग लगता है। एक बॉलर का असली टेस्ट इसी फॉर्मेट में होता है। मैं आगे चलकर एक अच्छा टेस्ट क्रिकेटर बनना चाहता हूं।

**बैटिंग पसंद लेकिन मौके कम मिले तो बॉलिंग शुरू कर दी** – नमन ने बताया, मैंने बल्लेबाज के रूप में खेलना शुरू किया, मुझे बैटिंग ही पसंद है। लेकिन लखनऊ की एकेडमी में ज्यादा मौके नहीं मिले तो मैंने फिर बॉलिंग करना शुरू कर दिया। मैं लेफ्टी बैटिंग करता हूं, इसीलिए मैंने लेफ्ट आर्म से ही बॉलिंग भी शुरू कर दी।

- **बुमराह से बहुत सीखा, स्टेन, स्टार्क और अख्तर भी पसंद** – नमन ने कहा, बुमराह मेरी इंस्पिरेशन हैं। मैं उनकी बॉलिंग वीडियो को देखते रहता हूं, मैंने एनसीए में कई बार उनसे मुलाकात की और तेज गेंदबाज के माइंडसेट और स्किल्स के बारे में जाना ।बुमराह ने यॉर्कर को लेकर टिप्स दीं, जो आज मेरे काम आ रही हैं। उनकी टिप्स पर मैंने बहुत काम किया, मुझे अपने गेम में एग्रेसन लाने के लिए आगे और काम करना है। मैं हर तेज गेंदबाज से कुछ न कुछ सीखने की कोशिश करता हूं। बुमराह की वीडियो देखकर सीखता हूं। मुझे शोएब अख्तर की स्पीड, डेल स्टेन की स्विंग और मिचेल स्टार्क का एग्रेसन भी पसंद है।
- **टीम एफर्ट से फाइनल तक पहुंचे** – नमन ने मीडिया को बताया, खिलाड़ियों की परफॉर्मेंस अब तक शानदार रही है। साउथ अफ्रीका के खिलाफ सेमीफाइनल में तो टीम ने कुछ ज्यादा ही स्पेशल परफॉर्मेंस दी। मैं अपनी और टीम की परफॉर्मेंस से खुश हूं, चाहूंगा कि इसे हम फाइनल में भी बरकरार रख सकूं।

**साक्षी मलिक ने साधा निशाना**

# पीटी उषा और मैरी कॉम ने पहलवानों के समर्थन में कुछ नहीं बोला



**नईदिल्ली (एजेंसी)।** संन्यास ले चुकी पहलवान साक्षी मलिक ने भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के पूर्व प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ यौन उत्पीड़न के आरोपों पर महिला पहलवानों के एक समूह के विरोध प्रदर्शन को समर्थन नहीं देने के लिए देश की जानी-मानी खिलाड़ियों- पीटी उषा और मैरी कॉम पर निशाना साधा है। मलिक ने कहा कि हालांकि उषा और मैरी कॉम को उनकी जैसे खिलाड़ियों द्वारा एक ''प्रेरणा' के रूप में लिया जाता था, लेकिन उन्होंने पीड़ित महिला पहलवानों के समर्थन में कुछ नहीं बोला।

ओलंपिक पदक विजेता यहां कनकक्कुन्नू में आयोजित 'मातृभूमि इंटरनेशनल फेस्टिवल ऑफ लेटर्स' (एमबीआईएफएल) 2024 के तहत एक सत्र को संबोधित कर रही थी। अपने आंदोलन को लेकर दिग्गज खेल सितारों की प्रतिक्रिया पर हैरानी जताते हुए उन्होंने कहा कि उन दोनों ने पहलवानों को पूरा समर्थन देने का आश्वासन दिया था, लेकिन कोई समाधान निकालने के लिए कुछ नहीं किया। मलिक ने कहा, ''पी टी उषा मैडम हमारे प्रदर्शन स्थल पर आई थीं। हमने उन्हें अपने मुद्दों के बारे में विस्तार से बताया था... वह हमारा समर्थन कर सकती थीं... लेकिन वह हमें यह आश्वासन देने के बावजूद चुप रहीं कि वह हमारे साथ खड़ी रहेंगी और हरसंभव मदद करेंगी।

दिग्गज पहलवान मैरी कॉम के बारे में बात करते हुए वह थोड़ा भावुक हो गई। मैरी कॉम, बृज भूषण शरण सिंह के खिलाफ यौन उत्पीड़न के आरोपों की जांच करने और एक रिपोर्ट सौंपने के लिए गठित निरीक्षण समिति की सदस्य थीं। उन्होंने कहा कि जब मैरी कॉम समिति में थीं तो उन्होंने प्रत्येक महिला पहलवान की कहानियां सुनीं। उन्होंने कहा, ''कहानियां सुनने के बाद वह बहुत भावुक हो गई..उन्होंने यह भी कहा था कि वह हमारे साथ खड़ी रहेंगी। उन्होंने कहा कि लेकिन कई महीने बीत जाने के बाद भी कोई समाधान नहीं निकला। बजरंग पुनिया, विनेश फोगाट और साक्षी मलिक जैसे शीर्ष पहलवानों ने महिला पहलवानों के खिलाफ यौन उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए भूषण की गिरफ्तारी की मांग को लेकर नई दिल्ली में धरना दिया था।

# निखत और अमित 75वें स्ट्रैंड्जा मेमोरियल के फाइनल में पहुंचे

## 4 और भारतीय भी गोल्ड मेडल की रेस में; सबीना बोबोकुलोवा से जरीन का मुकाबला



**बुल्गारिया (एजेंसी)।** बुल्गारिया के सोफिया में चल रहे 75वें स्ट्रैंड्जा मेमोरियल टूर्नामेंट में वर्ल्ड चैंपियन निखत जरीन और कॉमनवेल्थ गेम्स के गोल्ड मेडलिस्ट अमित पंघल सहित 6 भारतीय बॉक्सर फाइनल में पहुंच गए हैं। वहीं नवीन और आकाश को सेमीफाइनल में हार के बाद ब्रॉन्ज मेडल से संतोष करना पड़ा।

**निखत ने दूसरे और तीसरे राउंड में किया क्लिन स्वीप** – पहले सेमीफाइनल में महिलाओं के 50 किलो वेट में निखत ने बुल्गारिया की ही बॉक्सर ज्लातिस्लावा चुकानोवा को हराकर फाइनल में अपना स्थान पक्का किया। निखत ने पहले राउंड को 3-2 से जीता। उसके बाद दूसरे और तीसरे राउंड में क्लिन स्वीप करते हुए दोनों राउंड को 5-0 से जीत लिया। निखत का फाइनल में रविवार को उज्बेकिस्तान की सबीना बोबोकुलोवा से मुकाबला होगा।

**अमित का फाइनल में वर्ल्ड चैंपियन से मुकाबला** –वहीं पुरुषों के 51 किलो वेट में अमित पंघल ने क्लीन स्वीप करते हुए तुर्की के गुमुस को तीनों ही राउंड में 5-0 से हराया। अमित फाइनल में मौजूदा वर्ल्ड चैंपियन कजाखिस्तान के संझार ताशकेनबे से भिड़ेंगे।

**अरुंधति और बरुण ने तीनों राउंड में क्लिन स्वीप किया** – महिलाओं के 66 किलो वेट में अरुंधति चौधरी ने स्लोवाकिया की जेसिका को तीनों राउंड में 5-0 से हराते हुए इस मुकाबले को आसानी से जीत लिया। फाइनल में उनका मुकाबला रविवार को एशियाई चैंपियन चीन की यांग लियू से होगा।वहीं पुरुषों के 48 किलो वेट में बरुण सिंह शगोलशेम ने अल्जीरिया के खेनौसी कामेल को तीनों राउंड में 5-0 से हराया। बरुण सिंह को क्वार्टर फाइनल में बाई मिला था। वहीं फाइनल में रविवार को उनका मुकाबला किर्गिस्तान के खोडज़िएव अनवरजान से होगा।अरुंधति चौधरी ने स्लोवाकिया की जेसिका को तीनों राउंड में 5-0 से हराया।

**सचिन पहले राउंड में पिछड़ने के बाद दूसरा और तीसरा राउंड जीते** – 57 किलो वेट में सचिन ने यूक्रेन के अब्दुरमईमोव एइडर से पहले राउंड में 3-2 से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए दूसरे राउंड को 5-0 और तीसरे राउंड को 4-1 से जीत कर फाइनल में प्रवेश किया। सचिन का फाइनल में मुकाबला उज्बेकिस्तान के शेखजोद मुजाफारोव से होगा। पुरुषों के 67 किलो वेट में रजत को सेमीफाइनल में वॉकओवर मिलने के बाद फाइनल में प्रवेश कर लिया।

**आकाश और नवीन को मिले ब्रॉन्ज मेडल** – आकाश और नवीन को ब्रॉन्ज मेडल से संतोष करना पड़ा। 71 किलो वेट में आकाश को उज्बेकिस्तान के इकबोलजोन कोल्डारोव से हार का सामना करना पड़ा। आकाश ने पहला राउंड आसानी से जीत लिया, लेकिन उन्हें दूसरे और तीसरे राउंड में हार का सामना करना पड़ा। पहला राउंड आकाश ने 5-0 से जीत लिया। वहीं उन्हें दूसरे राउंड में इकबोलजोन ने 3-2 और तीसरे राउंड में 3-2 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। वहीं 92 किलो वेट में भी नवीन कुमार को सेमीफाइनल में हार का सामना करना पड़ा। जॉर्जिया के जॉर्जी कुशिताश्विली आसानी से जीत लिए।

**फीस्टाइल शतरंज चैलेंज**

# गुकेश नें कार्लसन को हराकर किया उलटफेर



**हॅम्बर्ग ,जर्मनी(एजेंसी)।** फ्रीस्टाइल शतरंज गोट चैलेंज सुपर-टूर्नामेंट के पहले ही दिन भारत के डी गुकेश नें अपने शानदार खेल से सभी को बेहद प्रभावित किया । 960 शतरंज फॉर्मेट में हो रहे इस टूर्नामेंट में दुनिया के 8 बेहतरीन खिलाड़ियों को शामिल किया गया है पहले तीन राउंड में गुकेश नें दो जीत के साथ शतरंज के इस फॉर्मेट में अपना दमदार पर्दापण किया । हालांकि गुकेश को पहले राउंड में फ्रांस के अलीरेजा फिरौजा से एंडगेम में हार का सामना करना पड़ा था पर उन्होने दूसरे राउंड में टूर्नामेंट के टॉप सीड पाँच बार के विश्व चैम्पियन नॉर्वे के मैगनस कार्लसन को पराजित करते हुए 960 शतरंज फॉर्मेट में अपनी पहली जीत दर्ज की । इसके बाद गुकेश नें अगले राउंड में यूएसए के पूर्व विश्व कप विजेता लेवान अरोनियन को पराजित कर फिर अपनी क्षमता का परिचय दिया । बड़ी बात यह थी की कार्लसन और अरोनियन के खिलाफ गुकेश की यह जीत एंडगेम में बेहतरीन खेल से आई । तीन राउंड के बाद फिलहाल मेजबान जर्मनी के विन्सेंट केमर 2.5 अंक बनाकर एकल बढ़त पर चल रहे है जबकि भारत के गुकेश समेत यूएसए के फबियानों करूआना, उज़्बेक्सितान के अब्दुसत्तोरोव नोदिरबेक और फ्रांस के अलीरेजा फिरौजा 2 अंक बनाकर सयुंक्त दूसरे स्थान पर चल रहे है । अन्य खिलाड़ियों में विश्व के नंबर एक खिलाड़ी नॉर्वे के मैग्नस कार्लसन 1 अंक , यूएसए के लेवान अरोनियन 0.5 अंक पर है , और वर्तमान विश्व चैंपियन चीन के डिंग लिरेन अभी खाता भी नहीं खोल पाये है

# जैक लीच भारत के खिलाफ टेस्ट सीरीज से बाहर

## घुटने की चोट की वजह से इंग्लैंड लौटेंगे; पहले मैच में इंजर्ड हुए थे

**लंदन (एजेंसी)।** इंग्लैंड के स्पिनर जैक लीच भारत के खिलाफ टेस्ट सीरीज के बाकी बचे तीन मैचों से बाहर हो गए हैं। लीच को सीरीज के पहले मैच में घुटने में चोट लग गई थी, इस वजह से वह दूसरा मैच भी नहीं खेल सके थे।

**भारत-इंग्लैंड टेस्ट सीरीज का शेड्यूल**

| मैच | कहां | कब |
|---|---|---|
| पहला टेस्ट | हैदराबाद | 25-29 जनवरी |
| दूसरा टेस्ट | विशाखापट्टनम | 2-6 फरवरी |
| तीसरा टेस्ट | राजकोट | 15-19 फरवरी |
| चौथा टेस्ट | रांची | 23-27 फरवरी |
| पांचवां टेस्ट | धर्मशाला | 7-11 मार्च |

*सभी मुकाबले सुबह 9:30 बजे से शुरू होंगे।

लीच घुटने की चोट के इलाज के लिए वापस इंग्लैंड लौट रहे हैं। इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड ने रविवार को यह जानकारी सोशल मीडिया पर दी है। भारत और इंग्लैंड के बीच तीसरा मैच 15 फरवरी से राजकोट में खेला जाएगा।

**लीच ने सीरीज में लिए 2 विकेट** – सीरीज में लीच ने 1 ही मैच खेला, इसमें उन्होंने 2 विकेट लिए। लीच ने करियर में भारत के खिलाफ कुल 6 मैच खेले, जिसमें उन्होंने 21 विकेट लिए है। लीच लगातार दूसरी सीरीज में इंजर्ड हुए है। इससे पहले जुलाई 2023 में भी वे ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ ऐशेज सीरीज नहीं खेल सके थे।

**टेस्ट सीरीज में 1-1 की बराबरी पर है टीम** – 5 मैचों की टेस्ट सीरीज 1-1 की बराबरी पर है। इंग्लैंड ने हैदराबाद में पहला मुकाबला 28 रन से जीता था। जबकि विशाखापट्?टनम में दूसरा मुकाबला भारत ने 106 रन से जीता। 15 फरवरी से तीसरा टेस्ट राजकोट में खेला जाएगा। चौथा टेस्ट 23 फरवरी से रांची और 7 मार्च से 5वां टेस्ट धर्मशाला में होगा।

**भारत ने घर में आखिरी सीरीज 3-1 से जीती थी** – भारत और इंग्लैंड के बीच आखिरी टेस्ट सीरीज अगस्त 2021 के दौरान इंग्लैंड में हुई थी। 5 टेस्ट की सीरीज 2-2 से ड्रॉ रही थी। वहीं, भारत में दोनों के बीच आखिरी सीरीज फरवरी 2021 में हुई, 4 टेस्ट की इस सीरीज को भारत ने 3-1 से जीता था।

# ऑस्ट्रेलिया विमेंस ने साउथ अफ्रीका को 110 रन से हराया

## वनडे सीरीज 2-1 से जीती, हीली और मूनी के अर्धशतक



**सिडनी (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया विमेंस ने तीन मैच की वनडे सीरीज के आखिरी मुकाबले में साउथ अफ्रीका विमेंस टीम को डकवर्थ लुईस नियम से 110 रन से हरा दिया। इस जीत के ऑस्ट्रेलिया वनडे सीरीज 2-1 से जीत ली।

सिडनी के मैदान पर शनिवार को ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर बैटिंग चुनी। टीम ने निर्धारित 50 ओवर में नौ विकेट खोकर 277 रन बनाए। जवाब में बारिश के कारण दूसरी पारी में साउथ अफ्रीका को 31 ओवर में 238 रन बनाने का टारगेट मिला। लेकिन, साउथ अफ्रीका 24.3 ओवर में 127 रन पर ही सिमट गया।

**मूनी ने 82 रन की पारी खेली** – पहले बैटिंग करने उतरी ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत अच्छी नहीं रही। टीम को पहला झटका 17 रन के स्कोर पर लगा। ओपनर फोएबे लिचफील्ड 5 रन बनाकर आउट हो गईं। इसके बाद टीम ने संभल खेलना शुरू किया। टीम के लिए बेथ मूनी और एलिसा हीली ने अर्धशतक लगाया। मूनी ने 91 बॉल पर 82 रन की पारी खेली। हीली ने 73 बॉल पर 60 रन बनाए। इसके अलावा ताहलिया मैक्ग्रा ने 44, एलिसा पैरी ने 24 और एनाबेल सदरलैंड ने 17 रन बनाए।

- **मसाबता क्लास ने चार विकेट लिए** – साउथ अफ्रीका की तरफ से मसाबता क्लास ने गेंदबाजी कमाल दिखाया। उन्होंने टीम के लिए सबसे ज्यादा चार विकेट झटके। मेरिजान कैप, एलिस-मरिमैक्स, नादिन डी क्लार्क और क्लोई ट्रायन को एक-एक विकेट मिला।
- **साउथ अफ्रीक की तरफ से कोई खिलाड़ी बड़ी पारी नहीं खेल सकी** – टारगेट का पीछा करने उतरी साउथ अफ्रीकी टीम की भी शुरुआत अच्छी नहीं रही। टीम ने 8 रन के स्कोर पर पहला विकेट कप्तान लौरा वोल्वार्ड्ट के रूप में गंवा दिया। टीम के लिए सुने लूस (34) और तजमीन ब्रिट्स (31) ने सबसे ज्यादा रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया वुमेंस टीम की तरफ से गेंदबाजी में अलाना किंग ने जहां 5 ओवरों में सिर्फ 26 रन देते हुए 4 विकेट हासिल किए तो वहीं ताहलिया मैक्ग्रा और किम ग्रेथ ने 3-3 विकेट हासिल किए।

# बेहद ग्लैमरस है दोहरा शतक जड़ने वाले पथुम निसांका की वाइफ

**कोलंबो (एजेंसी)।** श्रीलंकाई क्रिकेटर पथुम निसांका सिल्वा अफगानिस्तान के खिलाफ दोहरा शतक लगाते ही वनडे में यह उपलब्धि हासिल करने वाले 10वें क्रिकेटर बन गए हैं। निसांका वनडे की एक पारी में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने श्रीलंकाई क्रिकेटर सनथ जयसूर्या का बनाया गया 189 रन का रिकॉर्ड तोड़ा। निसांका ने मार्च 2021 में श्रीलंकाई क्रिकेट टीम के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया था। उन्होंने दिसंबर 2022 में ईशा कुमारसिघे से शादी की जोकि ग्लैमरस लाइफ के लिए जानी जाती है।यह जोड़ा खुशी-खुशी अपना जीवन एक साथ जी रहा है और निसांका अक्सर अपनी पत्नी ईशा के साथ तस्वीरें इंस्टाग्राम पर साझा करते रहते हैं। गाले के रहने वाले पथुम निसांका का परिवार वित्तीय चुनौतियों से जूझता रहा है। उनके पिता सुनील सिल्वा एक ग्राउंड बॉय के रूप में काम करते थे और उनकी मां कालूतारा मंदिर के पास फूल बेचती थीं। अपने मामूली साधनों के बावजूद, पथुम ने कलुतारा विद्यालय में अपने समय के दौरान अपनी क्रिकेट यात्रा शुरू की। वह स्कूल क्रिकेट चैंपियनशिप के दौरान कोलंबो के कोल्ट्स मैदान में प्रेसिडेंट कॉलेज, राजगिरिया के खिलाफ 190 गेंदों पर नाबाद दोहरा शतक (205) बनाकर भी चर्चा में आए थे।000



# डरबन सुपर जायंट्स को 89 रन से हराया: एबेल-ट्रिस्टन स्टब्स की फिफ्टी

**केप टाउन (एजेंसी) ।** सनराइजर्स ईस्टर्न केप ने साउथ अफ्रीकी लीग एसए20 का लगातार दूसरा टाइटल जीत लिया है। टीम के फाइनल मुकाबले में डरबन सुपर जायंट्स को 89 रनों से हराया। सनराइजर्स की टीम लीग के पहले सीजन में भी चैंपियन बनी थी। केपटाउन के न्यूलैंड्स मैदान पर कल रात 205 रन का टारगेट कर रही डरबन सुपर जायंट्स 17 ओवर में 115 रन पर ऑलआउट हो गई। इससे पहले, सनराइजर्स ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 3 विकेट पर 204 रन बनाए।टॉम एबेल (55 रन) प्लेयर ऑफ द मैच रहे। जबकि हेनरिक क्लासेन को प्लेयर ऑफ द सीरीज चुना गया।

**खराब रही सुपर जायंट्स की शुरुआत, डीकॉक नहीं चले** – जवाबी पारी में डरबन सुपर जायंट्स की टीम बड़े स्कोर के दबाव में बिखर गई। टीम की शुरुआत खराब रही और 5 रन के स्कोर पर कप्तान क्विंटन डीकॉक 3 रन बनाकर आउट हो गए। टीम की ओर से वायन मुल्डर ने सबसे ज्यादा 38 रन बनाए। ड्वेन प्रीटोरियस ने 28 और जूनियर डाला ने 15 रन का योगदान दिया। शेष बल्लेबाज नहीं चले।गेंदबाजी में मार्को यानसेन को 5 विकेट मिले। डैनियल वॉराल और ऑटनल बार्थमैन को 2-2 सफलताएं मिली।

**इंग इलेवन**

**सनराइजर्स ईस्टर्न केप**– जॉर्डन हरमन, डेविड मलान, टॉम एबेल, ऐडन मार्करम (कप्तान), ट्रिस्टन स्टब्स (विकेटकीपर), पैट्रिक क्रूगर, मार्को यानसन, लियम डॉसन, साइमन हार्मर, डैनियल वॉराल और ऑटनल बार्थमैन।

**डरबन सुपर जायंट्स**– मैथ्यू ब्रीट्जकी, फॉफ डु प्लेसिस (विकेटकीपर), जेजे स्मट्स, भानुका राजपक्षे, हेनरिक क्लासन, ड्वेन प्रीटोरियस, वायन मुल्डर, केशव महाराज (कप्तान), रीस टॉप्ली, जूनियर डाला और नवीन-उल-हक।

## संक्षिप्त समाचार

### केरल के कोझिकोड में दर्दनाक हादसा, नदी में नहाने गए तीन लोग डूबे

**कोझिकोड , एजेंसी।** केरल के कोझिकोड जिले में एक दर्दनाक हादसा सामने आया है। यहां एक नाबालिग लड़के समेत तीन लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि ये हादसा शनिवार को उत्तरी कोझिकोड जिले के कुन्नमंगलम में हुआ है। पुलिस के मुताबिक, हादसे में मारे गए लोगों की पहचान महिला सिंधु उर्फ मिनी, उसकी बेटी अथिरा और रिश्तेदार 13 वर्षीय अद्वैत के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि वह सभी लोग नदी में नहाने के लिए उतरे थे। कुन्नमंगलम पुलिस स्टेशन से जुड़े एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि ऐसा लगता है कि यह हादसा उस समय हुआ होगा, जब लड़का अचानक पानी में बह गया। इस दौरान महिला और उसकी बेटी ने उसे बचाने की कोशिश की। पुलिस अधिकारी ने बताया कि उन्हें नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी। फिलहाल पुलिस ने तीनों लोगों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

### भजनलाल सरकार दुष्कर्मियों की संपत्ति पर चलाएगी बुलडोजर

**जयपुर, एजेंसी।** राजस्थान के पंचायती राज और शिक्षामंत्री मदन दिलावर ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि बालिकाओं, महिलाओं के साथ छेड़छाड़, दुष्कर्म और हत्या करने वाले अपराधियों की संपत्तियों पर बुलडोजर चलाया जाएगा। सरकार ने ऐसी संपत्तियों की पहचान करना शुरू कर दिया है। मदन दिलावर ने कहा कि बालिकाओं के साथ अश्लील हरकत करने, छेड़छाड़, दुष्कर्म और दुष्कर्म के बाद हत्या करने वाले आरोपियों की संपत्ति की पहचान की जा रही है। ऐसे आरोपियों ने अवैध तरीके से मकान बनाए होंगे, नियमों का उल्लंघन किया होगा, अतिक्रमण कर के बनाया होगा, उनकी ऐसी सारी संपत्तियों पर बुलडोजर चलाएंगे। उन्होंने कहा कि ऐसे लोगों को हम बर्दाशत नहीं कर सकते. राजस्थान में माता-बहनों का सम्मान सर्वोपरी है। मंत्री दिलावर ने कहा कि महिलाओं और युवतियों से छेड़छाड़ और दुष्कर्म जैसे अपराध सरकारी कार्यालयों में भी हो रहे। इस तरह के अपराध में से करीब 10त्न अपराध सरकारी कार्यालयों में हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे कर्मचारियों को भी बख्शा नहीं जाएगा। अपराधियों के मन में डर बैठाना होगा ताकि अपराधी की मां, पत्नी उसे अपराध करने से रोकें।

### छत्तीसगढ़ में देश का पहला ऑनग्रिड सोलर एनर्जी प्लांट, हरित ऊर्जा को बढ़ावा देने सरकार की नई पहल

**रायपुर, एजेंसी।**छत्तीसगढ़ को सोलर उर्जा से जोड़ते हुए एक बार फिर नई पहल की गई है। छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव जिले में देश का पहला ऑनग्रिड सोलर एनर्जी प्लांट बनाकर तैयार किया जा चुकी है। प्रदेश में हरित उर्जा को आगे बढ़ाते हुए इस प्लांट का उत्पादन किया गया है। इससे साढ़े आने वाले दिनों में 4.5 लाख मीट्रिक टन तक कार्बन उत्सर्जन में कमी आएगी। जो कि बैटरी बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम पर आधारित किया गया है। प्रदेश के राजनांदगांव जिले में डोंगरगढ़ की पहाड़ी में इसे 9 गांवों में स्थापित किया गया है। ग्राम ढाबा के पहाड़ी क्षेत्र में देश का सबसे बड़ा बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम आधारित सौर ऊर्जा संयंत्र तैयार किया जा चुका है। जानकारी के मुताबिक इस सोलर सिस्टम से प्रतिदिन पांच लाख यूनिट से अधिक बिजली का उत्पादन किया जाएगा। इसके साथ ही लगभग 4.5 लाख मीट्रिक टन कार्बन उत्सर्जन में भी कमी आएगी। सरकार के इस पहल से हरित ऊर्जा को प्रोत्साहन मिलेगा। संयंत्र के साथ स्थापित बैटरी सिस्टम के मदद से रात के समय भी बिजली दूरस्थ ईलाकों में पहुंचाई जा सकेगी। इसे ग्रिड कनेक्टेड सोलर सिस्टम भी कहा जा सकता है। ऑन ग्रिड सोलर सिस्टम के माध्यम से सौर ऊर्जा से बिजली उत्पन्न की जाती है। साथ ही इसे नए तरीके से बनाया गया है जिससे इसे सीधे पावर ग्रिड से जोड़ा जा सकता है। इस प्रणाली में फोटोवोल्टिक पैनल, इनवर्टर, विद्युत केबल और ग्रिड कनेक्शन का उपयोग किया जाता है। इसे कुछ इस तरह समझ सकते हैं कि इस तकनीकि से बिजली तैयार कर जितने बिजली की अवश्यकता होगी उसका इस्तेमाल तुरंत करने के बाद उपयोगिता खत्म होने पर बिजली को स्टोर भी किया जा सकता है। ऑन ग्रिड सोलर सिस्टम उपभोक्ताओं को अपनी बिजली स्वयं उत्पन्न करने की अनुमति प्रदान करते हैं। यह ऑफ ग्रिड सोलर सिस्टम के विपरीत कार्य करता है जो कि सौर उर्जा के भंडारण की व्यवस्था पर निर्धारित है।

# भाजपा 400 से अधिक सीटें लाती है तो विपक्षी गठबंधन जिम्मेदार: आजाद

**नईदिल्ली, एजेंसी।** लोकसभा चुनाव 2024 के होने में कुछ महीने और बचे हैं। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) इस उम्मीद में है कि वह इस चुनाव में 400 सीटों पर जीत हासिल करेगी। वहीं अब कांग्रेस से अलग हो चुके वरिष्ठ नेता गुलाम नबी आजाद ने कांग्रेस पर परोक्ष रूप से निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में भाजपा 400 से अधिक सीट का लक्ष्य हासिल कर लेती है, तो विपक्षी गठबंधन इंडिया का नेतृत्व करने में विफल रहने वाली पार्टी इसके लिए जिम्मेदार होगी। कांग्रेस के पूर्व नेता आजाद ने पूर्व प्रधानमंत्रियों पीवी नरसिम्हा राव और चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न से सम्मानित करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को धन्यवाद दिया और कहा कि देश के लिए उत्कृष्ट योगदान के लिए वे इस सम्मान के पात्र थे।

जम्मू के बाहरी इलाके में अंतरराष्ट्रीय सीमा के निकट परगवाल के गरखाल में एक जनसभा से इतर पत्रकारों से बात करते हुए आजाद ने कहा, ''मैं कोई ज्योतिषी नहीं हूं, जो बता सकूं कि वे (भाजपा) (लोकसभा चुनाव में) 400 का आंकड़ा पार करेंगे या नहीं। यदि ऐसा हुआ, तो सभी



को साथ लेकर चलने में नाकाम रहने वाले जिम्मेदार होंगे। वह आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा के 400 सीट का आंकड़ा पार करने की संभावना और नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला द्वारा विपक्षी दलों के गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस (इंडिया) की स्थिति को लेकर जताई गई चिंता के बारे में एक सवाल का जवाब दे रहे थे। आजाद ने कहा, वह (उमर) (अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व वाली) भाजपा सरकार में मंत्री थे। शायद उन्हें अपनी पुरानी निष्ठा याद आ गयी होगी। जम्मू कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री आजाद ने कहा कि वह न तो कांग्रेस के करीब हैं और न ही भाजपा के। उन्होंने कहा, कांग्रेस को जो बोलना है, बोलने दीजिए। मेरे लिए, यदि भाजपा कुछ भी गलत कर रही है, तो मैं आलोचना करने वाला पहला व्यक्ति हूं और इसी तरह, यदि कांग्रेस कुछ भी सही कर रही है, तो मैं उन्हें श्रेय देने से पीछे नहीं हटूंगा।

कांग्रेस से इस्तीफा देने के बाद सितंबर 2022 में डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव आजाद पार्टी (डीपीएपी) बनाने वाले आजाद ने राव और सिंह को 'भारत रत्न देने संबंधी प्रधानमंत्री मोदी के फैसले का स्वागत किया। उन्होंने कहा, जब मैं उनके (नरसिंह राव के) मंत्रिमंडल में पर्यटन मंत्री था, तब राव मनमोहन सिंह को अपने वित्त मंत्री के रूप में लेकर आये थे। उनकी उदारीकरण की नीतियों ने बाहरी दुनिया के साथ तालमेल बैठाने के लिए अर्थव्यवस्था में क्रांति ला दी। मैंने हवाई सेवा में एकाधिकार को समाप्त करने के लिए उदारीकरण की नीति की वकालत की। आजाद ने कहा, सिंह सबसे बड़े किसान नेता थे और हमने किसान समुदाय में किसी को भी उनके कद के करीब आते नहीं देखा। देश के लिए उनके योगदान को मान्यता देने से कृषक समुदाय का मनोबल बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि वह राष्ट्रहित में दोनों नेताओं के काम को स्वीकार करने के लिए प्रधानमंत्री के आभारी हैं। उन्होंने कहा, यदि देश हित में कोई काम हुआ है, तो उसकी सराहना होनी चाहिए और अगर मौजूदा सरकार ऐसा कर रही है, तो हमें उसकी सराहना करनी चाहिए।

पाकिस्तान की मौजूदा स्थिति पर डीपीएपी नेता ने कहा कि चुनावी प्रक्रिया में सेना के हस्तक्षेप के कारण पड़ोसी देशों में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव होना बहुत दूर की बात है। उन्होंने कहा, पाकिस्तान बनने के बाद से ही हमारे (भारत) उसके साथ मतभेद रहे हैं और दोनों देशों के बीच तनाव के लिए पाकिस्तान जिम्मेदार है। आजादी के तुरंत बाद पाकिस्तान ने हमला करके हमारा हिस्सा अलग कर दिया, जिसे पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) के नाम से जाना जाता है। वहां हमारे भाई खुश नहीं हैं। उन्होंने कहा कि जहां भारत को लोकतंत्र मिला और चुनावी प्रक्रिया के माध्यम से प्रधानमंत्रियों को बदलते देखा, वहीं उन्हें तानाशाही मिली और सेना वहां सरकारें चला रही है। उन्होंने कहा, हम भाग्यशाली हैं कि हमारी सेना या कोई और हमारे चुनावों में हस्तक्षेप नहीं कर रहा है और यही लोकतंत्र है।

## अंतिम संस्कार में शामिल होने गए कर्मचारी, 100 से ज्यादा ट्रेनें रद्द

**मुंबई , एजेंसी।** सेंट्रल रेलवे मुंबई डिवीजन में शनिवार को ड्यूटी पर मोटरमैन के होने से 100 से अधिक लोकल ट्रेनें रद्द कर दी गईं। भायखला और सैंडहर्स्ट रोड स्टेशन के बीच सेंट्रल और हार्बर लाइन पर उपनगरीय ट्रेन सर्विस में देरी हुई। दरअसल, कई कर्मचारी (मोटरमैन) अपने सहकर्मी के अंतिम संस्कार में शामिल होने गए थे। रेलवे के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। इस घटना से सवाल उठ रहे हैं कि कहीं यह सुनियोजित विरोध प्रदर्शन तो नहीं था क्योंकि पहले भी मोटरमैन काम के अत्यधिक दबाव का मुद्दा उठा चुके हैं। शाम के वक्त रेल सेवाओं में देरी के कारण बड़ी संख्या में यात्री सीएसएमटी और अन्य स्टेशन पर फंसे रहे। अधिकारी ने कहा, ट्रेन सर्विस में देरी हुई क्योंकि कई मोटरमैन अपने सहयोगी मुरलीधर शर्मा के अंतिम संस्कार में शामिल होने कल्याण गए थे। शर्मा की शुक्रवार को भायखला और सैंडहर्स्ट रोड स्टेशन के बीच पटरी पार करते समय मौत हो गई थी। उन्होंने बताया कि शर्मा का अंतिम संस्कार दोपहर को होना था लेकिन यह शाम 5 बजे हो सका। अधिकारी ने बताया कि 88 लोकल ट्रेन सेवाओं सहित लगभग 147 ट्रेन रद्द कर दी गईं। सेंट्रल रेलवे मजदूर संघकर्मचारी संघ के अनुसार, मृतक मोटरमैन शर्मा को लेकर बीते दिनों जांच चल रही थी, क्योंकि उसने ड्यूटी के दौरान लाल सिग्नल जंप किया था। सीआरएमएस के महासचिव प्रवीण वाजपेयी ने प्रशासनिक कार्रवाइयों पर चिंता जताई। उन्होंने कर्मचारियों के मनोबल पर सिग्नल पासिंग एट डेंजर की दुर्घटनाओं के खतरनाक प्रभाव का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा, गलती होने पर दंड देने से पहले कारणों पर विचार करना चाहिए।

## लोकसभा चुनाव के लिए डीएमके ने कसी कमर ! चुनावी अभियान पर नजर रखने के लिए बनाया वॉर रूम



**चेन्नई , एजेंसी।** द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (डीएमके) ने 2024 के आम चुनाव से पहले चुनाव कार्यों के समन्वय के लिए एक वॉर रूम की घोषणा की है। पार्टी द्वारा रविवार को जारी एक आधिकारिक बयान में इसकी जानकारी दी गई। चुनाव के लिए बने वॉर रूम के अलावा पार्टी के कई कार्यभार भी सौंपे गए। डीएमके के सह-संगठन सचिव अनबगम कलाई बूथ समिति और निर्वाचन क्षेत्र समन्वयकों का समन्वय करेंगे और चुनावी अभियान पर नजर रखेंगे। इसी तरह, डीएमके के उप आयोजन सचिव ऑस्टिन मीडिया और स्टार प्रचारकों का समन्वय करेंगे। इसी तरह, डीएमके के राज्यसभा सांसद और वकील एनआर एलंगो कानूनी पहलुओं और चुनाव आयोग से संबंधित मुद्दों का समन्वय करेंगे। डीएमके ने चुनाव कार्यों के समन्वय के लिए वॉर रूम में टीमों की एक सूची की भी घोषणा की है। वॉर रूम टीम में चुनाव आयोग और कानूनी टीम, कानून व्यवस्था से संबंधित अनुमति और जिला समन्वयक शामिल थे। इससे पहले, लोकसभा चुनाव से पहले इस साल जनवरी में डीएमके सांसद कनिमोझी के नेतृत्व में 11 सदस्यीय चुनाव घोषणापत्र तैयारी समिति का गठन किया गया था। समिति के अन्य सदस्यों में मंत्री पीडीआर पलानीवेल त्यागराजन, डीआरपी राजा, टीकेएस इलंगोवन, एकेएस विजयन, कोवी चेलिशियन, राजेशकुमार, एज़िलारासन, अब्दुल्ला, एजिलान और मेयर प्रिया शामिल हैं।

## आशीष मिश्रा की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में सोमवार को होगी सुनवाई, अंतरिम जमानत पर हैं पूर्व मंत्री

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट सोमवार को लखीमपुर खीरी हिंसा मामले में आशीष मिश्रा की याचिका पर सुनवाई करेगा। आशीष मिश्रा हिंसा मामले में अंतरिम जमानत पर हैं। सुप्रीम कोर्ट की वेबसाइट पर प्रकाशित सूची के अनुसार, जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ इस मामले पर 12 फरवरी को सुनवाई करेगी। सितंबर 2023 में सुप्रीम कोर्ट ने केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय कुमार मिश्रा के बेटे को इस तथ्य पर विचार करते हुए दिल्ली में रहने की अनुमति दी कि आशीष मिश्रा की मां दिल्ली के एक अस्पताल में भर्ती हैं और उनकी बेटी को भी चिकित्सा उपचार की जरूरत है। हालांकि, कोर्ट ने मिश्रा से दिल्ली में किसी भी सार्वजनिक समारोह में भाग नहीं लेने और इस मुद्दे पर मीडिया से बातचीत नहीं करने को कहा है। सुप्रीम कोर्ट ने पिछले साल जनवरी में मिश्रा को अंतरिम जमानत देते हुए कई शर्तें लगाई थीं।

# अस्पताल में ट्रेनिंग करने गए मेडिकल स्टूडेंट्स, बनाने लगे रील्स, 38 के खिलाफ ऐक्शन



**बेंगलुरु, एजेंसी।** रील्स बनाने का वायरल बुखार चल पड़ा है, ऐसा कहना गलत नहीं होगा। कर्नाटक के गडग इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस के स्डूटेंट्स का एक रील वायरल हो रहा है। इस इंस्टाग्राम रील की टैग लाइन रील इट, फील इट थी। मगर, हॉस्टिपल के अंदर रील बनाना इन 38 मेडिकल स्टूडेंट्स को भारी पड़ गया और अब ये जुर्माने का सामना कर रहे हैं। अस्पताल नियमों का उल्लंघन करने पर हॉस्पिटल मैनेजमेंट की ओर से ऐक्शन लिया गया है और इन छात्रों की हाउसमैनशिप ट्रेनिंग 10 दिन के लिए बढ़ा दी गई है।

गडग इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस के डायरेक्टर डॉ. बसवराज बोम्मनहल्ली का इस मामले को लेकर बयान आया है। उन्होंने कहा, अस्पताल परिसर में 38 छात्रों ने मिलकर इंस्टाग्राम रील बनाई है। इन लोगों ने नियमों को तोड़ा है। अगर उन लोगों को रील बनानी थी तो वे ऐसा हॉस्पिटल के बाहर कर सकते थे। अस्पताल के अंदर ऐसा करने से मरीजों को दिक्कत होती है।

इसीलिए हमने इस तरह की इजाजत नहीं दी है। डायरेक्टर बसवराज ने कहा कि यह प्री-ग्रेजुएशन समारोह के लिए रिकॉर्ड किया गया जा रहा था। हमारी ओर से मामले का संज्ञान लिया गया है और सजा के तौर पर उनकी ट्रेनिंग बढ़ा दी है। कुछ दिनों पहले कर्नाटक के चित्रदुर्ग जिले में सरकारी अस्पताल के ऑपरेशन थिएटर के अंदर प्री-वेडिंग फोटोशूट कराया गया था। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद एक डॉक्टर को सर्विस से बर्खास्त कर दिया गया। भरमसागर क्षेत्र के जिला अस्पताल में कॉन्ट्रैक्ट पर काम करने वाले डॉक्टर के फोटोशूट का वीडियो वायरल होने पर विवाद खड़ा हो गया था। राज्य के स्वास्थ्य मंत्री दिनेश गुंडू राव ने कहा, मैं पहले ही संबंधित चिकित्सकों और कर्मचारियों को सावधान रहने का निर्देश दे चुका हूं ताकि सरकारी अस्पतालों में इस तरह का दुर्व्यवहार न हो। सभी को यह याद रखना चाहिए सरकार ऐसी चिकित्सा सुविधाएं आम लोगों के स्वास्थ्य के देखभाल के लिए प्रदान करती है।

# चीन ने अपने हक में झूठे प्रचार के लिए 30 देशों में फैलाया जाल, 23 वेबसाइट कर रही मदद

**बीजिंग, एजेंसी।**
चीन के दक्षिणी शहर शेन्ज़ेन में चीनी कंपनी कथित तौर पर बीजिंग समर्थक एजेंडे को आगे बढ़ाने में कम से कम 123 वेबसाइटों की सहायता कर रही है। रिपोर्ट के अनुसार, वेबसाइटें चीन में चल रही थीं, लेकिन दुष्प्रचार फैलाने के लिए लैटिन अमेरिका सहित यूरोप, एशिया के 30 देशों में स्थानीय मीडिया आउटलेट के रूप में काम कर रही थीं। रेडियो फ्री एशिया ने एक हालिया शोध का हवाला देते हुए बताया कि टोरंटो विश्वविद्यालय द्वारा किए गए एक हालिया अध्ययन में दावा किया गया है कि शेन्ज़ेन हैमाइयुनक्सियांग मीडिया कंपनी (हैमाई), व्यापार और राजनीति के क्षेत्र में चीन-समर्थक प्रचार को आगे बढ़ाने में शामिल थी। कंपनी को 2022 में अमेरिका की पूर्व हाउस स्पीकर नैन्सी पेलोसी और ताइवान की राष्ट्रपति त्साई इंग-वेन के बीच हुई बैठक की रिपोर्टों को बदनाम करने के लिए भी जिम्मेदार



पाया गया था। उस समय चीन और अमेरिका के बीच संबंध अत्यधिक संवेदनशील थे।

आरएफए रिपोर्ट में कहा गया है कि टोरंटो विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं ने पेपरवॉल नामक एक अभियान के तहत संदिग्ध वेबसाइटों को ट्रैक करने के लिए डोमेन नेम सिस्टम नामक एक तकनीक का इस्तेमाल किया, जिसका उद्देश्य चीनी फर्म हैमाई के बारे में जानकारी इकट्ठा करना था, जिसका शेन्ज़ेन शहर में वाणिज्यिक पंजीकरण है। रिपोर्ट में सिंग ताओ डेली के ब्रिटिश कोलंबिया संस्करण के पूर्व प्रधान संपादक विक्टर हो को उद्धृत किया गया है। विक्टर हो के अनुसार, बीजिंग का विदेशों में जनमत युद्ध लड़ने का एक लंबा इतिहास है। कनाडा में कई तटस्थ चीनी भाषा के मीडिया हैं जो बीजिंग के बड़े विदेशी प्रचार को बढ़ावा देते हैं, लेकिन आम लोगों के लिए इसे समझना मुश्किल है। विक्टर हो ने कहा कि मिंग पाओ, सिंग ताओ डेली, टुडे कमर्शियल न्यूज, चाइनीज कैनेडियन टाइम्स, दावा न्यूज, हेल्थ टाइम्स और न्यू स्टार टाइम्स जैसे चीनी कम्युनिस्ट पार्टी (सीसीपी) समर्थक मीडिया हाउस कनाडा में काम कर रहे हैं, जिनका इससे कोई संबंध नहीं है। हो ने कहा, ये सभी कनाडा में स्थानीयकृत नाम हैं। कनाडा में सीसीपी के 20 से 30 विदेशी प्रचार मीडिया आउटलेट हैं, जो चीनी समुदाय और कई विदेशी चीनी, या चीनी कनाडाई लोगों की सीसीपी के प्रति धारणा बनाते हैं।

## मां ने गलती से सुलाने के लिए 'ओवन' में रख दिया बच्चा, हो गई मौत

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका में एक मां की लापरवाही दिल दहलाने वाली घटना सामने आई है। अमेरिका के मिजूरी में लापरवाह मां मारियाह थॉमस ने अपने शिशु को सुलाने के लिए उसे पालने के बजाय गलती से 'ओवन (खाद्य सामग्री बनाने या उन्हें गर्म करने के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला उपकरण) में रख दिया जिसके कारण उसकी मौत हो गई। हैरत की बात ये थी कि ओवन ऑन भी था।

पुलिस ने जांच शुरू की तो महिला ने बताया कि रात को बच्चे को दूध पिलाने के बाद वह उसे पालने में सुलाने लगी लेकिन पता नहीं कैसे उसने गलती से बच्चे को ओवन में डाल दिया। सुबह जब उसी नींद खुली तो उसे ध्यान आया कि उसने तो गलती से बच्चे को ओवन में ही सुला दिया था। जैसे ही उसने ओवन खोलकर देखा तो बच्चा उसमें झुलस चुका था। तुरंत उसने बच्चे को अस्पताल पहुंचाया लेकिन तब तक बच्चे की मौत हो चुकी थी।

पोस्टमार्टम में इस बात का खुलासा हुआ है कि बच्चे की मौत दम घुटने और जलने से हुई है.पुलिस को शुक्रवार दोपहर को एक शिशु के सांस नहीं लेने की जानकारी मिली थी। इस घटना के संभावित कारण संबंधी अदालती बयान में कहा गया है कि बच्चे के शरीर पर जलने के निशान थे और उसे मृत घोषित कर दिया गया। बयान में कहा गया है कि सूचना मिलने पर घटनास्थल पर पहुंचे अधिकारियों को एक गवाह ने बताया कि मां ने ''बच्चे को सुलाने के लिए पालने के बजाय गलती से ओवन में रख दिया।


बयान में यह नहीं बताया गया कि इस प्रकार की गलती कैसे हुई। जैक्सन काउंटी में अभियोजन पक्ष के वकील जीन पीटर्स बेकर ने एक बयान में कहा, ''यह अत्यंत त्रासदीपूर्ण घटना हैं और हम एक अनमोल जीवन के खोने से दुखी हैं। हमें भरोसा है कि आपराधिक न्याय प्रणाली इस भयानक घटना को लेकर उचित कार्रवाई करेगी।

# इजरायल गाजा में शेष बचे हमास के ऑपरेटिव बटालियनों को खत्म करना चाहता है

**गाजा, एजेंसी।** गाजा पर जारी हमले के बीच प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के पहले की तुलना में अधिक खतरनाक हो चुके हैं। उनका मानना है कि अंतरराष्ट्रीय दबाव को देखते हुए इजरायल के पास राफा में अपने ऑपरेशन को पूरा करने के लिए केवल एक महीना बचा है। आपको बता दें कि राफा ऑफरेशन के जरिए इजरायल गाजा में शेष बचे हमास के ऑपरेटिव बटालियनों को खत्म करना चाहता है। अब उन्होंने इसके लिए समय तय कर दिया है।

चैनल 12 की रिपोर्ट के अनुसार, प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने हाल ही में युद्ध में शामिल सैन्य अधिकारियों को आदेश देते हुए कहा कि गाजा के सबसे दक्षिणी शहर में जारी ऑपरेशन को मुस्लिमों के पवित्र महीना रमजान के पहले पूरा करना होगा। आपको बता दें कि इस साल 10 मार्च से रमजान शुरू होने वाला है।

राफा ऑपरेशन पर चर्चा के दौरान आईडीएफ



चीफ ऑफ स्टाफ हर्जी हलेवी ने नेतन्याहू को बताया कि इजरायल रक्षा बल ऑपरेशन के लिए तैयार थे, लेकिन सरकार को पहले यह तय करने की आवश्यकता थी कि वह क्या करना चाहती है। विस्थापित गाजावासी वहां शरण लिए हुए हैं।

इजरायल की ओर से किए गए हवाई हमलों में शुक्रवार देर रात गाजा पट्टी के राफा क्षेत्र में कम से कम 44 फलस्तीनी मारे गए। ये हमले इजरायल के प्रधानमंत्री के उस बयान के कुछ घंटों बाद किए गए, जिसमें उन्होंने जमीनी हमले से पहले दक्षिणी गाजा शहर से हजारों लोगों को निकालने के लिए सेना से योजना तैयार करने को कहा था। बेंजामिन नेतन्याहू ने इस योजना को लेकर न तो विवरण दिया और न ही समय की जानकारी दी, लेकिन इस घोषणा से दहशत फैल गई।

इजरायल द्वारा क्षेत्र को खाली करने के लिए बार-बार जारी किए जा रहे आदेश के बाद गाजा के 23 लाख लोगों में से आधे से अधिक राफा की ओर चले गए हैं। नेतन्याहू और बाइडन प्रशासन के बीच चल रही तनातनी के दौर में ही जमीनी हमलों की योजना बनाई गई। अमेरिकी अधिकारियों का कहना है कि वहां रह रहे लोगों के लिए कोई योजना बनाए बिना राफा में जमीनी हमला करने से बड़ी जनहानि होगी। हाल के सप्ताह में लोगों ने कहा था कि खान यूनिस शहर में जमीनी हमले शुरू होने के बाद उन्होंने राफा में आश्रय लिया हुआ है, इसके बावजूद इजरायल की ओर से प्रतिदिन ही हवाई हमले किए जा रहे हैं। शुक्रवार रात राफा क्षेत्र में घरों पर किए गए तीन हवाई हमलों में 10 बच्चों समेत 44 लोगों की मौत हो गई, जिनमें सबसे कम उम्र का बच्चा तीन माह का था। गाजा में स्वास्थ्य मंत्रालय के प्रवक्ता अशरफ अल किदरा ने बताया कि खान यूनिस में जमीनी हमले के तहत इजरायली सेना ने क्षेत्र के सबसे बड़े नासिर अस्पताल को निशाना बनाया, जिसमें कम से कम एक व्यक्ति की मौत हो गई और कई घायल हो गए। सीरिया की राजधानी दमिश्क के पश्चिमी इलाकों को इजरायल ने आधी रात के बाद निशाना बनाकर मिसाइल से हमला किया। प्रत्यक्षदर्शियों और स्थानीय मीडिया ने शनिवार तड़के यह जानकारी दी। सरकार समर्थक अल-वतन समाचार आउटलेट ने कहा कि दमिश्क के पश्चिमी ग्रामीण इलाकों में जोरदार विस्फोटों की आवाज सुनी गई।

## ट्रंप ने निक्की हेली के पति का उड़ाया मजाक; भारतीय अमेरिकी बोलीं- उन्हें राष्ट्रपति बनने का अधिकार नहीं

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** रिपब्लिकन पार्टी की तरफ से राष्ट्रपति पद के दावेदार डोनाल्ड ट्रंप ने अपनी प्रतिद्वंदी निक्की हेली पर निशाना साधा है और उनके पति की चुनाव प्रचार में गैरमौजूदगी पर सवाल उठाए हैं। निक्की हेली के पति अमेरिकी सेना में मेजर हैं और इन दिनों वे अफ्रीका में तैनात हैं। यही वजह है कि निक्की हेली ने भी डोनाल्ड ट्रंप पर पलटवार किया है और कहा है कि जो व्यक्ति सेना और सैनिकों के परिजनों का सम्मान नहीं कर सकता, उसे राष्ट्रपति बनने का अधिकार नहीं होना चाहिए। निक्की हेली के पति मेजर माइकल हेली अमेरिकी सेना में अधिकारी हैं और फिलहाल वह 218 मैनुवर एनहेंसमेंट ब्रिज का हिस्सा हैं, जो हॉर्न ऑफ अफ्रीका को मदद देती है। माइकल हेली जून में मिशन पर गए थे। हाल ही में साउथ कैरोलाइना में एक रैली के दौरान डोनाल्ड ट्रंप ने निक्की हेली पर सवाल उठाया, जिसमें उन्होंने पूछा कि उनके (निक्की हेली) पति कहां हैं उनके पति को क्या हुआ क्या वह भाग गए हैं डोनाल्ड ट्रंप को शायद पता नहीं था कि निक्की हेली के पति सेना में हैं।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद
(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/ 49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129